रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 13, संवत 2081 | रांची, शुक्रवार, 29 नवंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 294, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



# 24 साल, 14 सीएम, हेमंत के सिर चौथी बार ताज

## 56 सीटों का प्रचंड बहुमत

राजद 04 | झामुमो 34 | कांग्रेस 16 | भाकपा माले 02



### पीएम मोदी ने हेमंत सोरेन को दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता हेमंत सोरेन को बधाई देते हुये नए कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर हेमंत सोरेन को बधाई। उनके आगे के कार्यकाल के लिए उन्हें शुभकामनाएं।

# मैं हेमंत सोरेन...

सत्य निष्ठा से प्रतिज्ञान करता हूं कि मैं विधि द्वारा स्थापित भारत के संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा रखूंगा। मैं भारत की प्रभुता एवं अखंडता अक्षुण्ण रखूंगा। मैं झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कर्तव्यों का पालन करूंगा..... इसके साथ ही गुरुवार का दिन झारखंड की राजनीति में स्वर्ण अक्षरों से अंकित हो गया।

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** झारखंड की राजनीति में गुरुवार का दिन ऐतिहासिक रहा। इंडिया गठबंधन के लगभग सभी दिग्गजों की उपस्थिति में हेमंत सोरेन ने रिकार्ड बहुमत की मजबूती के साथ चौथी बार राज्य की कमान थाम ली। रांची के मोरहाबादी मैदान में गुरुवार को आयोजित भव्य समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने हेमंत सोरेन को 4 बजकर 10 मिनट पर पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। चर्चा के विपरीत हेमंत सोरन ने शपथ ग्रहण समारोह में अकेले ही शपथ ली। माना जा रहा है कि विधानसभा में विश्वासमत हासिल करने के बाद हेमंत सोरेन सरकार में विधायकों को मंत्री के रूप में शामिल किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान वहीं राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी और राज्यपाल के प्रधान सचिव नीतिन मदन कुलकर्मी मौजूद रहे। बताते चलें कि झारखंड राज्य की स्थापना के 24 साल में अब तक कुल 14 मुख्यमंत्री शपथ ले चुके हैं। हेमंत सोरेन के चौथीबार मुख्यमंत्री पद व गोपनीयता की शपथ लेने के साथ राजनीतिक रिकॉर्ड बन गया। राज्य के 24 वर्ष के इतिहास में अब तक चार बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले वह पहले राजनेता बन गए हैं। उनके पिता शिबू सोरेन और भारतीय जनता पार्टी के अर्जुन मुंडा तीन-तीन बार मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठ चुके हैं। प्रदेश में 2009-2013 के बीच तीन बार राष्ट्रपति शासन भी लग चुका है। इसके अलावा शिबू सोरेन सिर्फ 10 दिन के लिए मुख्यमंत्री बने। निर्दलीय विधायक मधु कोड़ा भी मुख्यमंत्री का पद संभाल चुके हैं। वहीं रघुवार दास पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करने वाले अब तक के एकमात्र मुख्यमंत्री हैं।





### शपथ लेने से पहले हेमंत ने लिया मां-पिता का आशीर्वाद

मोहराबादी मैदान पर शपथ लेने जाने से पहले हेमंत सोरेन ने अपने पिता शिबू सोरेन और मां रूपी सोरेन से आशीर्वाद लिया और उन्हें शपथ ग्रहण समारोह में साथ ले गए। हेमंत के साथ उनकी पत्नी व गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने भी अपने सास-ससुर से आशीर्वाद लिया।

### ये रहा... हेमंत का चौका



1. हेमंत सोरेन पहली बार **13 जुलाई 2013** को मुख्यमंत्री बने थे। वे इस पद पर **28 दिसंबर 2014** तक रहे।
2. **29 दिसंबर 2019** को हेमंत फिर सीएम बने। वे इस पद पर दो फरवरी **2024** तक रहे।
3. हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद चंपाई सोरेन मुख्यमंत्री बने, जो दो फरवरी से चार जुलाई **2024** तक मुख्यमंत्री पद पर रहे। हेमंत ने तीसरी बार **4 जुलाई, 2024** को सीएम पद की शपथ ली।
4. **हेमंत ने चौथी बार 28 नवंबर को 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।**

### कौन कितने समय तक रहा मुख्यमंत्री

1. **बाबूलाल मरांडी-** 15 नवंबर 2000 से 18 मार्च 2003
2. **अर्जुन मुंडा-** 18 मार्च 2003 से दो मार्च 2005
3. **शिबू सोरेन-** दो मार्च 2005 से 12 मार्च 2005
4. **अर्जुन मुंडा-** 12 मार्च 2005 से 18 सितंबर 2006
5. **मधु कोड़ा-** 18 सितंबर 2006 से 28 अगस्त 2008
6. **शिबू सोरेन-** 28 अगस्त 2008 से 18 जनवरी 2009
7. **शिबू सोरेन-** 30 दिसंबर 2009 से 31 मई 2010
8. **अर्जुन मुंडा-** 11 सितंबर 2010 से 18 जनवरी 2013
9. **हेमंत सोरेन-** 13 जुलाई 2013 से 23 दिसंबर 2014
10. **रघुवर दास-** 29 दिसंबर 2014 से 28 दिसूंर 2019
11. **हेमंत सोरेन-** 29 दिसंबर 2019 से 31 जनवरी 2024
12. **चंपाई सोरेन-** 2 फरवरी 2024 से तीन जुलाई 2024
13. **हेमंत सोरेन-** 04 जुलाई 2024 से 27 नवंबर, 2024 तक
14. **हेमंत सोरेन** - 28 नवम्बर, 2024.

## हमारा संघर्ष जारी है और आखिरी सांस तक रहेगा

“ आज का दिन राजनीतिक जीत का नहीं, सामाजिक न्याय और एकता को प्रखर करने की हर रोज लड़ी जानी वाली लड़ाई को दोहराने का दिन है

**रांची।** शपथ ग्रहण समारोह के पूर्व झारखंड के कार्यवाहक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि आज का दिन ऐतिहासिक होगा। एक ऐसा दिन जो हमारे सामूहिक संघर्ष, प्रेम-भाईचारे की भावना और न्याय के प्रति हम झारखंडियों के प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगा। हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर गुरुवार को पोस्ट पर लिखा है कि झारखंड की महान धरा ने हमेशा से विरोध और संघर्ष को जन्म दिया है और झामुमो भगवान बिरसा, भगवान सिदो-कान्हू, अमर शहीद तेलंगा खड़िया, फूलो- झानो, पोटो हो, शेख भिखारी समेत अनगिनत वीरों के संघर्षों से भरी उसी विरासत को समेटे हर दिन आगे बढ़ रहा है। हेमंत सोरेन ने लिखा है कि आज का यह दिन राजनीतिक जीत के बारे में नहीं है, आज का यह दिन हमारी सामाजिक न्याय के प्रति संघर्ष, सामाजिक एकता को प्रखर करने की हर रोज लड़ी जानी वाली लड़ाई को दोहराने का दिन है।

शेष पेज 11 पर

## मुख्य अवर सचिव बने अविनाश कुमार, अनुराग गुप्ता प्रभारी डीजीपी

**रांची।** मुख्यमंत्री पद का शपथ लेने के बाद हेमंत सोरेन ने अविनाश कुमार को झारखंड सरकार के अपर मुख्य सचिव का प्रभार दिया है। कार्मिक विभाग ने इसका आदेश भी जारी कर दिया है। इसके अनुसार ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, विकास आयुक्त, सीएमडी ऊर्जा विकास निगम, मुख्य स्थानिक आयुक्त झारखंड भवन के भी अतिरिक्त प्रभार में भी रहेंगे।

शेष पेज 11 पर

इंडिया

# 12 साल जायदाद से रहे बेखबर तो हो सकते हैं बेदखल



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

जमीन जायदाद से जुड़े कानूनों का अधिकतर लोगों को पता नहीं होता और इसी कारण वे अक्सर बड़ी समस्या में फंस जाते हैं ऐसे ही प्रॉपर्टी पर कब्जे से जुड़े विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया । सुप्रीम कोर्ट के फैसले में बताया गया है कि कब्जाधारी किस स्थिति में प्रोपर्टी पर अपने मालिकाना हक का दावा ठोक सकता है। सर्वोच्च अदालत ने आदेश में निजी और सरकारी दोनों प्रॉपर्टी का जिक्र किया है।घर का किराया एक स्थायी आय होती है और इसलिए लोग प्रॉपर्टी में पैसे लगाते हैं। घर, दुकान या जमीन खरीदते हैं। खरीदने के बाद किराए पर भी चढ़ा देते हैं। कई बार मालिक किराए पर दिए अपनी प्रॉपर्टी की सुध नहीं लेते, विदेश चले जाते हैं या देश में रहते हुए केवल अपने कामों में व्यस्त रहते हैं। उन्हें केवल किराए से मतलब होता है जो हर महीने उनके बैंक खाते में पहुंच जाता है। लेकिन किराए पर देते समय और किराए पर चढ़ाने के बाद भी मालिक को कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए, नहीं तो प्रॉपर्टी से हाथ धोना पड़ सकता है !अंग्रेजों का बनाया एक कानून है- प्रतिकूल कब्जा इसके अनुसार लगातार 12 साल तक रहने के बाद किराएदार उस प्रॉपर्टी पर कब्जे का दावा कर सकता है। लेकिन इसकी कुछ शर्तें भी हैं जैसे- मकान मालिक ने लगातार 12 साल की अवधि में कभी उस कब्जे को लेकर कोई रोक-टोक न की हो।

यानी प्रॉपर्टी पर किराएदार का कब्जा लगातार रहा हो। कोई रुकावट नहीं को किराएदार प्रॉपर्टी की डीड,पानी बिल, बिजली बिल जैसी चीजें सबूत के तौर पर पेश कर सकता है। सर्वोच्च न्यायालय ने जमीन से जुड़े विवाद में ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए कहा है कि 12 साल तक जमीन पर जिसका कब्जा होगा, वही अब जमीन का मालिक माना जाएगा। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा है कि अगर 12 साल तक उस जमीन पर कोई मालिकाना हक नहीं जताता तो जिसने उस जमीन पर कब्जा किया है, उसे ही उसका मालिक माना जाएगा। हालांकि सुप्रीम कोर्ट का ये फैसला निजी जमीन से जुड़ा है सरकारी जमीन पर ये फैसला लागू नहीं होगा। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने जमीन को लेकर साल 2014 में दिए अपने ही फैसले को पलट दिया है । जस्टिस अरुण मिश्रा, जस्टिस एस अब्दुल नजीर और जस्टिस एमआर शाह की बेंच ने 2014 के फैसले को पलटते हुए कहा कि अगर कोई किसी जमीन पर दावा नहीं करता है और किराएदार 12 साल से लगातार उस जमीन पर रह रहा है तो वो उस जमीन का मालिक बन जाएगा। 2014 में कोर्ट ने कहा था कि प्रतिकूल कब्जे वाला व्यक्ति जमीन पर कब्जे का दावा नहीं कर सकता।



कोर्ट ने ये भी कहा था कि अगर जमीन का मालिक कब्जाधारी से जमीन वापस लेना चाहता है तो कब्जाधारी को वो जमीन वापस करनी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि भारतीय कानून किसी व्यक्ति को 12 साल तक किसी जमीन पर अपना हक जताने का अधिकार देता है. अगर कोई जमीन विवादित है तो व्यक्ति उस पर अपना अधिकार जताते हुए 12 साल के भीतर मुकदमा दायर कर सकता है और अदालत से उसे वापस पा सकता है। लिमिटेशन एक्ट, 1963 के तहत निजी संपत्ति पर मालिकाना हक का दावा करने का समय 12 साल है, जबकि सरकारी जमीन पर ये सीमा 30 साल है। जबरन कब्जे की शिकायत 12 साल के अंदर करनी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में स्पष्ट किया 12 साल तक जमीन पर कब्जा बरकरार रहने और मालिक की ओर से आपत्ति नहीं जताने की स्थिति में वो संपत्ति कब्जा करने वाले व्यक्ति की हो जाएगी. अगर कब्जेदार को जबरन संपत्ति से बेदखल किया जाता है तो वो 12 साल के भीतर मुकदमा दायर कर सकता है और अपने हितों की रक्षा कर सकता है। सिर्फ वसीयत या पावर ऑफ अटॉर्नी से आप किसी संपत्ति के मालिक नहीं बन सकते। उपाय यह है कि अपना घर किराए पर देते समय 11 महीने का ही रेंट एग्रीमेंट बनवाएं। हालांकि 11 महीने बाद इसका नवीकरण किया जा सकता है। इससे फायदा ये होगा कि इससे निरंतरता टूट जाएगी और किराएदार शांतिपूर्ण कब्जे का दावा नहीं कर पाएगा।

### पहले कैबिनेट में सात प्रस्तावों पर मुहर

## सदन का विशेष सत्र 9 से 12 दिसंबर तक, स्टीफन होंगे प्रोटेम स्पीकर

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को पहली कैबिनेट में



विधानसभा के विशेष सत्र के आयोजन की स्वीकृति दे दी है। विधानसभा का विशेष सत्र 9 दिसंबर से 12 दिसंबर तक चलेगा। इस सत्र में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार का विश्वास मत हासिल करेंगे।

विशेष सत्र के लिए स्टीफन मरांडी को प्रोटेम स्पीकर बनाया गया है। इस कैबिनेट में कुल सात निर्णय लिए गए। कैबिनेट की बैठक के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रोजेक्ट भवन में पत्रकारों को कैबिनेट में लिए गए फैसलों की जानकारी दी। मंत्रिमंडल विस्तार की संभवना पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि जल्द ही झारखंड में बहुमत की सरकार का गठन होगा, एक-दो दिनों के अंदर ही मंत्रिमंडल का विस्तार संभव है। सरकार बहुत ही मजबूती से आने वाले दिन में काम करेगी।

**खनन पर लगने वाले टैक्स के दरों में वृद्धि होगी :** मुख्यमंत्री सोरेन ने बताया कि राज्य का राजस्व बढ़ाने पर खनन के विभिन्न दरों की समीक्षा की जाएगी। खनन पर लगने वाले टैक्स को बढ़ाने पर विचार किया जाएगा, इसके लिए कमेटी बनेगी।

शेष पेज 11 पर

*चुनाव में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाले झामुमो, कांग्रेस, राजद गठबंधन को 56 सीटें हासिल हुईं। झामुमो को 34 कांग्रेस को 16, राजद को चार और भाकपा माले को दो सीटों पर जीत मिली है।*




रांची के मोहराबादी मैदान में गुरुवार को हेमंत सोरेन ने झारखंड के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।




**शपथ ग्रहण करने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के मोरहाबादी स्थित सिदो-कान्हू उद्यान में अमर वीर शहीद सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद रांची के बिरसा चौक स्थित धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर सीएम हेमंत सोरेन ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ उनकी पत्नी गांडेय विधायक कल्पना सोरेन भी मौजूद थीं।**

## बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन को दी शुभकामनाएं



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को हेमंत सोरेन को राज्य के चौथी बार मुख्यमंत्री बनने पर शुभकामनाएं दी हैं। मरांडी ने एक बयान जारी कर कहा कि उम्मीद है कि हेमंत सोरेन चुनाव के समय जनता से किए गए हर वादे को दृढ़ता से धरातल पर उतारेंगे।

## राजनीतिक व्यस्तता के बावजूद पापा-मम्मी करते हैं हमें बेहद प्यार : निखिल



**रांची (हि. स.)।** शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दोनों पुत्र निखिल और अंश भी पहुंचे थे। वहीं, विधायक कल्पना सोरेन की मां भी मोरहाबादी मैदान पहुंची थीं। अपने पापा को एक बार फिर से मुख्यमंत्री बनने पर बड़ा बेटा निखिल ने कहा कि मां ने भी राजनीति में अच्छा कदम बढ़ाया है। मम्मी को राजनीति में देखकर अच्छा लग रहा है। निखिल ने कहा कि मेरे मम्मी-पापा दुनिया के बेस्ट मम्मी-पापा हैं। राजनीतिक व्यस्तता के बाबजूद पापा-मम्मी हमें बेहद ही प्यार करते हैं।

## गठबंधन के नेताओं का पारंपरिक तरीके से हुआ भव्य स्वागत

**रांची।** शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने रांची पहुंचे आईएनडीआईए के नेताओं का पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया गया। वहीं, इन नेताओं की अगुआई मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी गांडेय से नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन ने की। कल्पना सोरेन ने राहुल गांधी से लेकर गठबंधन के सभी बड़े नेताओं का स्वागत किया। उन्हें मंच तक लेकर गईं। इनमें नेता प्रतिपक्ष, लोकसभा राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, तमिलनाडु के उप मुख्यमंत्री उदय स्टालिन, कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, तेलंगाना के उप मुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद शिबू सोरेन, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष, बिहार विधानसभा तेजस्वी यादव, लोकसभा सदस्य पप्पू यादव, राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा एवं अन्य शामिल थे।

### हेमंत सोरेन ने सियासी कौशल और संघर्ष से हासिल किया बड़ा मुकाम

# झारखंड के राजनीतिक स्कोर बोर्ड पर बनाया नया रिकॉर्ड

- पिता शिबू सोरेन की विरासत को शानदार ढंग से संभाला
- पहली बार वर्ष 2013 में बने थे झारखंड के मुख्यमंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

49 वर्षीय हेमंत सोरेन ने गुरुवार को चौथी बार झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उन्हें राजनीति में विरासत की देन माना जा सकता है, लेकिन उन्होंने 21 वर्षों में अपने सियासी कौशल और संघर्ष से यह मुकाम हासिल किया है। उनके राजनीतिक करियर में उनके तेवर और व्यक्तित्व का भी बड़ा योगदान है, जो उन्हें सफल बनाया है।

हेमंत सोरेन के पिता शिबू सोरेन के नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने जो राजनीतिक जमीन बनाई, उसे हेमंत सोरेन ने सिर्फ शानदार ढंग से संभाला है। उन्होंने झारखंड के चुनावी स्कोर बोर्ड पर भी कई शानदार रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।




हेमंत सोरेन का जन्म 10 अगस्त, 1975 को झारखंड के तत्कालीन हजारीबाग जिले के गोला प्रखंड के अंतर्गत नेमरा गांव में शिबू सोरेन और रूपी सोरेन की तीसरी संतान के रूप में हुआ। उन दिनों शिबू सोरेन अलग झारखंड राज्य की मांग और लड़ाई को धार देने के लिए नवगठित झामुमो को एक पार्टी के तौर पर स्थापित करने में जुटे थे। हेमंत सोरेन ने स्कूल की शुरूआती पढ़ाई बोकारो सेक्टर-4 के सेंट्रल स्कूल से की। बाद में उनके पिता शिबू सोरेन बिहार विधानसभा के सदस्य चुने गए, तो उनका दाखिला पटना के एमजी हाई स्कूल में करा दिया गया। वहीं से उन्होंने 1990 में मैट्रिक की परीक्षा पास की। 1994 में इंटरमीडिएट की पढ़ाई भी उन्होंने पटना में ही की। इसके बाद रांची के बीआईटी (मेसरा) में मैकेनिकल इंजीनियरिंग में दाखिला लिया, लेकिन उन्होंने पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी।

राजनीति में उन्होंने वर्ष 2003 में कदम रखा। इसी साल झामुमो की छात्र इकाई झारखंड छात्र मोर्चा के अध्यक्ष बने। वर्ष 2005 में उन्होंने दुमका विधानसभा सीट से झामुमो उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ा, लेकिन स्टीफन मरांडी ने उन्हें पराजित कर दिया। मई, 2009 में शिबू सोरेन के बड़े पुत्र और हेमंत सोरेन के बड़े भाई दुर्गा सोरेन का आकस्मिक निधन हो गया। दुर्गा सोरेन को शिबू सोरेन का स्वाभाविक राजनीतिक उत्तराधिकारी माना जा रहा था। उनके निधन के बाद हेमंत सोरेन शोक संतप्त पिता के संबल बने।

जून, 2009 में उन्हें झामुमो की ओर से राज्यसभा भेजा गया। इसी साल हुए विधानसभा चुनाव में वह दुमका सीट से विधायक चुने गए और इसके बाद राज्यसभा से त्यागपत्र दे दिया। बड़े पुत्र के निधन से मानसिक तौर पर आहत शिबू सोरेन ने वर्ष 2009-10 में हेमंत सोरेन को झामुमो में अपने उत्तराधिकारी के तौर पर स्थापित करने की कोशिश शुरू कर दी थी। शिबू सोरेन के लिए हेमंत सोरेन को विरासत हस्तांतरित करना बड़ी चुनौती थी, क्योंकि पार्टी में उनके समकालीन स्टीफन मरांडी, साइमन मरांडी और चंपाई सोरेन जैसे कई बड़े नेता मौजूद थे। इन नेताओं के बजाय हेमंत सोरेन को नेतृत्व की कमान सौंपने का थोड़ा-बहुत आंतरिक विरोध हुआ, लेकिन अंततः शिबू सोरेन अपनी कोशिश में सफल रहे।

वर्ष 2010 के सितंबर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और झामुमो ने मिलकर झारखंड में सरकार बनाई। भाजपा के अर्जुन मुंडा सीएम बने और झामुमो के हेमंत सोरेन को डिप्टी सीएम की कुर्सी मिली। वह जनवरी 2013 तक इस पद पर बने रहे। हेमंत सोरेन ने पहला बड़ा सियासी दांव जनवरी, 2013 में खेला। उन्होंने सीएम अर्जुन मुंडा पर स्थानीय नीति और कई अन्य मुद्दों पर निर्णय न लेने का आरोप लगाते हुए उनकी सरकार से झामुमो का समर्थन वापस ले लिया। अर्जुन मुंडा की सरकार गिर गई। राज्य में करीब छह महीने तक राष्ट्रपति शासन रहा। इसके बाद कांग्रेस, राजद और झामुमो ने राज्य में सरकार बनाई।

हेमंत सोरेन ने पहली बार जुलाई 2013 में झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। सीएम के तौर पर हेमंत का पहला कार्यकाल करीब 17 महीने का रहा। 2014 के विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी की हार हुई और उन्हें सीएम की कुर्सी गंवानी पड़ी। झामुमो को इस चुनाव में 19 सीटें मिलीं, जो 2009 के विधानसभा चुनाव के मुकाबले मात्र एक ज्यादा थी। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष के तौर पर हेमंत सोरेन ने अपने सियासी व्यक्तित्व को नई धार दी। राज्य की तत्कालीन रघुवर दास सरकार के खिलाफ उन्होंने कई मुद्दे खड़े गए। खास तौर पर झारखंड में जमीन से जुड़े सीएनटी-एसपीटी कानून कानून में रघुवर सरकार की ओर से संशोधन को वह आदिवासियों की अस्मिता के सवाल से जोड़ने में कामयाब रहे। उन्हें इस मुद्दे पर आदिवासी समाज का व्यापक समर्थन मिला। उन्होंने सोशल मीडिया का भी बेहतर इस्तेमाल किया। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन ने कांग्रेस और राजद के साथ अपनी पार्टी का गठबंधन किया। इस गठबंधन ने कुल 47 सीटों पर जीत दर्ज कर रघुवर दास के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार को सत्ता से बेदखल कर दिया। फिर, 29 दिसंबर, 2019 को हेमंत सोरेन ने दूसरी बार सीएम पद की शपथ ली।

### बदला-बदला दिखेगा विधानसभा का नजारा

# पहली बार सदन पहुंचीं 12 महिला विधायक


कल्पना सोरेन


लुईस मरांडी

**रांची।** झारखंड विधानसभा के चुनाव में पहली बार आधी आबादी का पूरा असर चुनाव क्षेत्र से लेकर निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों में दिखाई दे रहा है। पुरुषों के मुकाबले महिलाओं ने मतदान के दौरान जहां जमकर मताधिकार का प्रयोग किया, वहीं राज्य में पहली बार सबसे अधिक 12 महिला विधायक निर्वाचित होकर विधानसभा पहुंची हैं। निर्वाचित महिला विधायकों में ज्यादातर पारिवारिक विरासत को आगे बढ़ा रही हैं, तो वहीं कइयों ने अपने बूते भी राजनीति में अपनी पहचान और धमक कायम की है। 12 में से सर्वाधिक पांच विधायक कांग्रेस से, तो भाजपा से चार और तीन महिला विधायक झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) से निर्वाचित हुई हैं। उल्लेखनीय है कि झारखंड गठन से अबतक 24 साल के दौरान राज्य की हर विधानसभा में महिला विधायकों की संख्या में क्रमिक बढ़ोतरी देखी गई है। वर्ष 2000 में यहां तीन महिला विधायक थीं, जबकि 2005 में यह संख्या बढ़कर आठ और 2014 में नौ हो गई। 2019 में 10 महिला विधायक निर्वाचित हुई थीं।

## 86 हजार वोटों के बड़े अंतर से जीतीं आलमगीर की पत्नी

कांग्रेस की निशत आलम को पाकुड़ सीट पर सबसे ज्यादा 86 हजार से ज्यादा वोटों के अंतर से जीत का श्रेय जाता है। टेंडर घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में जेल में बंद पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की पत्नी निशत आलम ने अपने पति की सीट पर पहली बार चुनाव लड़कर कामयाबी पाई। कद्दावर नेता स्वर्गीय समरेश सिंह की पुत्रवधू श्वेता सिंह बोकारो से भाजपा के बिरंची नारायण को हराकर निर्वाचित हुईं। महगामा विधानसभा क्षेत्र से पूर्व मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने भाजपा के अशोक कुमार को हराया है। विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर झामुमो में शामिल हुई पूर्व मंत्री लुईस मरांडी भी जामा सीट से निर्वाचित हुई हैं।

## सबसे प्रमुख चेहरा हैं कल्पना सोरेन

कल्पना सोरेन ने अपने दम पर राजनीति में काफी कम समय में मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने में सफलता पाई। इस वर्ष के आरंभ में पति की गिरफ्तारी के बाद उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में झारखंड मुक्ति मोर्चा का नेतृत्व संभाला। लोकसभा चुनाव के दौरान उन्होंने सघन प्रचार अभियान चलाया। इसी दौरान उन्होंने गांडेय विधानसभा क्षेत्र से उपचुनाव में जीत हासिल की। अभी संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में वह सत्तारूढ़ गठबंधन की प्रमुख स्टार प्रचारक के तौर पर उभरीं। उन्होंने गांडेय विधानसभा क्षेत्र से विधानसभा चुनाव लड़कर भाजपा प्रत्याशी को पराजित किया।

## रघुवर दास की बहू पूर्णिमा ने हराया डॉ अजय को

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की पुत्रवधू पूर्णिमा दास साहू की विधानसभा में पहली बार एंट्री होगी। उन्होंने जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र से कद्दावर कांग्रेसी नेता डॉ अजय कुमार को हराने में कामयाबी पाई। टिकट मिलने के बाद उन्होंने क्षेत्र में सघन अभियान चलाकर मतदाताओं को अपने पक्ष में मोड़ने में कामयाबी पाई।

### विधानसभा पहुंची हैं ये महिला विधायक

| विधायक - पार्टी | | |
|---|---|---|
| कल्पना सोरेन - झामुमो | श्वेता सिंह - कांग्रेस | नीरा यादव - भाजपा |
| लुईस मरांडी - झामुमो | दीपिका पांडेय सिंह - कांग्रेस | मंजू कुमारी - भाजपा |
| सविता महतो - झामुमो | ममता देवी - कांग्रेस | रागिनी सिंह - भाजपा |
| निशत आलम - कांग्रेस | शिल्पी नेहा तिर्की - कांग्रेस | पूर्णिमा दास साहू - भाजपा |

### शपथ ग्रहण में बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग

# अबुआ सरकार बनने से हैं प्रसन्न

**काजल मेहता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण समारोह में आईएनडीआई में शामिल सभी दलों के दिग्गजों के साथ झारखंड की जनता भी बड़ी संख्या में शामिल हुई। राज्य के लगभग सभी जिलों से बसों में सवार होकर समर्थक और कार्यकर्ता शपथ ग्रहण में शामिल होने आए थे। सभी अबुआ सरकार बनने से प्रसन्न थे। झामुमो की नेतृत्व वाली आईएनडीआई की सरकार फिर से बनने पर राष्ट्रीय नवीन मेल ने शपथ ग्रहण समारोह में आए समर्थकों और प्रशंसकों से बात की। कोडरमा जिले से आए चंद्रवंशी दीपक ने कहा कि खुशी की बात है फिर से अबुआ सरकार बनी है। उम्मीद है कि यह सरकार मंईयां सम्मान योजना को बढ़ावा देगी और व्यवसाय को भी बढ़ावा देगी। गोड्डा से आए कुंदन ने कहा, हमें अबुआ सरकार से उम्मीद है। इसीलिए पुनः अबुआ सरकार को हमने लाया है। पहले भ्रष्टाचार और बेरोजगारी चरम सीमा पर थी, लेकिन जब से हेमंत सरकार आई है, तब से सब सही हो गया है। धनेश्वर मुंडा ने कहा कि यह सरकार झारखंड का विकास करेगी। सरकार आम जनता की सभी जरूरतों को पूरा करेगी। शपथ ग्रहण में शामिल होने आए ओरमांझी के राकेश उरांव ने कहा, इस सरकार से बहुत उम्मीदें हैं। यह सरकार आम जनता की सभी जरूरतों को पूरा करेगी।

## सरकार से बहुत उम्मीदें हैं


कृष्ण प्रसाद

हजारीबाग के सिंदूर से सदर पंचायत के मुखिया कृष्ण प्रसाद ने कहा, यह सरकार हमारी लोकप्रिय सरकार है। पूरा यकीन है कि यह सरकार हमारे लिए 90/10 का नियोजन नीति बनाकर लाएगी। झारखंड में पलायन रोकने के लिए इन्हें फिर से हमने समर्थन दिया है। उन्होंने कहा, कल्पना सोरेन झारखंड वासियों की स्टार हैं और आने वाले समय में मुख्यमंत्री का भी रूप हैं। बीते पांच वर्षों पर उन्होंने कहा, पांच सालों में झारखंड सरकार कई रंजिशों में फंसी रही, जिस कारण वह जनता के लिए ज्यादा काम नहीं कर पाई। लेकिन, अगला पांच साल सरकार के पास फिर से है, जिसमें उम्मीद है कि यह सरकार हमारे लिए वह सब कुछ करेगी, जो पिछले पांच सालों में नहीं हो सका।

## हेमंत सरकार गरीबों की सरकार है


रामेश्वर कुशवाहा

हजारीबाग से शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने आए रामेश्वर कुशवाहा ने कहा, यह केवल सरकार नहीं, बल्कि गरीबों की सरकार है। मंईयां सम्मान योजना का लाभ हम सभी झारखंडवासियों को मिल रहा है। साथ ही, अबुआ आवास योजना का भी लाभ ओर तेजी से मिलेगा।

## सरकार रोजगार का दरवाजा खोलेगी


अशोक कुमार रजक

रांची के अशोक कुमार रजक ने कहा, इस सरकार से हमारी कई अपेक्षाएं हैं। उम्मीद है कि सभी रिक्त पदों को भरा जाएगा। रोजगार के सारे रास्ते खोले जाएंगे। साथ ही, एचईसी पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## मोरहाबादी मैदान में शपथ ग्रहण समारोह में उमड़ा जनसैलाब

# लोक कला दल ने झारखंडी लोकगीतों से लुभाया सबका मन




**नवीन मेल संवाददाता । रांची**

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में हेमंत सोरेन को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। राज्यपाल और अन्य अतिथि गणों ने हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री के पद की शपथ लेने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। वहीं, मुख्यमंत्री



हेमंत सोरेन ने हाथ हिलाकर हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार की शाम कई गण्यमान्य लोगों की मौजूदगी में संपन्न हुआ। शपथ ग्रहण से पहले मोरहाबादी मैदान में लोक कला दल की ओर से झारखंड के कलाकारों ने लोकगीत गाए। वहीं, छऊ नृत्य भी किया गया। विभिन्न जिलों से आए समर्थकों ने लोकगीतों का आनंद लिया। लोकगीत और छऊ नृत्य ने उनका मन मोह लिया। वहीं, शपथ ग्रहण समारोह में राज्यसभा सदस्य एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन, कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य मल्लिकार्जुन खरगे, नेता प्रतिपक्ष लोकसभा राहुल गांधी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, तेलांगना के उप मुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश प्रसाद यादव, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, बिहार विधान सभा मे नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, सीपीआईएमएल के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, तमिलनाडु सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन समेत कई सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, वरीय पदाधिकारी और बड़ी संख्या में आम लोग मौजूद थे।

## सीएम के शपथ ग्रहण पर होर्डिंग से पटी रहीं शहर की सड़कें



**रांची।** आईएनडीआईए की शानदार जीत से इनके कार्यकतार्ओं में उत्साह है। मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर शहर होर्डिंग, बोर्ड और झंडों से पटी रहा। बड़े-बड़े नेताओं की तस्वीरें उनके कार्यकतार्ओं के साथ लगी हुई थी। इनमें हेमंत सोरन, कल्पना सोरेन, राहुल गांधी, प्रियंका वाड्रा, अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, तेजस्वी यादव, मल्लिकार्जुन खड़गे, उद्धव ठाकरे आदि जानी-मानी हस्तियों की शुभकामनाओं से भरे बोर्ड ने शहर की छटा ही बदल दी थी। इन होर्डिंग और बोर्ड को देखकर जनता की उम्मीदें बढ़ी हैं कि गठबबंधन सरकार झारखंड को विकास की नई उंचाइयों पर लेकर जाएगी।

### हेमंत सोरेन ने शहीदों के सम्मान की दिशा में उठाया बड़ा कदम

# शहीदों के सम्मान और सहायता को सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

**चंदनक्यारी के शहीद अग्निवीर की मां को दिए 10 लाख रुपये**

**अर्जुन महतो के भाई बलराम महतो को नियुक्ति पत्र प्रदान किया**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में पद की शपथ लेने के पहले ही दिन शहीदों को सम्मान देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया। मुख्यमंत्री ने बोकारो जिला के चंदनक्यारी प्रखंड स्थित फतेहपुर गांव के निवासी शहीद अग्निवीर अर्जुन महतो की माता हुलासी देवी को अनुग्रह अनुदान राशि के रूप में 10 लाख रुपये का चेक सौंपा। इसके साथ शहीद अग्निवीर के भाई बलराम महतो को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस दौरान विधायक कल्पना सोरेन, विधायक उमाकांत रजक और शहीद की बहन लक्ष्मी कुमारी मौजूद थीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार हमेशा से शहीदों के साथ हर कदम पर खड़ी है। राज्य सरकार शहीदों के सम्मान और सहायता के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शहीद अर्जुन महतो के परिजनों से कहा कि सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करेंगे।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार सैनिकों की तरह अग्निवीरों के शहीद होने पर उनके परिजनों को 10 लाख रुपये अनुग्रह राशि और एक परिजन को आश्रित को सरकारी नौकरी देने का नीतिगत निर्णय पहले ही ले चुकी है।

विदित हो कि झारखंड के अग्निवीर अर्जुन महतो असम के सिलचर में तैनात थे। इस माह 21 तारीख की देर रात्रि उग्रवादियों के साथ हुए मुठभेड़ में वे वीरगति को प्राप्त हुए थे।



## सीपी सिंह और नवीन जायसवाल मंगल मुंडा को देखने रिम्स पहुंचे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

**दोनों विधायकों ने धरती आबा के वंशज के स्वास्थ्य की जानकारी ली**

**खूंटी के पास सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे**

रांची विधायक सीपी सिंह और हटिया विधायक नवीन जायसवाल गुरुवार को रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) पहुंचे। भाजपा नेताओं ने सड़क दुर्घटना में घायल भगवान बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा से मुलाकात की। साथ ही, उनकी वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी ली। वहीं, इस दौरान पार्टी के दोनों नेताओं से राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने भी मंगल मुंडा के स्वास्थ्य एवं इलाज की जानकारी ली।

उल्लेखनीय है कि भगवान बिरसा मुंडा के प्रपौत्र मंगल मुंडा खूंटी के पास सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। इसके बाद उन्हें 25 नवंबर को रिम्स में एडमिट किया गया। मंगल मुंडा के सिर में गंभीर चोट लगी है। रिम्स के न्यूरोसर्जरी विभाग की टीम ने उनका ऑपरेशन किया है। 25 नवंबर को ही मंगल मुंडा एक दुर्घटना का शिकार हो गए थे। डॉक्टरों ने बताया कि उन्हें ब्रेन में काफी गंभीर चोट लगी थी। साथ ही, उनके ब्रेन के दोनों तरफ ब्लड क्लॉट भी हो चुका था। दुर्घटना के कारण मंगल के शरीर से काफी रक्तस्त्राव हो चुका था। इस कारण उन्हें तत्काल ऑपरेशन की जरूरत थी। मंगल मुंडा का ऑपरेशन रिम्स के न्यूरोसर्जरी विभाग के एचओडी डॉक्टर आनंद प्रकाश के नेतृत्व में किया गया है। इससे पहले, बुधवार को हेमंत सोरेन ने भी रिम्स पहुंचकर मंगल पांडे के स्वास्थ्य की जानकारी ली थी।

# न्यूज बॉक्स

## रांची के डीसी बने मंजूनाथ भजंत्री



**रांची।** झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसायटी के पद पर पदस्थापित मंजूनाथ भजंत्री को रांची जिला का जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त नियुक्त किया गया है। भजंत्री अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ रांची के बंदोबस्त पदाधिकारी के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। इस संबंध में गुरुवार रात कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। वहीं, रांची डीसी के पद पर पदस्थापित वरुण रंजन को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक रांची के प्रबंध निदेशक औद्योगिक आधारभूत संरचना विकास निगम के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। रंजन अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ खान आयुक्त के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे।

## रांची के पूर्व डीसी की जमानत पर अगली सुनवाई 9 दिसंबर को



**रांची।** सेना के कब्जे वाली जमीन की फर्जी दस्तावेजों के सहारे खरीद-बिक्री से जुड़े जमीन घोटाले मामले के आरोपित रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत पर पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत में गुरुवार को आंशिक सुनवाई हुई। ईडी ने अदालत से कागजात दाखिल करने के लिए समय की मांग की। इसके बाद कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए नौ दिसंबर की तिथि निर्धारित की है। ईडी ने इस संबंध में कांड संख्या 01/2023 दर्ज किया है। जमीन घोटाले की अब तक की जांच में अमित अग्रवाल, दिलीप घोष, रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, कथित रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम को गिरफ्तार कर चुकी है। सभी आरोपित फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। दूसरी ओर, चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की बिक्री से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में आरोपित रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन सहित छह की न्यायिक हिरासत अवधि पीएमएलए कोर्ट ने बढ़ा दी है। इससे पूर्व जेल में बंद आरोपितों को वीसी के माध्यम से पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख दो सप्ताह के बाद की निर्धारित की है।

## कमलेश के फ्लैट से जब्त सौ कारतूस को कोर्ट ने रिलीज करने का आदेश दिया

**रांची।** जमीन कारोबारी कमलेश कुमार सिंह के फ्लैट से बरामद सौ कारतूस उसके बॉडीगार्ड के हैं। इसकी सुनवाई के बाद सीजेएम कोर्ट ने जब्त कारतूसों को रिलीज करने का आदेश दिया है। जब्त कारतूस पूरी तरह से वैध है। कारतूस को रिलीज करने को लेकर कमलेश कुमार का बॉडीगार्ड कौशल कुमार सिंह ने एक याचिका दाखिल की थी। दाखिल याचिका पर सीजेएम की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से हाई कोर्ट के अधिवक्ता ने पक्ष रखा। अदालत ने मामले में जांच अधिकारी से विस्तृत रिपोर्ट तलब की। कौशल कुमार सिंह का शस्त्र लाइसेंस गढ़वा जिले से जारी है। जांच अधिकारी ने इसका सत्यापन किया। साथ ही, अदालत ने जांच अधिकारी से पूछा कि एक समय में हथियारों के लिए अधिकतम कितने कारतूस की खरीद की जा सकती है। अधिवक्ता ने जांच अधिकारी की रिपोर्ट के हवाले से बताया कि आर्म्स लाइसेंस धारक एक साल में अधिकतम 200 कारतूस की खरीदारी कर सकता है। एक समय में अधिकतम 50 कारतूस की खरीदारी कर सकता है। बरामद 100 कारतूस के चालान को भी पुलिस ने सत्यापन किया। कोर्ट पूरी तरह से संतुष्ट होने के बाद कांके थाना द्वारा जब्त 100 कारतूस को रिलीज करने का आदेश पारित किया।

## जेएसएससी शिक्षक नियुक्ति परीक्षा मामले में अब 17 दिसंबर को होगी सुनवाई

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की वर्ष 2016 में हाई स्कूल शिक्षक नियुक्ति से संबंधित याचिकाओं पर हाई कोर्ट में अब 17 दिसंबर को सुनवाई होगी। झारखंड हाई कोर्ट उस दिन इस मामले में अंतिम सुनवाई करेगा। कोर्ट ने प्रार्थियों को यह बताने को कहा है कि उनके प्राप्तांक क्या थे। इसके साथ ही कोर्ट ने जेएसएससी और सरकार से यह बताने का निर्देश दिया है कि प्रार्थियों के प्राप्तांक राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट में चुने गए अंतिम अभ्यर्थी से कम से हैं या ज्यादा। हाई कोर्ट ने पूर्व में जेएसएससी को वर्ष 2016 के हाई स्कूल शिक्षक नियुक्ति विज्ञापन के आलोक में राज्य स्तरीय मेरिट जारी करने का निर्देश दिया था। मामले में मीना कुमारी सहित सात अभ्यर्थियों ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है।

## एएसआई सेवईया सुरीन को पांच वर्ष का सश्रम कारावास

**रांची।** एसीबी के स्पेशल कोर्ट ने रिश्वत लेने के दोषी एएसआई सेवईया सुरीन को पांच वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने सेवईया सुरीन पर पच्चीस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। एसीबी कोर्ट ने लोहरदगा जिले के कुड़ू थाने में पदस्थापित तत्कालीन एएसआई सेवईया सुरीन को रिश्वत लेने के जुर्म में बुधवार को दोषी करार दिया था। गुरुवार को कोर्ट ने उनकी सजा की बिंदु पर सुनवाई की। एसीबी ने सेवईया सुरीन को एक हजार रुपये रिश्वत लेते हुए 22 फरवरी 2017 को रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। वे यह रिश्वत मो. अब्दुल रशीद नाम के व्यक्ति से थाना में जब्त मोटरसाइकिल छोड़ने के एवज में ले रहे थे। सूचक ने इसकी शिकायत एसीबी एसपी से की थी। दोषी करार दिए जाने के बाद सेवईया सुरीन को न्यायिक हिरासत में ले लिया गया था।

# झारखंड के नए प्रभारी पुलिस महानिदेशक बने अनुराग गुप्ता

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड सरकार ने सीआईडी के डीजी अनुराग गुप्ता को प्रभारी डीजीपी बनाया है। इस संबध में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने गुरुवार रात अधिसूचना जारी कर दी है। वह एसीबी और सीआईडी के डीजी के भी अतरिक्त प्रभार में बने रहेंगे। वहीं, डीजीपी के पद पर पदस्थापित अजय कुमार सिंह को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक के पद पर पदस्थापित किया गया है।

इसी प्रकार, देवघर जिले के झारखंड सशस्त्र पुलिस-5 के समादेष्टा अजीत पीटर डुंगडुंग को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक देवघर का एसपी बनाया गया है। डुंगडुंग अपने कार्यों के अतिरिक्त देवघर जिले के झारखंड सशस्त्र पुलिस-05 समादेष्टा के भी प्रभार में रहेंगे। साथ ही, देवघर के एसपी अंबर लकड़ा को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक धनबाद जिले के गोविंदपुर के झारखंड सशस्त्र पुलिस-03 के समादेष्टा के पद पर नियुक्त किया गया है। लकड़ा अपने कार्यों के अतिरिक्त धनबाद रेल के एसपी के प्रभार में रहेंगे।

## मनोज झा हत्या मामले में सोनू उर्फ अहमद की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता मनोज झा की हत्या के मामले में हाई कोर्ट ने गुरुवार को आरोपित सोनू उर्फ अहमद को जमानत देने से इनकार कर दिया है। सोनू ने अपने वकील के माध्यम से हाई कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की थी। इस पर हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अंबुज नाथ की कोर्ट में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की ओर से बहस सुनने के बाद कोर्ट ने सोनू की याचिका खारिज कर दी।

# घुसपैठ मामले में चारों आरोपियों की हुई पेशी

## अगली सुनवाई 12 को

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

घुसपैठ मामले में गिरफ्तार दो बांग्लादेशी नागरिक सहित चार आरोपियों को वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिये गुरुवार को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत में पेशी हुई। आरोपियों में कोलकाता से गिरफ्तार दो बांग्लदेशी रॉनी मंडल और समीर चौधरी के साथ भारतीय नागरिक पिंटू हलधर और पिंकी बासु मुखर्जी शामिल है। अदालत ने चारों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी है। इस मामले में अदालत ने अगली सुनवाई की तिथि 12 दिसंबर निर्धारित की है।

इससे पूर्व ईडी ने चारों आरोपियों की रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद 22 नवंबर को कोर्ट में पेश किया था। जहां से चारों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा (जेल) भेज दिया गया था। ईडी को कोर्ट ने जेल में बंद चारों आरोपितों को 18 नवंबर को पांच दिनों की पूछताछ के लिए रिमांड पर दिया था।

उल्लेखनीय है कि ईडी ने बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में गत 13नवंबर को कोलकाता से चारों को गिरफ्तार किया था। ईडी ने रॉनी और समीर के नाम पर बने फर्जी पासपोर्ट सहित अन्य दस्तावेज भी बरामद किया था। दोनों नाम बदल कर भारत में रह रहा है। पूछताछ में दोनों ने खुद को बांग्लादेशी होने की बात स्वीकार की है। गिरफ्तारी के बाद चारों को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर ईडी टीम रांची पहुंची थी। इसके बाद रांची के पीएमएलए कोर्ट में पेश किया था।

## हेमंत सोरेन को बधाई, भाजपा निभाएगी सशक्त विपक्ष की भूमिका : प्रतुल शाहदेव

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने गुरुवार को रांची के मोरहाबादी मैदान में एक भव्य समारोह में झारखंड के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने उन्हें बधाई दी है। प्रतुल शाहदेव ने कहा, सबसे पहले हम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शुभकामनाएं देते हैं। हमारी शुभकामनाएं हैं कि उनका कार्यकाल सफल हो और उन्हें पिछली गलतियों से सीख मिले। पिछले पांच वर्षों में झारखंड का विकास नहीं हुआ, लेकिन जनता ने फिर भी उन्हें जनादेश दिया है, इसलिए हमें उम्मीद है कि मुख्यमंत्री इस जनादेश के अनुरूप काम करेंगे। हम एक सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाएंगे। अगर सरकार सकारात्मक कदम उठाएगी, तो हम सार्थक पहल भी करेंगे। भारतीय क्रिकेट टीम के पाकिस्तान दौरे को लेकर प्रतुल शाहदेव ने कहा कि यह पूरी तरह से देश की वर्तमान स्थिति, पाकिस्तान की स्थिति और पाकिस्तान के देश के प्रति रुख पर निर्भर करता है।

## झारखंड में दो दिसंबर तक आंशिक बादल छाए रहने की संभावना

**रांची।** झारखंड के आधिसंख्य जिलों में न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट जारी है। इस वजह से राज्य में ठंड बढ़ती जा रही है। मौसम विभाग की मानें तो अगले दो दिसंबर तक आसमान में आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है। झारखंड की राजधानी रांची समेत अन्य जिलों में आने वाले 3 दिनों तक मौसम का मिजाज बदला रहेगा।

₹71600 10 ग्राम

₹92000 01 किलो

| सेंसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 79,043.74 | 84.474 |
| −1,190.34 | +0.044 |

**आज कल**




### कुंभकर्णी नींद में सो रहे हैं जिला प्रशासन और नगर निगम

# समाहरणालय के ब्लॉक 'ए' और ब्लॉक 'बी' में गंदगी का अंबार

**मनोज मिश्रा**




**रांची।** राज्य के राजधानी के समाहरणालय की व्यवस्था मॉडल होनी चाहिए। यहां ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए कि पूरा झारखंड इसका अनुगमन करे, मगर यहां इससे उलटा है। रांची, जिला होने के साथ-साथ राजधानी भी है। पूरे झारखंड से लोग यहां आते हैं। यहां की अव्यवस्था का असर झारखंड के सभी जिलों पर पड़ता है। मगर, रांची जिला प्रशासन कुंभकर्णी नींद में है। यह कुंभकर्णी नींदकब टूटेगी, यह यक्ष प्रश्न झारखंड के हर नागरिकों के मन में है। यूं तो नगर निगम पूरे शहर का साफ करने का वादा करती है। सफाई के नाम पर प्रतिमाह एक करोड़ रुपए खर्च भी करती है। मगर, चिराग तले अंधेरा वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। रांची नगर निगम के बगल में स्थित समाहरणालय का ब्लॉक 'ए' और ब्लॉक 'बी' दोनों भवन परिसर में गंदगी का अंबार लगा है। ब्लॉक 'बी' में प्रवेश द्वार के समीप बायीं तरफ गंदगी का अंबार लगा है, वहीं ब्लॉक 'ए' के पीछे गंदगी का पहाड़ है। जब समाहरणालय की गंदगी साफ नहीं होती है, तो दूसरे जगहों का क्या हाल होता होगा, यह सोचने की बात है। करोड़ों खर्च होने के बाद भी सफाई व्यवस्था ठीक नहीं हो पा रही है, तो इसे क्या कहा जाए।

### ब्लॉक 'बी' में दोपहिया वाहनों का पार्किंग स्थल बदहाल

**रांची।** समाहरणालय के ब्लॉक 'बी' में दो पहिया वाहनों का पार्किंग स्थल बदहाल है। प्रत्येक दो पहिया वाहन से पड़ाव शुल्क दस रुपये लिये जाते हैं। लेकिन, पड़ाव स्थल पर सुविधाएं नदारद हैं और गंदगी पसरा रहता है। वहीं, आधे स्थान पर ही पार्किंग स्थल है, पूरे क्षेत्र का उपयोग नहीं हो रहा है। इन आधे स्थानों पर या तो झाड़ियां उगी हैं, या स्थान खाली पड़े है। यहां सफाई की जाए, तो पड़ाव स्थल बड़ा जाएगा, जिससे और भी वाहनों की पार्किंग की जा सकेगी। नाम न बताने की सूरत में लोगों ने कहा कि पार्किंग के लिए शेड बनाने की जरूरत है। गर्मी, बरसात में ज्यादा मुश्किल होती है।

## एक नजर

### प्रशिक्षु खिलाड़ी रीमिक्स भेंगरा का निधन

**रांची।** एस एस+2 हाई स्कूल खूंटी के हॉकी आवासीय प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षु रीमिक्स भेंगरा की कल रात इलाज के दौरान मौत हो गयी। आवासीय सेंटर में पेट में दर्द की शिकायत के बाद खूंटी सदर में भर्ती किया गया। वहां से परिजनों ने देवकमल अस्पताल में भर्ती कराया। ना तो खूंटी डीएसओ ना, ना ही रांची डीएसओ और ना ही खेल निदेशालय ने पिछले 20 दिनों से इलाजरत रीमिक्स भेंगरा का हालचाल जान। दुःखद है कि एक खिलाड़ी की असमय मौत हो गई।

### जूनियर फ्यूचर क्रिकेट अकादमी ने 4 विकेट से जीत दर्ज की

**रांची।** रांची जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन नेहरू ग्राउंड में आरसीए येलो बनाम जूनियर फ्यूचर क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। आरसीए येलो ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। वहीं आरसी ए येलो ने 25.4 ओवर में 25.4 ओवर पर 10 विकेट खोकर 97 रन बनाया। सूर्यांश मिश्रा ने 20 रन बनाया। शिवम कुमार घोष ने तीन विकेट लेकर 21 रन दिया। जूनियर फ्यूचर सीए ने 19.3 ओवर में छह विकेट पर 98 रन लिया। इसमें निश्चय कुमार ने 27, व शिवम कुमार घोष ने 21 रन बनाया। सूर्यांश मिश्रा ने तीन विकेट लेकर 14 रन दिया। जूनियर फ्यूचर क्रिकेट अकादमी 4 विकेट से जीती।

### रेलवे यूथ स्पोर्ट्स अकादमी (ए) 109 रन से जीता टूर्नामेंट



**रांची।** रांची जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन धुर्वा स्थित ग्राउंड शाखा में खेला गया। टूर्नामेंट रेलवे यूथ स्पोर्ट्स अकादमी (ए) बनाम ड्रीम बिग सीए के बीच खेला गया। रेलवे यूथ सीए (ए) ने 35 ओवर में छह विकेट खोकर 253 रन बनाया। इसमें सुयश 34, अंकित 48, आयुष 63 व सुमंत ने 35 रन बनाया। वंश ने 38 रन देकर तीन विकेट लिया। वहीं पनालाल ने दो विकेट लिया व 25 रन दिया। वहीं, ड्रीम बिग सीए की टीम ने 253 रनों का पीछा करने उतरी जो 33.4 ओवर में 10 विकेट पर 144 रन बनाया। आयुष्मान न 42, वंश ने 35, दिव्यांशु ने 13 रन बनाया। वहीं सौरव दो विकेट लिया व 20 रन दिया। अक्षत ने दो विकेट लेकर नौ रन दिया, जबकि मानव ने दो विकेट लेकर 36 रन दिया।

### अमरजीत सिंह खरे को झारखंड वॉलीबॉल संघ ने दी बधाई, कहा

# झारखंड में वॉलीबॉल खेल विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड वॉलीबॉल संघ एवं सम्बद्ध सभी जिला संघ के सचिवों ने झारखंड के गौरव अमरजीत सिंह खरे को बैंकॉक (थाईलैंड) में सफलतापूर्वक एफआईवीबी लेबल-थ्री कोर्स पूर्ण करने पर बधाई दी है। इस अवसर पर झारखंड वॉलीबॉल संघ के सचिव शेखर बोस ने कहा कि अमरजीत सिंह खरे की सफलता ने पूरे राज्य का गौरव बढ़ाया है। उनका अनुभव और विशेषज्ञता झारखंड के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए प्रेरित करेगी। श्री खरे ने अपनी मेहनत और समर्पण से झारखंड के वॉलीबॉल खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों के लिए एक प्रेरणा स्थापित की है। उनकी यह उपलब्धि झारखंड के वॉलीबॉल खेल विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी। अंतर राष्ट्रीय वॉलीबॉल कोचिंग कोर्स लेवल तीन का यह पाठ्यक्रम 18 से 25 नवंबर तक बैंकॉक, थाईलैंड में आयोजित किया गया था। एफआईवी द्वारा आयोजित इस पाठ्यक्रम को निदेशक जॉन केसल, यूएसए और प्रशिक्षक फेंग कुन, चीन, ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता की देखरेख में संपन्न किया गया। ज्ञात हो की श्री अमरजीत झारखण्ड के एकलौते लेवेल थ्री वॉलीबॉल प्रशिक्षक बन गये हैं। झारखण्ड वालीबाल संघ के सभी सदस्य, जिला संघ के सचिव, और खेल प्रेमी श्री खरे की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उनके इस सफलता पर झारखंड वॉलीबॉल संघ के चेयरमैन सुबोध कांत सहाय, अध्यक्ष आर०के० आनंद, कार्यकारी अध्यक्ष, सुनील सहाय, सचिव, शेखर बोस, एग्जीक्यूटिव उपाध्यक्ष, किरण थाम्पकिंसन, उपाध्यक्ष श्री प्रमोद कुमार, हरेंद्र नारायण, कोषाध्यक्ष -उत्तम राज, संजय ठाकुर, अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक, संजय कुमार, सुनिर्मल बोस,मो0 जाहिद, पीटर मुंडू, ओम प्रकाश तिवारी सहित झारखंड वॉलीबॉल संघ के अन्य सभी सदस्यों ने भी इस अवसर पर अमरजीत सिंह को उनकी सफलता पर हर्ष व्यक्त किया।

# कीर्तन का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली/मुरी**

सिल्ली प्रखंड अंतर्गत छोटा मुरी स्थित गायत्री कॉलोनी निवासी प्रमोद कुशवाहा के घर में भक्ति वेदांत वृद्धा भवन गुरुकुल कुटाम के द्वारा एक दिवसीय कीर्तन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में गुरुकुल के प्रभु श्री रामदास एवं गदाधर दास के द्वारा एवं छोटे-छोटे बच्चे महिलाओं ने हरे राम हरे कृष्णा गाते हुए नगर भ्रमण किया। साथ ही मंच पर एक से बढ़कर एक कीर्तन प्रभु के द्वारा गाया गया एवं आए हुए श्रद्धालुओं ने कीर्तन का खूब आनंद उठाया। अंत में भक्तों के बीच प्रसाद एवं भंडारा का आयोजन किया गया जिसका श्रद्धालुओं ने आनंद उठाया। इस मौके पर कुरूश्रेष्ठ दास, नंदन दुलाल दास, राधा रमन दास प्रभु समेत भक्तगण उपस्थित थे। श्री रामदास ने कहा कि प्रभु का कीर्तन करने से लोगों की आत्मा शुद्ध होती है और भगवान की कृपा बरसती है। मनुष्य को चाहिए कि धर्म के प्रति आस्था रखनी चाहिए और इसके प्रति लोगों को भी प्रेरित कर उन्हें जागरूक करना चाहिए।

## न्यूज बॉक्स

### तीन दिवसीय निशुल्क शिविर का आयोजन



**कतरास।** गुरुवार को पंचायत सचिवालय जमुआटांड़ में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार क्षेत्र निदेशालय धनबाद के द्वारा मुखिया निरंजन गोप की अध्यक्षता में तीन दिवसीय निःशुल्क शिविर का आयोजन किया गया।शिविर 28 से लेकर 30 नवंबर तक चलेगा।जिसमें आभा कार्ड,ई-श्रम कार्ड एवं नेशनल करियर सर्विस कार्ड आदि बनाया जाएगा।इस कैंप में विशेष रूप से क्षेत्रीय निदेशक चंद्रशेखर वैध,वार्ड सदस्य प्रतिनिधि नेपाल सिंह,ग्राम रोजगार सेवक गोपाल विश्वकर्मा,साक्षरता नोडल प्रभारी गोविंद प्रसाद रवानी,छोटन रजक,स्वयंसेवक मुकेश रवानी आदि उपस्थित हुये।मौके पर दर्जनों लाभुकों को ऑन द स्पॉट कार्ड बना कर दिया गया।

### निचितपुर हॉस्पिटल के समीप एटीएम का हुआ उद्घाटन



**कतरास।** गुरुवार को निचितपुर हॉस्पिटल के प्रांगण के नजदीक आइसीआइसीआइ बैंक के एटीएम का उद्घाटन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से निचितपुर हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर उमाशंकर, निचितपुर हॉस्पिटल के डॉक्टर स्वतंत्र कुमार, श्रद्धा सिंह,मधुमाला,हीरा प्रसाद कर्ण, कृष्णा कन्हैया राय, प्रीतम सिंह, प्रशांत पांडेय, सोनू चौरसिया, शशि शर्मा, सहदेव कुमार, रोबिन कुमार सहित बैंक के शाखा प्रमुख अमित सिंह,उप शाखा प्रबंधक नीरज सिंह एवं अन्य कई लोग उपस्थित थे।

### पारा शिक्षक ने प्रधान शिक्षिका को मारी गोली, घायल



**रांची।** देवघर जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र के बांक पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय में एक दबंग पारा शिक्षक ने प्रधान शिक्षिका को गोली मारकर घायल कर दिया। घायल शिक्षिका का नाम चांदनी कुमारी है जो दुमका जिला के जरमुंडी थाना इलाके के नौनीहाट घोंघाडेकचा गांव कीरहने वाली है। वह उक्त विद्यालय में पिछले 2016 से पदस्थापित हैं। शिक्षिका के दाहिने बांह में गोली लगी है। गोली मारने वाले पारा शिक्षक का नाम शैलेश यादव है जो मोहनपुर थाना क्षेत्र के कुरूमटांड गावं का रहने वाला है। गोली मारने के बाद वह फरार बताया जाता है।

### हटिया सीए (ए) ने 5 विकेट से जीत दर्ज की



**रांची।** रांची जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन गोलचक्कर ग्राउंड में अरुणोदय सी.ए. बनाम हटिया सीए (ए) के बीच खेला गया। अरुणोदय सीए ने 35 ओवर में में आठ विकेट लेकर 209 बनाया। कार्तिक ने 84, आर्यन ने 24 रन बनाया। वहीं स्नेहिल, अपूर्व और प्रत्युष नायक ने 2-2 विकेट लिए। हटिया सीए (ए) ने 30.1 ओवर में पांच विकेट पर 210 बनाया। श्रीकांत ने 84, विवेक ने 18 रन बनाया। वहीं शिवम ने दो विकेट लेकर 25 रन दिया। हटिया सीए (ए) ने 5 विकेट से जीत दर्ज की।

# खलारी में बनेगा बड़ा पार्क, जिला अभियंता ने किया स्थल निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

पुलिस उप अधीक्षक खलारी के आवास के निकट जल्द ही एक बड़े पार्क का निर्माण होगा। पार्क निर्माण को लेकर गुरूवार को जिप सदस्य सरस्वती देवी के नेतृत्व में जिला से आए जिला अभियंता गुप्तेश्वर राम सहित अन्य अभियंता व संवेदक ने स्थल का निरीक्षण किया। पार्क निर्माण के लिए स्थल का मापी किया गया। पार्क में लोगो के घूमने के लिए पैदल पथ, बच्चों के लिए कई तरह के झूले, लोगो के बैठने के लिए बेंच व छतरी आदि का निर्माण कराया जाएगा। जिला अभियंता व जिप सदस्य ने संवेदक को गुणवत्ता पूर्वक काम करने का निर्देश दिया। कहा कि पार्क निर्माण होने से खलारी के लोगो को घूमने और मनोरंजन का एक बेहतर साधन मिलेगा। स्थल निरीक्षण में जिला अभियंता के अलावा कनीय सहायक अभियंता परमानन्द पासवान, अभियंता संजीत कुमार, संवेदक आकाश सिंह, रंजनसिंह बिट्ठू, रामसूरत यादव, दिलीप पासवान, सागर गोप, प्रमोद प्रजापति, सत्येन्द्र खरवार आदि उपस्थित थे।

# 35 सेकेंड के वीडियो ने हरा दिया बन्ना गुप्ता को, छलका दर्द



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में विधानसभा चुनाव खत्म हो चुके हैं, लेकिन चुनाव खत्म होने के पांच दिन बाद भी कई नेताओं के लिए अपनी हार पचा पाना आसान नहीं हो रहा है। राज्य के कद्दावर नेताओं में शुमार किए जाने वाले बन्ना गुप्ता भी चुनाव हारने वाले नेताओं में शामिल हैं। कांग्रेस नेता और राज्य के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने आरोप लगाया कि 35 सेकंड का एक वीडियो क्लिप विधानसभा चुनावों में मेरी हार का एक बड़ा कारण बना। कांग्रेस के दिग्गज नेताओं में शुमार बन्ना गुप्ता ने बुधवार को यह आरोप लगाया कि उनके अभियान के बारे में ह्यसाजिश के तहतह्न आधा सच बताने वाला 35 सेकंड का वीडियो क्लिप हाल में खत्म हुए विधानसभा चुनावों में उनकी हार की एक बड़ी वजह बनी। इसके अलावा, उन्होंने यह भी दावा किया कि उनके कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों का प्रचार ठीक से नहीं किया जा सका।

हेमंत सोरेन सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे बन्ना गुप्ता जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा सीट पर जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के प्रत्याशी सरयू राय से 7,800 से अधिक मतों के अंतर से चुनाव हार गए हैं। सरयू को 1,03,631 वोट मिले तो बन्ना गुप्ता के खाते में 95,768 वोट आए। पिछले हफ्ते शनिवार को आए चुनाव परिणाम में झारखंड में जेएमएम-कांग्रेस-आरजेडी गठबंधन लगातार दूसरी बार सत्ता में लौटा, जिसने 81 सदस्यीय विधानसभा में 56 सीटों पर कब्जा जमा लिया।

# लोक जनशक्ति पार्टी का मना 24वां स्थापना दिवस




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के 24वें स्थापना दिवस के मौके पर गुरुवार को पार्टी के राज्य प्रमुख बीरेंद्र प्रधान के नेतृत्व में पार्टी के डोरंडा स्थित प्रदेश कार्यालय में पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। स्थापना दिवस के मौके पर प्रदेश अध्यक्ष बीरेंद्र प्रधान ने पार्टी के संस्थापक पद्म भूषण स्व. रामविलास पासवान के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह आजीवन गरीबों, दलितों के उत्थान को लेकर आवाज उठाते रहे। गरीबों एवं दलितों की जीवन भर आवाज उठाने के कारण उन्हें पद्मभूषण से अलंकृत किया गया। प्रधान के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता रामविलास पासवान के सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया। पार्टी के संस्थापक स्व. रामविलास पासवान के उद्देश्य 'उस घर में दिया जलाना है, जहां सदियों से अंधेरा है' को पूरा करना है। बीरेंद्र प्रधान ने देशभर में मौजूद पार्टी के सभी कार्यकताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। प्रधान ने उन सभी महिलाओं और पुरुषों की कड़ी मेहनत, संघर्ष और बलिदान को भी श्रद्धाभाव के साथ याद किया।

### डालसा रांची ने किया कंबल और खाद्य सामग्री का वितरण

**रांची।** बढ़ती ढंड को देखते हुए झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर डालसा रांची ने नगड़ी स्थित वृद्ध आश्रम में रह रहे वृद्धजनों के बीच कंबल और खाद्य सामग्री का वितरण किया। वहीं, डालसा की टीम ने वृद्ध आश्रम अपना घर हेसाग का भी दौरा किया, जहां रह रहीं वृद्ध महिलाओं का डॉक्टर द्वारा स्वास्थ जांच की गई और जरूरत के हिसाब से दवा का वितरण भी किया गया। वदित हो कि झालसा के निर्देश पर एक टीम गठित कर नगड़ी स्थित वृद्धा आश्रम में रह रहे 35 वृद्धों के बीच कंबल और खाद्य सामग्री का भी वितरण किया गया और विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर निशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी गई। डालसा टीम ने बताया कि बढ़ती ठंड को देखते हुए आगे भी रांची जिले के विभिन्न क्षेत्रों मे जरूरतमंदों को चिह्नित कर उनके बीच कंबल खाद्य सामग्री और रहने की व्यवस्था भी रांची जिला प्रशासन के सहयोग से किया जाएगा।

# जूनियर वुशू चैंपियनशिप में उर्सुलाइन कॉन्वेंट स्कूल का शानदार प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

उर्सुलाइन कान्वेंट स्कूल खलारी के विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय सब-जूनियर वुशू चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। सिल्ली में आयोजित इस प्रतियोगिता में उर्सुलाइन खलारी के बच्चों ने चार गोल्ड, एक सिल्वर तथा एक ब्रोंज मेडल पर अपना कब्जा जमाया। कक्षा चार के विद्यार्थी कुमार हर्ष को गोल्ड मेडल, आरव उरांव को ब्रोंज, कक्षा छह की प्राची कुमारी को गोल्ड, कक्षा सात की विद्या चौहान को गोल्ड, नरेंद्र कश्यप को सिल्वर तथा कक्षा आठ के नैयरशान अहमद को गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ। बच्चों की उपलब्धि पर प्राचार्या सिस्टर जयन्ती ने विद्यालय में एक सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया तथा बधाई दी। पंजाब में होने वाले राष्ट्रीय जूनियर वुशू प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए विद्यालय की ओर से उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने संबोधन में अन्य विद्यार्थियों को इनसे प्रेरणा लेने की बात कही तथा खेल के महत्व के बारे में बताया। सम्मान समारोह में प्रभाकर शर्मा, विशाल शर्मा, अम्बुज कर्मकार, शशि चौधरी, विकास मिश्रा सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### प्रयोगशाला प्रावैधिकों के प्रशिक्षण में बोले सिविल सर्जन

# ससमय टीबी उन्नमूलन का करना होगा प्रयास



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पुनरक्षित यक्ष्मा नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत रांची जिले के सभी प्रखंडों के प्रयोगशाला प्रावैधिक एवं लैब सुपरवाइजर का दो दिवसीय प्रशिक्षण 27 एवं 28 नवंबर को सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार कक्ष में आयोजित किया गया। प्रशिक्षक के रूप में रूपेश कुमार, माइक्रोबॉयोलोजी, ईआरएल, इटकी, रांची उपस्थित थे। सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यक्ष्मा कार्यक्रम के अंतर्गत प्रयोगशाला प्रावैधिक का कार्य महत्वपूर्ण है। सभी पूर्ण जिम्मेदारी से अपने कर्तव्य का पालन करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि हमसभी मिलकर प्रधानमंत्री के लिए संकल्प के तहत ससमय टीबी का उन्नमूलन कर सकें। डॉ एस बास्की, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, रांची ने सभी को संभावित टीबी केस पर विशेष ध्यान देने को कहा। सिविल सर्जन, रांची ने प्रशिक्षण के उपरांत लिये गए टेस्ट में सफल अभ्यिर्थियों को पुरस्कृत किया। इसमें प्रथम सुनील किस्कू, द्वितीय बबीता कुमार, तृतीय रवि कुमार, रंजन, चतुर्थ लखिंदर महतो, पंचम नसीम अंसारी थे। मौके पर सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ एस बास्की, जिला आरसीएच पदाधिकारी, रांची, राकेश कुमार, जिला कार्यक्रम समन्वयक एवं टीबी के जिला स्तरीय कर्मी उपस्थित थे।

# अतिक्रमण हटाने के बावजूद फिर से सज रही हैं दुकानें



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ऐसा अक्सर होता है कि काम करने के बाद रांची नगर निगम उसका निरीक्षण करना भूल जाता है। एक तरफ तो निगम अतिक्रमण हटाने का नाटक करता है, वहीं दूसरी तरफ निरीक्षण नहीं कर उन दुकानों को या नए लोगों को फिर से दुकान लगाने का मौका देता है। ऐसा ही एक वाक्या हुआ है अभी सप्ताह भर पहले। हरमू चौक से इमली चौक जाने के रास्ते का अतिक्रमण हटाया गया था, बुलडोजर भी चलाया गया था। बावजूद इसके, फिर से दुकानें सजनी शुरू हो गई हैं। इसे प्रशासन की विफलता कहें या प्रशासन का सपोर्ट। इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल सवांददाता से बात करते हुए स्थानीय विकास कुमार ने कहा कि यहां पूजापाठ की सामग्री मिलती थी, अभी उन सारे दुकानों पर बुलडोजर चलाया गया है। फुटपाथ के दुकानदारों के लिए एक उचित व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि ये लोग भी अपना व्यापार सुगमता से कर सकें।

### गांडेय बिग बैश लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन

# एके 11 की टीम ने 121 रन बनाकर जीत दर्ज की



**नवीन मेल संवाददाता। गांडेय (गिरिडीह)**

गांडेय के गांडेय गांधीनगर खेल मैदान में गुरुवार को गांडेय बिग बैश लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पंचायत के मुखिया अमृत लाल पाठक, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष यदुनंदन पाठक, समाज सेवी अर्जुन बैठा ने संयुक्त रूप से फीता काट कर ओर बल्लेबाजी करके शुरूआत की उपस्थित थे। मुख्य अतिथियों ने टूर्नामेंट का पहला मैच खेलने उतरी दोनों टीमों के खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर हौसला अफजाई किया। इस दौरान पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के बड़े टूर्नामेंट का आयोजन होने से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभा उभरकर सामने आती है । झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभागियों की कोई कमी नहीं है। झारखंड के कई ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ी क्रिकेट फुटबॉल, हाकी सहित अन्य खेलों में गांव से लेकर राष्ट्रीय स्तर के टीम का सफर तय किया है। यह टूर्नामेंट ग्रामीण स्तर के खिलाड़ियों के प्रतिभा को निखारने में मदद करेगा। खिलाड़ियों के हौसला अफजाई में गांडेय पंचायत के मुखिया अमृत लाल पाठक और समाज सेवी अर्जुन बैठा ने भी अपने - अपने विचार व्यक्त किए।

# बड़ी संख्या में लोगों ने सुनी श्रीमद् भागवत कथा



**रांची।** नारी सेना के केंद्रीय अध्यक्ष पूनम सिंह एवं छात्र क्लब हरे राम हरे कृष्ण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार को बड़ी संख्या में चुटिया, पहाड़ी टोला, मधुकम, रातू, मेन रोड की महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने श्रीमद् भागवत कथा सुनी। यह कथा हरे कृष्णा हरे राम मार्ग लक्ष्मीनगर में प्रसिद्ध कथावाचक (मुंबई) के श्रीमान अचिंत्यचक्र दास द्वारा सुनाई जा रही है। इसके पूर्व नारी सेना एवं छात्र क्लब हरे राम हरे कृष्ण मंच के द्वारा संयुक्तरूप से श्रीमद् भागवत कथा वाचक अचिंत्यचक्र दास (मुंबई) एवं इनके म्यूजिकल टीम भजन गायिका अब्या सैनी (दुर्गा), रीना महली, आर्गन वादक लाली चरण दास, ढोल तबला वादक वीरेंद्र तिवारी को अंगवस्त्र एवं तलवार भेंटकर स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में दोनों संस्था की ओर से मुख्यरूप से कमला विश्वकर्मा, सूरज सिंह भवानी, अनुपमा सिंह, कुमारी कामिनी, शकुंतला देवी, सुलोचना देवी, गीता कुजूर, पिंकी कुमारी, छात्र क्लब ग्रुप की ओर से कुमारी शीला, अनिता एवं पूनम आदि मौजूद थे।

# भूकंप के सुरक्षा मानकों को लेकर टेबल टॉक व मॉक ड्रिल हुआ



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** भूकंप के दौरान सुरक्षा मानकों को लेकर गुरुवार को जिला समाहरणालय सभाकक्ष में टेबल टॉक एवं अनुमंडल कार्यालय रामगढ़ के परिसर में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। टेबल टॉक व मॉक ड्रिल का नेतृत्व 9 वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम से इंस्पेक्टर रणविजय कुमार सिंह ने किया। इस दौरान सर्वप्रथम समाहरणालय सभाकक्ष में टेबल टॉक के दौरान एनडीआरएफ टीम के पदाधिकारियों के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से भूकंप के दौरान सुरक्षा दृष्टिकोण से संचालित की जाने वाली गतिविधियों सहित कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। वहीं, इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़ अनुराग तिवारी के द्वारा उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया । टेबल टॉक के उपरांत अनुमंडल कार्यालय रामगढ़ के परिसर में भूकंप के दौरान रेस्क्यू सहित अन्य आकस्मिक स्थिति में संचालित की जाने वाली गतिविधियों को लेकर मॉक ड्रिल किया गया।

# हेमंत सोरेन को सीएम बनने पर दी बधाई



नवीन तकल सेवाददाजा। हजारीबाग जिला कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता सह जिला 15 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के सदस्य निसार खान व ओबीसी के प्रदेश वरीय उपाध्यक्ष ओमप्रकाश गोप ने हेमंत सोरेन को चौथी बार मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी है। नेता ने अपने बधाई संदेश में आशा व्यक्त कि है की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गंभीरतापूर्वक से संज्ञान लेते हुए झारखंड कि जनता की जन समास्याओं का समाधान करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे ।

## भवनों का होल्डिंग टैक्स भुगतान के लिए ट्रेड लाइसेंस लेना जरूरी : नगर प्रशासक

**कोडरमा।** नगर पंचायत कोडरमा के प्रशासक शंभु प्रसाद कुशवाहा ने गुरुवार को बताया गया कि सभी प्रकार के भवन का होल्डिंग कर निर्धारण कराने, होल्डिंग संख्या प्राप्त करने और होल्डिंग टैक्स भुगतान जरूरी है। उन्होंने कहा कि झारखंड नगरपालिका एक्ट और झारखंड नगरपालिका संपत्ति कर नियमावली 2013 के तहत नागरिकों से कई महत्वपूर्ण निदेशों का पालन करना अनिवार्य है। नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कोडरमा क्षेत्र अंतर्गत संपत्ति मालिकों को अपनी संपत्ति का समय पर असेसमेंट करवा कर होल्डिंग संख्या प्राप्त करना जरूरी है।

## एक नजर

### उत्तीर्ण प्रशिक्षुओं और नव प्रशिक्षुओं के लिए फेयरवेल कम फ्रेशर पार्टी आयोजित

**कोडरमा।** जेजे कॉलेज बीएड संभाग में विगत बुधवार को सत्र 2022-24 के उत्तीर्ण प्रशिक्षुओं और 2024-26 के नव प्रशिक्षुओं के लिए फेयरवेल कम फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ मिथिलेश कुमार सिंह ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य होते हैं और उनके व्यवहार निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका होती है। मुझे आशा है कि ये भावी शिक्षक अपनी भूमिका को अच्छे से निभाएंगे। विशिष्ट अतिथि सुनील कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षक के ऐसा प्रोफेशन हैं, जो कि दूसरे प्रोफेशन का निर्माण करता है। बीएड विभागाध्यक डॉ संजय कुमार ने पुराने प्रशिक्षुओं के साथ बिताए अच्छे पल को साझा किया। अध्यक्षता बीएड विभागाध्यक डॉ संजय कुमार ने की।

### तेल भरा टैंकर अनियंत्रित होकर पलटा

**कोडरमा।** कोडरमा थाना क्षेत्र के अंतर्गत तेल भरा टैंकर नौवां माइल के समीप रांची-पटना रोड पर अनियंत्रित होकर पलट जाने से चालक बाल- बाल बच गया। घटना गुरुवार दोपहर की है। जानकारी के अनुसार बंगाल से टैंकर में तेल लोड कर बिहार की तरफ ले जाया जा रहा था। इसी दौरान नौवां माइल के पास ब्रेक फेल हो जाने के कारण अनियंत्रित होकर टैंकर पलट गया। इसके बाद टैंकर में लोड तेल रोड पर बिखर गया। इसकी सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने कुछ तेल को लूट लिया गया। ग्रामीणों ने अपने घर से बर्तन व गैलन लेकर घटना स्थल पर पहुंच गये और टैंकर बह रहे तेल को उठाना शुरू कर दिया। टैंकर सैकड़ों लीटर तेल बहकर सड़क पर आये। इसकी सूचना कोडरमा पुलिस को मिलने पर पहुंची और सभी को भगाया।

### मंईयां योजना का क्रेज के बावजूद भाजपा प्रत्याशी डॉ नीरा ने दर्ज कराई जीत

**कोडरमा।** 10 वर्षों की एंटी इनकंबेंसी सहित मंईयां योजना का क्रेज,परंपरागत वोट में बिखराव और झारखंड की बदली राजनीतिक परिदृश्य के बावजूद कोडरमा से भाजपा प्रत्याशी डॉ नीरा यादव की हैट्रिक जीत ऐतिहासिक है। डॉ नीरा ने 2014 में जीत दर्ज कर कोडरमा में पहली बार कमल खिलाया था। जीत के बाद वह राज्य की शिक्षा मंत्री बनी थी। अपने मंत्रित्व कार्यकाल में उन्होंने शिक्षा सहित विकास के उल्लेखनीय कार्य किए थे। इस काल में कोडरमा में मेडिकल कॉलेज,इंजीनियरिंग कॉलेज, टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, सुदूर प्रखंडों में डिग्री कॉलेज आदि योजनाएं लाई गई। कार्य की बदौलत डॉ नीरा पुनः 2019 के चुनाव में दूसरी बार निर्वाचित हुई। लेकिन इस बार राज्य की राजनीतिक परिस्थिति बदल गई।

## न्यूज | बॉक्स

### सुधीर मंगलेश ने नवनिर्वाचित विधायक को दी बधाई



रामगढ़। दुलमी प्रखंड के बीस सूत्री कार्यक्रम के अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की नवनिर्वाचित विधायक ममता देवी को उनकी ऐतिहासिक जीत पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी । मंगलेश ने व्यक्तिगत रूप से विधायक ममता देवी से मुलाकात कर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया। उनकी जीत को क्षेत्र की जनता के विश्वास और आशाओं की जीत बताया। मंगलेश ने कहा, ममता देवी की यह जीत केवल एक राजनीतिक विजय नहीं है, बल्कि यह रामगढ़ की जनता की आकांक्षाओं, उनके अधिकारों और विकास की जरूरतों की जीत है। ममता देवी ने चुनाव के दौरान अपने सादगीपूर्ण और जनहितकारी दृष्टिकोण से क्षेत्र के लोगों का दिल जीता है। अब जनता को उनसे बड़ी उम्मीदें हैं, और मुझे पूरा विश्वास है कि वह इन उम्मीदों पर खरा उतरेंगी।

### संकाय विकास कार्यक्रम का हुआ समापन




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में शोध एवं नवाचार के नवीन प्रविधियों पर तीन दिवसीय संकाय विकास आयोजित कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. (डॉ.) सरोज रंजन शॉल व मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. (डॉ.) मृत्युंजय प्रसाद ने नई शिक्षा नीति, शिक्षा में नवाचार तथा आदर्श शिक्षक बनने इत्यादि पर विस्तृत चर्चा किया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में दौलत महतो मेमोरियल टीचर्स, ट्रेनिंग कॉलेज, बनासो, हजारीबाग के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार चतुर्वेदी थे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी वह व्यक्ति होता है जो कोई चीज सीख रहा होता है। विद्यार्थी दो शब्दों से बना होता है विद्या + अर्थी जिसका अर्थ होता है 'विद्या चाहने वाला'। विद्यार्थी किसी भी आयुवर्ग का हो सकता है, बालक, किशोर, युवा, या वयस्क। लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि वह कुछ सीख रहा होना चाहिए। स्वागत कार्यक्रम के दौरान डॉ. सुशील कुमार उपाध्याय प्रशासक उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत प्राचार्य डॉ. शिव कुमार राणा ने किया। स्वागत भाषण डॉ. अशोक राम द्वारा दिया गया। मंच का संचालन नयन कुमार मिश्रा एवं सुप्रिया बर्मन द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक मो. परवेज अख्तर द्वारा दिया गया। विभिन्न कॉलेज से आये अतिथियों एवं शिक्षकगण आकाश मुण्डा, युवराज कुमार, श्रीकांत गोप, सरत कुमार मांझी, फुलदेव उरांव , मुकेश कुमार, डॉ. अवधेश कुमार, उत्तम कुमार, मनोज कुमार, शुक्ला आदि मौजूद थे।

### वन कर्मियों ने अवैध कोयला लदे वाहन को किया जब्त



**बरकट्ठा।** चलकुशा थाना क्षेत्र के सलैयडीह पंचायत के कोल्हुआ कुदर वन सीमा में अवैध कोयला लदा महिंद्रा पिकअप वैन को वन विभाग की टीम ने पकड़ा है। इसकी जानकारी फोरेस्टर आनन्द कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि बिना नंबर की पिकअप वैन चलकुशा की और जा रही थी, रास्ते में रोक कर देखा तो कोयला लदा था। जिसके बाद कोयला लदा वाहन को जब्त कर बरही रेंजर कार्यालय भेज दिया गया। साथ ही उन्होंने बताया कि कार्रवाई की जा रही है। इस मौके पर मनोरंजन कुमार, संटू कुमार, सिकंदर साव ने पहुंच कर अवैध कोयला लदा वाहन को पकड़ कर बरही रेंजर भेज दिया।

साइबर ठगी पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# साइबर ठगी को लेकर दी गई जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** आईसेक्ट विश्वविद्यालय सभागार में एसबीआई की ओर से साइबर ठगी को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर वर्तमान समय में हो रहे साइबर ठगी से सभी को अवगत कराया गया। एसबीआई के रिजनल मैनेजर राजीव कुमार सिंह ने डिजिटल अरेस्ट, कस्टम स्कैम सहित अन्य माध्यमों से हो रहे साइबर फ्राड की विस्तृत जानकारी दी और इससे बचने के तरीके भी बताए। साथ ही उन्होंने सभी को सचेत करते हुए ओटीपी, बैंक डिटेल्स, एटीएम पिन समेत अपना पर्सनल जानकारी किसी से शेयर नहीं करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि अनाधिकृत ऐप को इंस्टॉल नहीं करना चाहिए और मोबाइल या ईमेल पर आए अनाधिकृत लिंक भी क्लिक नहीं करना चाहिए। एटीएम के प्रयोग में भी उन्होंने सावधानी बरतने की बात कही। आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि आज के डिजिटल युग में सावधानी पूर्वक डिजिटल प्रयोग आवश्यक है। इसके लिए लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने की आवश्यकता है। यही वजह है कि विश्वविद्यालय में वर्ष में कम से कम दो या इससे अधिक बार साइबर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है ताकि साइबर फ्राड से खुद भी बचा सके और दूसरे लोगों को भी जागरूक किया जा सके। वहीं विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने इस जागरूकता कार्यक्रम के लिए एसबीआई के रिजनल मैनेजर राजीव कुमार सिंह, राजीव रंजन, असीम अधिकारी समेत एसबीआई के सभी अधिकारियों व कर्मियों को धन्यवाद दिया और कहा कि वर्तमान समय ऑनलाइन खतरों से बचने के लिए ऐसे जागरूकता कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# पूर्वी जोन सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप के लिए टीम वेस्ट बंगाल रवाना




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** पश्चिम बंगाल के कूच बिहार, तूफानगंज मध्य विद्यालय में 29 नवंबर से 1 दिसंबर तक होने वाले तीन दिवसीय चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए प्रो. अविनाश कुमार के नेतृत्व में विंध्यवासिनी कॉलेज आफ एजुकेशन के छः प्रशिक्षुओं कामेश्वर कुमार, रूबी कुमारी, कृष्ण मोहन, प्रिया कुमारी, स्नेहलता कुमारी एवं विकास कुमार का दल रवाना हुआ। जिसे महाविद्यालय परिवार के संस्थाध्यक्ष डॉ अनूप कुमार मेहता, निदेशक रवि प्रकाश तथा डॉ. चेतलाल प्रसाद ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। महाविद्यालय के प्राध्यापकों, शिक्षक के प्रकारों तथा प्रशिक्षुओं ने शुभकामनाओं के साथ विदा किया। ज्ञात हो की अविनाश कुमार झारखंड के ऑफिशल कोच है और महाविद्यालय प्रशिक्षुओं के अतिरिक्त अन्य 10 कुल 16 खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए हजारीबाग से रवाना होंगे।विगत वर्ष में मां विंध्यवासिनी कॉलेज आफ एजुकेशन के प्रशिक्षु न केवल जिला और प्रांत बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर कोच अविनाश कुमार के नेतृत्व में लगातार विभिन्न खेल गतिविधियों में महाविद्यालय का परचम लहरा रहे हैं।

हेमंत सरकार के गठन पर महागठबंधन कार्यकर्ताओं ने की आतिशबाजी

# सभी के कल्याण और विकास के लिए समर्पित होगी सरकार : इकबाल



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** महागठबंधन के नेता हेमंत सोरेन के चौथी बार मुख्यमंत्री पद के शपथ लेने की खुशी में कांग्रेस, जेएमएम आदि कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी किया, मिठाइयां बांटी और सरकार के पक्ष में नारेबाजी किया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम के समाप्ति के उपरांत वरिष्ठ कांग्रेसी सह प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा की अगुवाई में महागठबंधन के कार्यकर्ता बरही चौक पहुंचे और आतिशबाजी कर खुशी जाहिर किया। 20 सूत्री अध्यक्ष ने नवगठित सरकार को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए बताया कि झारखंड में एक बार फिर लोकप्रिय सरकार बनी है। जो सबके कल्याण और विकास के लिए समर्पित होगा। सरकार पूरी शक्ति के साथ झारखंड का विकास करेगी। कांग्रेस पार्टी सरकार के सहयोग और योजनाओं को प्राथमिकता से आगे बढ़ाने में महत्ती भूमिका निभाएगी। शपथ ग्रहण कार्यक्रम को लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद था।

पूर्व विधायक अकेला ने कहा , जनता का फैसला सर्वमान्य

# जनता के लिए सदैव रहूंगा मुखर



*प्रजातंत्र में जनता ही सब कुछ है। उनका फैसला ही सर्वमान्य होता है। विस चुनाव में उनके फैसले का वह आभारी हैं*

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने बरही विस की जनता का अभार जताते हुए कहा कि प्रजातंत्र में जनता ही सब कुछ है। उनका फैसला ही सर्वमान्य होता है। विस चुनाव में उनके फैसले का वह आभारी है। हार जीत तो एक ही सिक्का के दो पहलू हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व की भांति आज भी जनसमस्याओं के लिए वह गंभीर हैं। जनता के किसी भी समस्या के समाधान के लिए वह पूर्व की भांति मुखर रहेंगे और हर संभव उसका समाधान करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि अपने कार्यकाल में हर संभव विकास का कार्य किया है, बरही विस की समस्याओं को प्राथमिकता से विस में उठाने का काम किया है। जिसके सार्थक परिणाम मिले है। उन्होंने बताया कि बरही के पानी समस्या हो या विस्थापन की समस्या, उन्होंने अंतिम चरण तक लाने का काम किया है। इसके साथ ही अन्य कई कार्य जिसके लिए शीघ्र ही निविदा आमंत्रित किए जायेंगे। विस क्षेत्र में कई बड़े कार्य किए गए, कई अधूरे है और कई ड्रीम प्रोजेक्ट में है। उन्होंने बताया कि चौपारण में डिग्री कॉलेज और चौपारण के परसातरी में करोड़ो की लागत से शीघ्र ही पुल का निर्माण कार्य प्रारंभ हो जायेगा। दोनों कार्य के लिए निविदा भी प्रकाशित किए जा चुके है। जानकारी के अनुसार पुल निर्माण के लिए ग्रामीण विकास विभाग 14,69,27,900 रुपए का निविदा 19 दिसंबर और डिग्री कॉलेज निर्माण के लिए भवन निर्माण विभाग 36,13,60,215 रुपए का निविदा 24 दिसंबर को अपने कार्यालय में खोलेगा। पुल का कार्य दो वर्ष और महाविद्यालय निर्माण कार्य 21 महीनों में पूरा किया जाना है। हमारी और जो भी होगा मैं जनता क्षेत्र की जनता के लिए काम करता रहूंगा। ताकि लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ हो सके। जनता ही हमारे लिए सर्वोपरि है, जिसका फैसला हमारे लिए मान्य है।

# अभिभावक गोष्ठी में बच्चों के समग्र विकास पर हुई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** रजरप्पा कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में गुरुवार को कक्षा दशम एवं द्वादश के छात्र-छात्राओं के अभिभावकों की गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का शुभारंभ विद्यालय के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, प्राचार्य उमेश प्रसाद, कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रकाश पांडे के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।अभिभावक गोष्ठी में छात्रों की प्रगति, शैक्षणिक उपलब्धियां और आगामी शैक्षणिक योजनाओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर प्राचार्य, आचार्य, और अभिभावकों ने मिलकर विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। चंद्रशेखर चौधरी ने कहा कि इस तरह की गोष्ठियों का आयोजन बच्चों के समग्र विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के साथ मिलकर काम करने और उनके सपनों को पूरा करने में मदद करने का आग्रह किया। गोष्ठी में विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद ने अभिभावकों का स्वागत किया और बच्चों की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे अभिभावक घर पर बच्चों को पढ़ाई में मदद कर सकते हैं और उनके भविष्य के लिए बेहतर निर्णय लेने में उनकी सहायता कर सकते हैं। गोष्ठी में दशम के कक्षाचार्य अमरदीप नाथ शाहदेव, रेखा पाठक एवं द्वादश के कक्षाचार्य राकेश कुमार सहाय ने भी विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे। उन्होंने बच्चों के सामने आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान के बारे में बताया। साथ ही, उन्होंने अभिभावकों को बच्चों के साथ कैसे संवाद करें और उनकी समस्याओं को समझें, इस बारे में भी जानकारी दी। गोष्ठी में अभिभावकों ने भी अपनी बात रखी और शिक्षकों से कई सवाल पूछे। उन्होंने बच्चों के करियर विकल्पों, बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी और अन्य संबंधित मुद्दों पर जानकारी ली। गोष्ठी का संचालन आचार्या रेखा पाठक ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभारी मिथिलेश कुमार खन्ना आचार्य अक्षय कुमार सिंह,इंद्रजीत कुमार सिंह,शशि कान्त, सेखर कुमार,अनूप झा,ज्योति राजहंस,आरती झा आदि की प्रमुख भूमिका रही।

लोजपा (रामविलास) का 24 वां स्थापना दिवस मना

# पार्टी कार्यकर्ताओं ने काटा केक, दी बधाई



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** रामगढ़ दुसाध टोला पासवान धर्मशाला में गुरुवार को लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) का 24 वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ भीमराव अंबेडकर एवं लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक रामविलास पासवान के चित्र पर माल्यार्पण कर हुआ। वहीं पार्टी के स्थापना दिवस पर जिला अध्यक्ष केवल पासवान एवं जिला और प्रदेश के पदाधिकारियों द्वारा केक काटा और एक दूसरे को बधाई दी। जिला अध्यक्ष केवल पासवान ने कहा की भारत के द्वितीय अंबेडकर कहे जाने वाले स्वर्गीय रामविलास पासवान के सपनों एवं उनके आधूरे कार्यों को चिराग पासवान पूरा कर रहे हैं। कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में देश के हर राज्य में पार्टी का जनाधार बढ़ रहा है। लोकसभा चुनाव में बिहार के लोकसभा सीट में हमारी पार्टी को गठबंधन के तहत 5 सीटें मिली। मौके पर मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश सचिव अर्जुन पासवान, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश प्रधान माहसचिव उपेंद्र गुप्ता, जिला प्रधान महासचिव आशीष गुप्ता, जिला, उपाध्यक्ष राजेंद्र नायक, गणेश पासवान, अनिल रजक, राजकिशोर पासवान, शंकर ठाकुर, गोपाल शाह बंटी कुमार, गौरव कुमार, अमर कुमार, छोटू कुमार, सुमित कुमार, सागर कुमार, गौतम कुमार, रिशु कुमार, सूर्य कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# किशोरियों को सही पोषण, आहार के साथ व्यक्तिगत स्वच्छता की जानकारी दी गई



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड क्षेत्र के गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक +2 हाई स्कूल के सभागार में छात्राओं के लिए किशोरावस्था स्वास्थ्य एवं मासिक धर्म स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा की एएनएम अलंकृता आरुणि हेंब्रम, गुलनाज खातून ने विद्यालय की छात्राओं को किशोरावस्था स्वास्थ्य एवं मासिक धर्म स्वच्छता विषय पर जानकारी दी। उन्होंने कम्प्यूटर प्रजेंटेशन के माध्यम से किशोरावस्था के साथ आने वाले शारीरिक, मानसिक व हार्मोनल परिवर्तनों के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि लड़कियों में मासिक धर्म का होना स्वाभाविक एवं प्राकृतिक प्रक्रिया है। जिसका नियमित होना स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। माहवारी के दौरान होने वाली कई भ्रांतियों को दूर किया गया। इसके अलावा किशोरियों में सुरक्षा और स्वच्छता से माहवारी प्रबंधन पैड के इस्तेमाल उसके निपटारे के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं गुलनाज खातून ने छात्राओं को आयरन के महत्व के बारे में समझाया। एनीमिया से निपटने के उपाय बताएं। 11 से 19 वर्ष तक के किशोरियों को सही पोषण, आहार के साथ व्यक्तिगत स्वच्छता की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्कूल की छात्राओं ने भी बढ़-चढ़ कर सवाल पूछा और अपनी समस्या को बताया और उसका निदान जाना। विद्यालय के निदेशक डॉ आईपी भारती ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन से छात्राओं में उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता होगी। कार्यक्रम में प्रिंसिपल स्वाति रंजन, शिक्षिका दीक्षा शर्मा और प्रीति प्रभा भी मौजूद थी।

### कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव से आशीर्वाद लेने दिल्ली पहुंचे विधायक

# जिले से एक विधायक को मंत्रिमंडल में शामिल करने का किया आग्रह

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा विधानसभा चुनाव जीतने के बाद दिल्ली पहुंच कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह ऑर्गनाइजेशन केसी वेणुगोपाल से शिष्टाचार भेंट कर आशीर्वाद लिया। विधायक भूषण बाड़ा ने झारखंड की वर्तमान राजनीति खासकर सिमडेगा की वर्तमान राजनीति के संबंध में जानकारी दी। विधायक भूषण बाड़ा ने बताया सिमडेगा जिला झारखंड के अंतिम छोर में ओडिशा और छत्तीसगढ़ के बॉर्डर में बसा हुआ है। इस चुनाव में दोनों ही राज्य के भाजपा के कई मंत्रियों और विधायको ने संसाधनों से लैश होकर भाजपा को जिताने के लिए एड़ी चोटी लगा दिया था। दोनों ही राज्य के मंत्रियों एवं विधायकों ने सिमडेगा में ही डेरा डाल रखा था। लेकिन जनता ने आपार समर्थन देते हुए लगभग दस हजार के बढ़त के साथ कांग्रेस को जिताने का काम किया। ऐसे में ईसाई



बहुल सिमडेगा वासी राज्य मंत्रिमंडल में जिले से नवनिर्वाचित हुए कांग्रेस के विधायकों में से एक विधायक को शामिल होने की आस लगाए बैठे हैं। विधायक भूषण बाड़ा ने बताया कि सिमडेगा जिला मंत्रिमंडल मिलने के मामले में काफी वर्षों से उपेक्षित है। इस कारण जिले के विकास की गति भी धीमी हो गई है। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य में ईसाई समुदाय की संख्या काफी अधिक है। जो शुरू से ही कांग्रेस का समर्थन करते आये हैं। ऐसे में राज्य के मंत्रिमंडल में एक ईसाई विधायक को शामिल करने की कांग्रेस के आलाकमान से उम्मीद लगाए बैठे हैं। ताकि राज्य के ईसाई समुदाय का भी विकास हो सके। विधायक ने बताया कि सिमडेगा जिले में जनता का आपार समर्थन कांग्रेस के साथ है। जनता के द्वारा प्राप्त आशीर्वाद से जिले में किसी भी अराजक तत्वों को किसी भी कीमत पर पनपने नहीं दिया जाएगा। इसके लिए आपके आशीर्वाद की जरूरत है। ताकि सिमडेगा जिला विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़े। साथ ही जिले में अराजक तत्वों को किसी भी कीमत में पनपने नहीं दिया जा सके। मौके पर महासचिव केसी बेनुगोपाल ने भी विधायक भूषण बाड़ा को आशीर्वाद दिया। साथ ही राज्य और जिले के विकास में हर सम्भव मदद करने का भरोसा जताया।

### जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की हुई बैठक

## उपायुक्त ने अवैध खनन पर रोक लगाने के दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पत्थर, बालू के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण आदि की गहन समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। बैठक के दौरान जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि नवंबर माह में बालू की अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के कई मामलों में कार्रवाई करते हुए, वाहनों को जब्त कर प्राथमिकी दर्ज गई है। तथा लगभग 1002133.00 रुपए जुर्माना राशि की वसूली की गई। साथ ही उन्होंने बताया कि बानो थाना अंतर्गत अवैध बालू भंडारण पर कार्रवाई करते हुए बालू को जब्त कर उसकी नीलामी की गई। जिसमें नीलामी कर्त्ता द्वारा उच्चतम डाक बोली लगाते हुए 2233012.00 जमा किया गया। उपायुक्त ने प्रखंड वार विस्तृत समीक्षा करते हुए जिला के अंचल अन्तर्गत बालू के अवैध उत्खनन, प्रेषण के रोकथाम हेतु लगातार स्थलीय निरीक्षण कर छापामारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिले में अवैध खनन के प्रति कार्रवाई करने अवैध उत्खनन पर रोक लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी अंचलाधिकारी से कहा कि अवैध खनन में पकड़े जाने वाली सभी मामलों पर तुरंत एफआईआर दर्ज करेंगे। उन्होंने कोलेबिरा में अवैध पत्थर खनन करने वाले पर शक्ति से कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,जिला खनन पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## धान अधिप्राप्ति का कार्य 15 दिसंबर से है प्रस्तावित



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को धान अधिप्राप्ति 2024-25 को लेकर जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित जिला सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि खरीफ विपणन मौसम 2024-25 में धान अधिप्राप्ति का कार्य 15 दिसंबर से प्रस्तावित है। कार्य प्रारंभ होने के पूर्व अधिप्राप्ति केंद्रों का चयन व चावल मिलर का निबंधन व अधिप्राप्ति केंद्रों के साथ टैगिंग से संबंधित सभी तैयारियां पूरी की जा रही है। इस पर उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में धान अधिप्राप्ति केंद्रों की संख्या, संबंधित पैक्सों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। जिला सहकारिता पदाधिकारी
ने बताया कि इस वर्ष जिले के 23 लैम्पसों द्वारा धान अधिप्राप्ति का क्रय किया जाएगा। सभी लैंप्स में राइस मिलों के बीच टैग किया गया है। तथा एजेंसी के माध्यम से एंट्री हेतु कंप्यूटर ऑपरेटर का बहाल सुनिश्चित किया जा रहा है।उपायुक्त ने जिले में धान अधिप्राप्ति का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला कृषि पदाधिकारी मुनेंद्र दास को कृषक मित्र के माध्यम से जिले के सुदूरवर्ती इलाकों के किसानों जागरूक करने की बात कहीं। साथ ही उन्होंने इस वित्तीय वर्ष 2024 -25 में अधिक से अधिक नये किसानों को जोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने सिमडेगा जिला में इस वित्तीय वर्ष 2024 -25 धान अधिप्राप्ति को बेहतर रूप से संचालित करने की बात कहीं। बैठक में एलआरडीसी अरुणा कुमारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी आत्म अभय टोप्पो सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

### डीसी ने की ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा

## 2016 से 22 तक के लंबित आवास निर्माण कार्य को करें जल्द पूरा : डीसी

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** उपायुक्तअजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग की प्रगति प्रतिवेदन आधारित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास, बिरसा आवास, पीएम जनमन, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन, बिरसा हरित ग्राम, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, विकास, मनरेगा सहित अन्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा किया गया। इस दौरान उन्होंने वित्तीय वर्ष 2016-2022 की लंबित आवास निर्माण कार्य को पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी लंबित आवास को प्रायोरिटी के साथ पूर्ण कराते हुए जिओ टैग करने की बात कहीं। पीएम जनमन संचालित योजनाओं को प्रगति की समीक्षा किया। उन्होंने पीएम जनमन के तहत पीभीटीजी परिवारों दिये जाने वाले आवास निर्माण कार्य की जानकारी ली। उन्होंने सभी स्वीकृत आवास निर्माण कार्य को ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कोलेबिरा, सिमडेगा, पाकरटांड़ एवं कुरडेग प्रखंड विकास पदाधिकारी से कहा कि पीभीटीजी परिवार जल्द उनका आवास मिले इस दिशा में कार्य करें। अबुआ आवास योजना की समीक्षा के क्रम में कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में लंबित सभी आवास को प्रायोरिटी के साथ पूर्ण करायें। साथ ही उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024 -25 के स्वीकृत सभी लाभुकों को ससमय प्रथम किस्त राशि भुगतान करें। मनरेगा के तहत मानव दिवस सृजन को बढ़ाने की बात कहीं। इस लिए उन्होंने प्रत्येक पंचायत एवं गांव में सरकार द्वारा निर्धारित योजना चयन कर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त महोदय ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी से कहा कि धरातल पर योजनाओं की क्रियान्वयन एवं संचालन बेहतर तरीके से हो किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसे सुनिश्चित करें। योजनाओं का लगातार निरीक्षण करके योजना का निमार्ण का की जायज। इसके अलावा उन्होंने पुराने लंबित योजनाओं को पूर्ण कराने पर जोर दिया। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं बीपीओ को लगातार योजना का निरीक्षण करने कर एरिया ऑफिसर एप्प में एंट्री सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की समीक्षा आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिले में जिन लोगों को पशुधन योजना का लाभ दिया

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ने ओल्ड एज होम का किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** प्रधान जिला जज राजीव कुमार सिन्हा के निर्देशानुसार गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम ने ओल्ड एज होम का निरीक्षण किया। इस दौरान होम में रहने वाले बुजुर्गों के लिए सरकार द्वारा उपलब्ध सुविधाओं का सचिव ने जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कुछ कमियां पाई गई उसे वार्डन को दूर करने का निर्देश दिया गया। सचिव ने कहा कि होम में रहने वाले सभी बुजुर्गों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करनी है। डॉक्टरों के द्वारा नियमित रूप से हेल्थ चेकअप किया जाना है। ठंड के मौसम में बुजुर्गों को कोई परेशानी ना हो इसका खास ख्याल




रखने का निर्देश दिया गया। सचिव ने सभी कक्ष का जायजा लिया। साफ सफाई पर खास ध्यान देने की बात कही। मौके पर समाजसेवियों द्वारा उपलब्ध कराए गए गर्म वस्त्र और कंबल सचिव ने होम में रह रहे लोगों को प्रदान किए। सचिव के साथ असिस्टेंट एलएडीसी सुकोमल और पीएलवी दीपक कुमार मौजूद थे।

## फांसी लगाकर एक व्यक्ति ने की आत्महत्या

**सिमडेगा।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत खिजरी पांडे टोली गांव निवासी 57 वर्षीय बुधवा प्रधान नमक वृद्ध ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले की जानकारी जब परिवार वालों को हुई तब शव को उतार कर इसकी सूचना पुलिस को दिया। इधर मामले की जानकारी मिलने के बाद सिमडेगा थाना के पुलिस पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमड़ेगा भेज दिया। जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि देर रात खाना खाने के बाद सोया और अचानक किसी बात को लेकर वह फांसी लगा लिया। इधर फांसी लगाने के कारणों का पता नहीं चल पाया है ।बताया जा रहा है कि उसकी पत्नी 6 महीना पूर्व दिल्ली काम करने गई है।

## मजबूत और सकारात्मक विपक्ष की भूमिका में रहेंगे : श्रद्धानन्द

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा विधानसभा के वीरू एवं सेवई मंडल में बीते विधानसभा चुनाव की समीक्षा गुरुवार को की गई। समीक्षा बैठक में बूथवार वोटिंग और विधानसभा रिजल्ट को लेकर चर्चा हुई साथ ही चुनाव के दौरान कहां चूक हुई इस पर भी चर्चा की गई। बैठक में भाजपा प्रत्याशी रहे श्रद्धानन्द बेसरा ने कहा सिमडेगा विधानसभा के मतदाताओं व कार्यकर्ताओं का भरपूर समर्थन और स्नेह मिला। सिमडेगा की जनता के सुख दुःख में भारतीय जनता पार्टी हमेशा तत्पर रहेगी। एक मजबूत और सकारात्मक विचारधारा के साथ विपक्ष की भूमिका में भाजपा



कार्यकर्ता रहेंगे। मौके पर जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक बीरू मंडल अध्यक्ष मुकेश पंडा सेवई मंडल अध्यक्ष देवकीनंदन साय ,संजय शर्मा, तुलसी साहु दीपनारायण दास, घनश्याम सिंह, गंगाधर लोहरा ,रंधीर कुमार ,ज्योती प्रसाद, लालू बड़ाइक, मंडल के पंचायत संयोजक,बुथ अध्यक्ष उपस्थित रहे मंच संचालन मंडल महामंत्री सतीश प्रसाद मौजूद थे।

## चौकीदार अभ्यर्थियों की हुई मेडिकल जांच

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर अस्पताल में गुरुवार को चौकीदार पद के अभ्यर्थियों का शिविर लगाकर मेडिकल जांच किया गया। इस मौके पर करीब 50 महिला एवं पुरुष अभ्यर्थी शामिल हुए ,जहां पर बारी-बारी से चिकित्सकों के द्वारा उनके स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान जिला सामान्य शाखा पदाधिकारी की उपस्थिति में सभी अभ्यर्थियों की जांच की गई ।मौके पर बताया गया कि शुक्रवार को भी बाकी अभ्यर्थियों की जांच की जाएगी। चौकीदार पद के अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसके बाद उनमें सफल अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन किया गया था। जहां से सफल चयन करने के बाद उन सभी चयनित अभ्यर्थियों का मेडिकल जांच की जा रही है।

### लीगल सर्विस यूनिट फॉर चिल्ड्रन समिति का प्रशिक्षण संपन्न

## बच्चे के साथ मारपीट किया जाना अपराध है : रमेश कुमार श्रीवास्तव

नवीन मेल संवाददाता




**सिमडेगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा गठित लीगल सर्विस यूनिट फॉर चिल्ड्रेन समिति सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन गुरुवार को हुआ। दो दिनों तक चले प्रशिक्षण कार्यशाला में समिति सदस्यों को बाल संरक्षण से जुड़े अधिनियमों और उसके पालन पर चर्चा की गई। मौके पर स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष रमेश कुमार श्रीवास्तव ने बाल संरक्षण से जुड़े कानूनों और स्थाई लोक अदालत के कार्यों के बारे जानकारी दी। उन्होंने चाइल्ड विक्टिम ऑफ क्राइम के बारे विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि किसी बच्चे के साथ मारपीट किया जाना अपराध है। कहा कि नाबालिग के साथ यौन हिंसा के मामले में सुनवाई पोक्सो एक्ट के तहत होता है। पीड़िता का नाम पता सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। साथ ही पीड़िता को मुआवजे का प्रावधान है। उन्होंने स्थाई लोक अदालत के बारे कहा कि सेवा प्रदाता के द्वारा सही सेवा नहीं दिया गया तो इसकी शिकायत यहां कर सकते हैं। स्थाई लोक अदालत द्वारा किए गए फैसले की अपील ऊपरी अदालत में नहीं की जा सकती है। यहां कोर्ट फीस नहीं लगता है। कहा कि बैंक,बिजली विभाग,एयरलाइंस कंपनी आदि के खिलाफ यहां शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी सुमित्रा बड़ाइक ने बाल कल्याण समिति के कार्यों के बारे जानकारी दी। कहा कि विधि विवादित बच्चों के मामलों की सुनवाई किशोर न्याय बोर्ड में की जाती है। जिन बच्चों का देखभाल करने वाला कोई नहीं है और पास पड़ोस के संरक्षण में है और मारपीट किया जाता है उन बच्चों के लिए पुनर्वास और संरक्षण संबंधी कार्य बाल संरक्षण समिति करती है। उन्होंने कहा कि प्लेस ऑफ सेफ्टी सिमडेगा में बनाया गया है। यहां 16 साल से अधिक उम्र के बच्चों जो अपराध किए हैं उन्हें रखा जाता है और इन्हें शिक्षा और व्यवसायिक प्रशिक्षण दिया जाता है। बड़ाइक ने स्पॉन्सरशिप योजना के बारे जानकारी दी। चीफ एलएडीसी प्रभात श्रीवास्तव ने पैनल अधिवक्ताओं के कार्य और इनका लाभ लेने वालों लोगों की श्रेणी के बारे में जानकारी दी। असिस्टेंट एलएडीसी सुकोमल ने महिला बंदियों के साथ जेल में रहने वाले छोटे छोटे बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे जानकारी दी। कार्यशाला के समापन में प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम ने कहा कि दो दिनों तक आप लोगों ने जो जानकारी हासिल की है। उसे अपने अंदर तक सीमित ना रखें। बल्कि इसके बारे लोगों को जागरूक करें ताकि उसका समुचित लाभ ग्रामीण उठा सकें। तब ही इस प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्देश्य पूरा हो सकेगा। मौके पर डिप्टी एलएडीसी ब्रिखभान अग्रवाल,अधिवक्ता संजय महतो,अरुण तिर्की,प्रेमानंदशील टोपनो सहित कई अधिवक्ता व पीएलवी मौजूद थे।

### लोहरदगा में जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध कार्यक्रम आयोजित

## लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के लिए जागरूकता जरूरी : डीडीसी

नवीन मेल संवाददाता




**लोहरदगा।** जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान जो 25 नवंबर 2024 से 23 दिसंबर 2024 तक चलने वाली है। समाज कल्याण विभाग लोहरदगा के तत्वाधान में लोहरदगा के बड़ा तालाब परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के लिए प्रचार प्रसार एवं लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के हिंसा पर सभी जगह परिचर्चा एवं चिंतन होना चाहिए तथा इसके उन्मूलन के लिए सामाजिक संगठनों के साथ योजना बनाकर कार्य करने की आवश्यकता है। महिलाओं के प्रति हिंसा रोकने के लिए बनाए गए कानूनों को लागू करने की सामाजिक जिम्मेदारी है। महिलाओं के महानता के बारे में बताते हुए उन्होंने बताया कि वह पूरे भारत देश की माता है उनकी सम्मान एवं पूजा होनी चाहिए। इस अवसर पर जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। साथ ही हिंसा के खिलाफ जागरूकता के लिए शपथ लिया गया। इस कार्यक्रम में अधिवक्ता प्रिंवादा कुमारी, एवं सखी मंडल के दीदी एवं अन्य उपस्थित थी।

**महिलाओं के खिलाफ हिंसा एक दंडनीय अपराध है : डीएसडब्ल्यूओ :** जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा ने बताया कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा एक दंडनीय अपराध है समाज के सभी लोगों को इसके खिलाफ आवाज उठाना चाहिए उन्होंने उपस्थित महिलाओं से अपील की किए हुए हिंसा के खिलाफ चुप रह कर इसका सहभागी न बने। उन्होंने कहा कि अन्याय के खिलाफ साथ दे। उन्होंने हिंसा के खिलाफ शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर 112 एवं साइबर सेल 1930 के बारे में विस्तार पूर्वक बताई।

**महिलाएं अपनी समस्याओं को निःसंकोच होकर पुलिस प्रशासन के समक्ष रखें : एसडीपीओ :** जिले की अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा ने मौके पर मौजूद महिलाओं और युवतियों को कहा कि आप अपने साथ होने वाली प्रताड़ना या फिर किसी प्रकार की समस्याओ को निःसंकोच होकर पुलिस प्रशासन के समक्ष रखें निश्चित रूप से त्वरित कार्रवाई किया जाएगा। एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने कहा कि आप अपने हक अधिकार को लेकर एकजुटता दिखाते हुए आगे बढ़ें और हर चुनौतियों का सामना करें, पुलिस प्रशासन आपके साथ हमेशा खड़ा है। उन्होंने कहा कि आज भी लोगों में जेंडर को लेकर भेद-भाव कहीं-कहीं है उसे दूर करने में हम सभी को आगे आने की जरूरत है।

## न्यूज बॉक्स

### उपायुक्त ने कार्यालय कक्ष में लगाया जनता दरबार

**सिमडेगा।** आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त अजय कुमार सिंह के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया ।इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। उपायुक्त के जनता दरबार में जमीन विवाद एवं अन्य विषयों से संबंधित मामले आये। उपायुक्त द्वारा जनता दरबार में शिकायतकतार्ओं की समस्याओं को सुनने के पश्चात सभी संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु अग्रसारित किया।

### वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**जलडेगा।** कोशिश एडवेंटिस्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल में बुधवार को वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में खेल के प्रति बच्चों में काफी उत्साह दिखाई दिया। इस दौरान सौ और दो सौ मीटर रेस, लांग जंप, स्पून रेस, स्लो साइक्लिंग, फुटबॉल, थ्रो बॉल, हैंड बॉल सहित कई अन्य प्रतियोगिता में बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में मुख्य रूप में कांग्रेसी पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष सुशील जड़िया, अमर तोपनो, अवध कुमार साहू, जलडेगा थाना के एसआई सोनू कुमार, केलुगा ग्राम प्रधान ख्रीस्तोफर तोपनो, टांगिया ग्राम प्रधान सावन तोपनो, प्रेम तोपनो और काफी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे। उपस्थित अतिथियों का स्वागत स्कूल के प्रबंधक सुनीत कंडुलना, सुदर्शन कंडुलना एवं शिक्षकों द्वार किया गया। वहीं प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान में आने वाले बच्चों को अतिथियों ने पुरस्कृत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने खेलो के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि खेलों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान होता है। खेलों से बच्चों के जीवन में सहयोग की भावना का विकास होता है। खेलकूद से बच्चे शारीरिक और मानसिक रूप से भी सुदृढ़ होते है। प्रतियोगिता के सफल संचालन, खेल मैदान बनाने और बच्चों को खेल के दौरान सहयोग करने में केलुगा स्पोर्ट्स क्लब के संचालक विष्णु नारायण कंठियार, राजेन्द्र मांझी, संतोष मांझी, मनोज मांझी का विशेष योगदान रहा।

### ओडगा पंचायत सचिवालय में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन

**जलडेगा।** ओडगा पंचायत सचिवालय परिसर में प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ जोनसन भेंगरा की अगुवाई में विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में 20 पशुपालकों के बीच मिनिरल मिक्सचर, विटामीन, बुखार, क्रिमी आदि की दवाईयां बांटी गई एवं गाय, बैल, बकरी, मुर्गी, सुकर के रोग एवं उपचार के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर टीबीओ स्वाति सुमन बाड़ा, बंधन उरांव, स्थानीय जनप्रतिनिधि और पशुपालक उपस्थित थे।

### बानो पुलिस ने वाहन चोरी के 2 आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बानो।** बानो पुलिस ने बीते दोनों हुए थाना क्षेत्र में स्कूटी चोरी मामले में सफलता हासिल करते हुए गुरुवार को दो लोगों को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी विकास कुमार ने बताया कि



स्कूटी चोरी होने के बाद पीड़ित द्वारा बानो थाना में चोरी से संबंधित लिखित शिकायत की थी जिसके बाद बानो थाना में थाना काण्ड सं0- 62/24 दिनांक- 01-11-24 धारा- 303(2) इठर के तहत् अज्ञात के विरूद्ध काण्ड दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा टीम बनाकर बारीकी से सभी क्षेत्रों पर छापेमारी अभियान चलाया गया वहीं इस दौरान संजय गोप सुरूवा बड़काटोली गुमला को गिरफ्तार किया गया तथा उसके निशानदेही पर छापामारी अभियान चलाकर रूपेश गोप पाबुड़ा बानो निवासी को गुरुवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। अभियुक्त रूपेश के घर से चोरी का स्कूटी को भी बरामद कर लिया गया है ।छापेमारी में सब इंस्पेक्टर निरंजन महतो सब इंस्पेक्टर जितेन्द्र प्रसाद वर्मा हव बब्लू हेमरोम आरक्षी योगेश्वर महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### बाल विवाह मुक्त भारत को लेकर जागरूकता मार्च निकाला गया


**रांची।** सिमडेगा। जिले में पिछले डेढ़ साल में छोटानागपुर कल्याण निकेतन ने स्थानीय प्रशासन के साथ 2023-24 में ही जिले में 300 बाल- विवाह रुकवाया है। बाल विवाह रुकवाने वाले गैरसरकारी संगठन छोटानागपुर कल्याण निकेतन के लोगों ने कहा, इस अभियान से बाल विवाह के खात्मे की लड़ाई को गति मिलेगी। इस दौरान 8570 लोगों ने बाल विवाह के खिलाफ शपथ ली। मौके पर पुरोहितों, मौलवियों, हलवाइयों, रसोइयों, सजावट, बैंड बाजा वालों व शादी का कार्ड छापने वाले प्रिंटिंग प्रेस के मालिकों जैसे विवाह से जुड़े सभी हितधारकों ने शपथ ली कि वे बाल विवाह संपन्न कराने में किसी भी तरह से भागीदारी नहीं करेंगे। इसकी सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों को देंगे। मौके पर कई लोग उपस्थित थे।

### शराब मुक्त पंचायत बनाने को लेकर बानो मुखिया ने चलाया जागरूकता अभियान

**बानो।** प्रखण्ड भीखरा टोली में शराब मुक्त पंचायत बनने को लेकर बानो मुखिया विश्वनाथ बडाइक ने जागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने लोगों को नशापान से होने वाली परेशानी व बीमारियों के बारे जानकारी दिया तथा कहा कि बानो पंचायत को नशामुक्त पंचायत बनना है। इसके लिए सभी को सहयोग करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि नशा घर में कलह का कारण है तथा परिवार बिखर जाता है। बाल-बच्चे भी गलत दिशा मे भटक जाते है। इससे समाज में बुरा असर पड़ता है। इस अवसर पर भिखराटोली के काफी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित थे।

### सिमडेगा बाजार में हुई नागपुरी गाने की शूटिंग

**सिमडेगा।** सिमडेगा खेल की नगरी के साथ-साथ यहां ऐसे कई सितारे हैं जो की झारखंड में नागपुरी जगत में सिमडेगा का नाम पूरे भारतवर्ष में रोशन कर रहे हैं। ऐसे ही सत्या महतो सिमडेगा के हसीन वादियों में कई गाने शूटिंग कर चुके हैं ।इधर, गुरुवार को सिमडेगा बाजार में भी नागपुरी गाने की शूटिंग हुई। जहां पर मुख्य कलाकार के रूप में सत्या महतो महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि यह गाना आपसी सौहार्द के लिए



बनाया गया, जहां पर हिंदू मुस्लिम सभी लोगों को को गाने के माध्यम से आपसी प्रेम भाईचारा का संदेश देने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में जिस प्रकार से समाज में एक दूसरे समुदाय के प्रति द्वेष की भावना देखने को मिल रही है उसे दूर करने का प्रयास अपने स्तर पर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि सभी समुदाय के लोग आपस में मिलजुल कर रहें, जिससे कि समाज में एक नई मिसाल पेश हो। उन्होंने बताया कि इस गाने में सत्य महतो के अलावा जूनियर कलाकार जयंत पांडा ,तनवीर खान ,विशाल ,विक्रम नाग, पंकज कुमार, सुभाष महतो एवं संध्या ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है मवही उन्होंने बताया कि इस गाने की शूटिंग बड़ा बरपानी केलाघाघ डैम मंदिर ,सिमडेगा बाजार सहित अन्य जगहों पर किया गया है।

## एक नजर

### बाइक सवार ने बुजुर्ग को मारी टक्कर गुमला रेफर

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के छतरपुर ढोड़ा के पास बाइक सवार व्यक्ति ने जलावन के लिए लकड़ी ले जा रहे बुजुर्ग व्यक्ति को धक्का मार दिया। जिससे छतरपुर गांव निवासी भगत नायक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं बाईक सवार को भी चोट लगी। जिसे प्रशासन एवं ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। इस घटना में भगत नायक की बाये पैर की हड्डी टूट गयी एवं सिर में गम्भीर चोट लगी है। इधर, डाक्टरों ने उसका प्राथमिक उपचार कर बेहतर ईलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही चैनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और बाइक सवार को हिरासत में कर उसे भी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

### शराब बेचने से मना करने पर बड़े भाई और भाभी पर हमला, दोनों रेफर

**गिरिडीह (तिसरी)।** छोटे भाई और उसकी पत्नी को शराब बेचने से मना करना बड़े भाई और उसकी पत्नी के लिए मुसीबत साबित हो गया। छोटे भाई और उसकी पत्नी ने उन दोनों पर जानलेवा हमला कर दिया। मामला तिसरी थाना क्षेत्र के चंदौरी का है। बताया गया कि चंदौरी के रविदास टोला निवासी 56 वर्षीय सुरेश रविदास के छोटे भाई और उनकी पत्नी देशी शराब बेचने का कार्य करते हैं। जिसको लेकर दोनों परिवारों के बीच विवाद होते रहता था। इसी को लेकर गुरुवार को फिर से विवाद हुआ जिसमें दोनों दम्पति आपस में भीड़ गए। जिसके बाद सुरेश रविदास और उनकी पत्नी रुकमणी देवी को उनके ही छोटे भाई टहलू रविदास द्वारा टांगी से वार कर बुरी तरह जख्मी कर देने की बात बताई जा रही है।

### डेंटल कॉलेज व मिशन हॉस्पिटल ने लगाया निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

# मरीजों की परेशानियों को कम करना है : डॉ प्रवीण श्रीनिवास



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल एवं संत कोलम्बस मिशन हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को कटकमदाग प्रखण्ड स्थित अडरा पंचायत भवन में निःशुल्क दंत जांच शिविर एवं निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें जरूरमंद ग्रामीणों को चिकित्सकों द्वारा दांत एवं स्वास्थ्य का जांच कर उचित परामर्श दिया गया। शिविर में 80 जरूरतमंद ग्रामीणों का जांच किया गया। उपचार के साथ चिकित्सकों के द्वारा उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श दिया गया। निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में बीपी, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर एवं आरबीएस का जांच मुफ्त हुआ। मुफ्त दवाई भी उपलब्ध कराया गया। मुफ्त मेडिकल कैंप से इलाज करवाकर मरीजों ने संत कोलम्बस मिशन हॉस्पिटल एवं हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल का धन्यवाद व साधुवाद ज्ञापित किया। शिविर के आयोजन में स्थानीय मुखिया विजय राम ने सरहानीय योगदान दिया। मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष एवं डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि शिविर में बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है। वर्तमान दौर में स्वास्थ्य के क्षेत्र में मरीजों की परेशानियों को कम करने के उद्देश्य से हर जगह निःशुल्क शिविर लगाया जा रहा है। इस विशेष पहल से कई जरूरतमंदों को अनुभवी चिकित्सकों से उपचार कर उत्तम स्वास्थ्य का लाभ मिल रहा है। अस्पताल एवं कॉलेज परिवार की आगे भी कोशिश रहेगा की यह मुफ्त शिविर जगह- जगह पर जारी रहे और जरूरतमंद शिविर से लाभान्वित हो। मौके पर मुखिया विजय राम ने कहा कि वाकई मे स्वास्थ्य के क्षेत्र में मिशन हॉस्पिटल एवं डेंटल कॉलेज काफी अच्छा पहल है।

### 3 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए घर-घर सर्वेक्षण शुरू

**गुमला।** झारखंड शिक्षा परियोजना के तहत गुमला जिले में 3 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की शैक्षणिक स्थिति जानने के लिए घर-घर सर्वेक्षण का कार्य 4 दिसंबर 2024 से शुरू किया जाएगा, जो 4 जनवरी 2025 तक चलेगा। इस बारे में जानकारी देते हुए अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ज्योति खलखो ने बताया कि यह सर्वेक्षण स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग, झारखंड, रांची के निदेर्शानुसार आयोजित किया जा रहा है। सर्वेक्षण के दौरान सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षक घर-घर जाकर शिशु पंजी सर्वे का कार्य करेंगे। सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि 3 से 18 वर्ष के बच्चे स्कूल जा रहे हैं या नहीं। इससे बच्चों की शैक्षणिक स्थिति और स्कूल में नामांकन से संबंधित डेटा एकत्र किया जाएगा। ज्योति खलखो ने सर्वेक्षण में सभी लोगों से सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह कार्य बच्चों की शिक्षा को सुदृढ़ करने और हर बच्चे को स्कूल से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# जेएससीए अंडर-14 टूर्नामेंट: जामताड़ा और सरायकेला-खरसावां की मैच टाई




**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** जेएससीए अंतर जिला अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को खेले गए छोटे स्कोर के रोमांचक मैच में जामताड़ा और सरायकेला-खरसावां के बीच मुकाबला टाई हो गया। दोनों टीमों ने 60-60 रन बनाए, जिसके चलते दोनों को 2-2 अंक मिले और वे अगले चक्र में प्रवेश कर गईं। यह मुकाबला जिला मुख्यालय स्थित तेलगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जामताड़ा की टीम मात्र 11.2 ओवर में 60 रनों पर ढेर हो गई। टीम के लिए प्रियांशु कुमार ने सर्वाधिक 15 और सकिल अहमद ने 10 रन बनाए। सरायकेला-खरसावां के गेंदबाज जय कुमार ने घातक प्रदर्शन करते हुए 6 ओवर में 27 रन देकर 7 विकेट चटकाए। जय ने अपनी हैट्रिक के दम पर जामताड़ा के मध्यक्रम को ध्वस्त कर दिया। 60 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा करने उतरी सरायकेला-खरसावां की टीम भी दबाव में लड़खड़ा गई और पूरी टीम 60 रनों पर सिमट गई। टीम के लिए किशन ऋषि ने 16 रनों का योगदान दिया, जबकि अतिरिक्त रनों के तौर पर 22 रन मिले। जामताड़ा के गेंदबाज अंकित कुमार और सकिल अहमद ने चार-चार विकेट लेकर अपनी टीम को मुकाबले में बनाए रखा। प्लेयर ऑफ द मैच : शानदार गेंदबाजी के लिए जय कुमार को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्हें टीआरडीओ रोनित सिंह और सचिव जितेंद्र सिंह ने ट्रॉफी और 5000 रुपये का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अंपायर रमेश कुमार और प्रशांत कुमार, स्कोरर शशिभूषण मिश्रा के साथ मनोज चौधरी, ज्ञान प्रकाश, अंकित विश्वकर्मा, लाल चंद्रशेखर, सुनील सिंह और आयुष अग्रवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर की टक्कर से छात्र घायल मोहल्लेवासियों ने किया सड़क जाम



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** केदार बागान डीएसपी रोड से नोट्रेडम स्कूल जाने वाली मुख्य सड़क की जर्जर स्थिति ने आज एक बड़ा हादसा करा दिया। एक स्कूली छात्र ट्रैक्टर से बचने के प्रयास में सड़क किनारे खुली नाली में गिर गया, जिससे उसका एक हाथ टूट गया। इस घटना के बाद मोहल्ले के निवासियों, खासकर महिलाओं ने आक्रोशित होकर सड़क जाम कर दिया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। यह सड़क अत्यधिक व्यस्ततम मार्ग है, जहां से प्रतिदिन सैकड़ों स्कूल वाहन, भारी ट्रैक्टर और जेसीबी गुजरते हैं। लगातार बढ़ते दबाव के कारण सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है और किनारे की नालियां खुली पड़ी हैं। यही कारण है कि इस क्षेत्र में दुर्घटनाएं आम हो गई हैं। घटना के बाद स्थानीय महिलाओं ने बांस-बल्ली लगाकर सड़क को जाम कर दिया। उनका कहना है कि प्रशासन की लापरवाही के चलते यह हादसा हुआ है। महिलाओं ने सड़कों और नालियों के पुनर्निर्माण की मांग करते हुए कहा कि अगर समस्या का समाधान जल्द नहीं हुआ, तो विरोध प्रदर्शन और तेज होगा। विरोध प्रदर्शन में कमला शर्मा, ललिता देवी, गीत देवी, इंदु पुरी, नैना कुमारी, अंजू देवी, रेखा दास, प्रिया कुमारी, नेहा कुमारी और शांति देवी सहित कई अन्य महिलाएं सक्रिय रहीं।

### गोमिया स्वर्णकार समाज के लोग डॉ लंबोदर से मिले, कहा -साथ थे व हमेशा रहेंगे

**गोमिया।** पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो संपन्न गोमिया विधानसभा क्षेत्र के चुनाव परिणाम को सहज रूप से लेते हुए जहां गोमिया विधानसभा क्षेत्र की जनता के बीच अपना संपर्क और संवाद प्रारंभ कर दिया है वहीं लोगों के विचारों को सुन व समझ कर अपनी सक्रियता आम जनों के बीच बढ़ा दी है। इसी क्रम में आज गोमिया में गोमिया स्वर्णकार समाज के लोगों ने डॉ लंबोदर महतो से मिलकर अपना सहयोग व समर्थन जहां व्यक्त किया है वहीं सुख-दुख में सदैव साथ खड़ा रहने की अपनी वचनबद्धता दुहराते हुए कहा कि साथ थे और हमेशा रहेंगे। डॉ लंबोदर महतो से मिलने वालों में गोमिया स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष अंतु स्वर्णकार, सचिव धीरज स्वर्णकार, कोषाध्यक्ष दिलीप स्वर्ण कार, उपाध्यक्ष गणेश स्वर्णकार, संगठन मंत्री संदीप स्वर्णकार, प्रभु स्वर्णकार, सीता राम ठाकुर, दिनेश स्वर्ण कार,फागू स्वर्णकार, आदित्य स्वर्ण कार, नारायण स्वर्णकार, विजय स्वर्णकार, उदय स्वर्णकार, सुखदेव स्वर्णकार व सहदेव स्वर्णकार आदि शामिल थे।

# भरनो में बढ़ती ठंड से कांप रहे लोग चौक-चौराहों पर हुई अलाव की व्यवस्था

*ग्रामीणों ने अंचल प्रशासन से मांग की है कि बढ़ती ठंड को देखते हुए चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था करवाई जाए*



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** भरनो प्रखंड में ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। हाड़ कंपा देने वाली सर्दी के चलते ब्लॉक चौक और आसपास के इलाकों में लोग अलाव जलाकर ठंड से राहत पाने का प्रयास कर रहे हैं। ब्लॉक चौक, जहां प्रखंड के विभिन्न गांवों से लोगों का आना-जाना लगा रहता है, वहां स्थानीय निवासियों ने अपने स्तर पर लकड़ी की व्यवस्था कर अलाव जलाया है ताकि राहगीरों और ग्रामीणों को ठंड से बचाया जा सके। ग्रामीणों ने अंचल प्रशासन से मांग की है कि बढ़ती ठंड को देखते हुए चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था करवाई जाए। इससे राहगीरों और ठंड से परेशान लोगों को राहत मिल सकेगी।

**मौसम विभाग का अलर्ट :** बंगाल की खाड़ी से उठा साइक्लोन 'फेंगल' तूफान तमिलनाडु की ओर बढ़ रहा है, लेकिन इसका प्रभाव झारखंड और बिहार में भी देखने को मिल सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र ने दोनों राज्यों के लिए अलर्ट जारी किया है। हालांकि, तेज हवाओं और बारिश की संभावना नहीं है, लेकिन ठंड और बढ़ सकती है। भरनो में ठंड का प्रकोप धीरे-धीरे बढ़ रहा है, जिससे ग्रामीण चौक-चौराहों पर अलाव जलाकर ठंड भगाने की कोशिश कर रहे हैं।

# क्रांतिदूत शहीद शक्ति नाथ महतो का 47वां शहादत दिवस मनाया गया

**नवीन मेल संवाददाता। तेतुलमारी** झारखंड के वीर सपूत क्रांतिदूत शहीद शक्ति नाथ महतो का 47वां शहादत दिवस शहीद शक्ति नाथ महतो चौक तेतुलमारी में सम्मानपूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम शहीद की पत्नी सुची देवी तथा पुत्री अंजना देवी ने गंगाजल व दूध से स्मारक को नहला कर,धूप दिखाकर एवं माल्यार्पण कर श्रंधाजलि अर्पित की। श्रंधाजलि अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से विधायक चन्द्रदेव महतो, विधायक जयराम महतो, जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह, तारा देवी, थाना प्रभारी सतेन्द्र यादव, जिला अध्यक्ष लखी सोरेन, कॉ. हलधर महतो, रमेश टुडू, जिला परिषद सदस्य मो. इसराफिल, उषा महतो, बाणी देवी, दिलीप चौधरी, सुभाष रवानी, पूर्व पार्षद छोटु सिंह, बिरजु बाउरी, मोतीलाल महतो, सुरेश महतो, लखन लाल महतो, महादेव महतो, नागेश्वर महतो, विशाल बाल्मिकी, सुशील सिंह, माडा एसडीओ रजनीश कुमार, दिपेश चौहान सहित स्मारक समिति के शिव प्रसाद महतो,लोकनाथ महतो, सपन पंडित, गौतम कुमार महतो, प्रफुल मंडल, जवाहर रवानी, दिनेश महतो, दशरथ कुम्हार, रामाशिष चौहान, गणेश चौहान, करमचंद महतो, कांशी तुरी, मुक्तेश्वर महतो, बडा बाबू,सीता राम बाउरी,बासु महतो सहित अन्य शामिल हैं। कार्यक्रम को सम्बोधित करतें हुये जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने झारखंड सरकार से मांग की हैं कि झारखंड के स्कुल के पाठ्यपुस्तक में इनकी जीवनी को शामिल किया जाये ।ताकि आने वाले बच्चों को इनकी जीवनी की जानकारी मिलें ।जिप अध्यक्ष के द्वारा बच्चों के बीच कलम कॉपी का वितरण किया गया ।मौके पर इपटा कलाकारों के द्वारा श्रंधाजलि गीत संगीत की प्रस्तुति भी दी गई।

### लैंगिक हिंसा विरुद्ध राष्ट्रव्यापी जेंडर अभियान कार्यशाला का आयोजन

# महिलाएं हिंसा सहें नहीं आवाज उठाएं : शिप्रा सिन्हा




*घटना को साझा करने के लिए एक सुरक्षित माहौल दें, संघर्षशील महिला को सही जानकारी दें, ताकि वो अपना फैसला स्वयं ले सके*

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** नई चेतना 3.0 लैंगिक हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रव्यापी जेंडर अभियान (25 नवंबर से 23 दिसंबर 2024) के तहत गुरुवार को सखी वन स्टॉप सेंटर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा उपस्थित थे। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को बताया कि हिंसा सहें नहीं आवाज उठाएं, पीड़िता नहीं संघर्षशील कहलाएं। उन्होंने कहा कि इस राष्ट्रव्यापी अभियान में हमारी भूमिका है कि बैठक करके लोगों के बीच जागरूकता पर चर्चा करें। उन्होंने जेंडर रिसोर्स सेंटर के कर्मियों से कहा कि अगर कोई मदद मांगे तो उसकी सहायता कर हेल्पलाईन नंबर साझा करें। घटना को साझा करने के लिए एक सुरक्षित माहौल दें, संघर्षशील महिला को सही जानकारी दें, ताकि वो अपना फैसला स्वयं ले सकें। साथ ही उपलब्ध सेवाओं के प्रति जागरूक रहें एवं सेवाओं तक पहुँचाने में मदद करें। उन्होंने पोक्सो एक्ट, घरेलु हिंसा अधिनियम के हेल्प लाईन नम्बर (112, 181, 1098), सखी वन स्टॉप सेंटर एवं शक्ति सदन आदि के संबंध में क्षेत्र की महिलाओं के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार का आग्रह किया गया। कार्यशाला में विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूलों में गुड टच, बैड टच, गुड विहैवियर इत्यादि के बारे में आडियो एवं विडियो के माध्यम से जानकारी देने को कहा गया। इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी संजय प्रसाद, विधि परिवीक्षा पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह, यूनिसेफ के क्कर राजनन्दिनी सहित सभी पीएलवी एवं जेंडर रिर्सास सेंटर के सदस्यगण उपस्थित थे।

### पुराना डीसी कार्यालय परिसर में चोरी

# जेरेडा के कीमती उपकरण ले उड़े चोर

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** शहर में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। ताजा मामला पुराना डीसी और प्रखंड कार्यालय परिसर का है, जहां चोरों ने जेरेडा कंपनी के सोलर प्लेट सहित अन्य महंगे उपकरण चुराकर फरार हो गए। चोरी की यह घटना खास इसलिए भी है क्योंकि उसी परिसर में एसडीपीओ और अन्य अधिकारियों के कार्यालय भी स्थित हैं। जब जेरेडा के कर्मी सदर थाना में सोलर लाइट लगाने के काम से लौटे तो पाया कि स्टोर रूम का सामान बिखरा पड़ा है। चोर चार कार्टन सोलर प्लेट (24 पीस), 3600 मीटर तार, गैस टंकी, ड्रिल मशीन, बैटरी (6 पीस), एक अग्निशमन यंत्र और ?3600 नकद चुरा ले गए। इस संबंध में जेरेडा के कर्मी संतोष कुमार सिंह ने सदर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि रांची से आई दो टीम गुमला में सोलर लाइट लगाने का काम कर रही थीं। चोरी के समय ये टीम थाना परिसर में काम में व्यस्त थी। चोरों ने घटना को अंजाम देने के लिए पीछे के रास्ते बाउंड्री फांदी और कमरे का दरवाजा खुला छोड़ दिया।

**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
**(CIN: U40108JH2013SGC001704)**
(GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING)
**OFFICE:**
**General Manager, Contracts & Materials, Multi-Lateral Funding Projects,**
JUSNL Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002 (Jharkhand)
Email: piujusnl@gmail.com____Visit us on: www.jharkhandtenders.gov.in

**e-Tender Cancellation Notice**

**Due to unavoidable circumstances, the followings NIT is hereby cancelled: -**

| NIT No. | Name of work (Request for Bid (RfB)) |
|---|---|
| 113/PR/ JUSNL/ 2024-25 | Design, Engineering, Supply, Installation, Testing & Commissioning of 220/132 kV Grid Substations at Jadugoda and additional 132 kV Bays at Dhalbhumgarh GSS along with dismantling Works. |

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फी नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

PR No. 330529

Sd/-
General Manager
C&M, MLFP, JUSNL, Ranchi

PR 340697 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25)#D

### सदर विधायक ने बिजली समस्या को लेकर अधिकारियों से की वार्ता

# जनता को निर्बाध बिजली सेवा उपलब्ध कराना मेरी प्राथमिकता : प्रदीप प्रसाद



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** नवनिर्वाचित विधायक प्रदीप प्रसाद ने गुरुवार को अपने कार्यालय सभागार में क्षेत्र की बिजली समस्याओं के समाधान हेतु बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की।अधिकारियों के द्वारा विधायक श्री प्रदीप प्रसाद को पौधा भेंट कर उन्हें बधाई दी । बैठक में क्षेत्र के बिजली आपूर्ति में आ रही समस्याओं और उनके समाधान पर गहन चर्चा की गई। मुख्य रूप से ट्रांसफार्मर की आपूर्ति, ट्रांसफार्मर तेल की उपलब्धता, और बिजली तारों की मरम्मत जैसे विषयों पर विशेष जोर दिया गया।

**विधायक प्रदीप प्रसाद ने दिए निर्देश :** शहरी क्षेत्रों में 2 घंटे के भीतर नए ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराए जाएं, ग्रामीण क्षेत्रों में 5 से 6 घंटे के भीतर नए ट्रांसफार्मर की आपूर्ति सुनिश्चित हो,क्षेत्र में झूलते और जर्जर तारों की तत्काल मरम्मत की जाए ताकि भविष्य में बिजली की समस्याओं से जनता को राहत मिले। बैठक में उपस्थित जीएम दिनेश कुमार ने विधायक की बातों का समर्थन करते हुए कहा कि क्षेत्र में बिजली आपूर्ति को मजबूत और सुचारू बनाने के लिए विभाग हर संभव प्रयास करेगा। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्रों में कम से कम समय के भीतर स्टैंडबाय ट्रांसफार्मर की व्यवस्था की जाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रयास रहेगा की 24 घंटे के भीतर ट्रांसफार्मर बदलने या उपलब्ध कराया जाए, विधायक ने अपने व्यक्तिगत प्रयासों से क्षेत्र के लिए अतिरिक्त ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। जी.एम दिनेश कुमार ने यह भी कहा कि विभाग और विधायक मिलकर यह सुनिश्चित करेंगे कि क्षेत्र में बिजली की समस्याओं का स्थायी समाधान हो। विधायक द्वारा उठाए गए मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर हल करने की योजना तैयार की गई है।

### जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया

# महापुरुषों ने देश की रक्षा के लिए बलिदान दिया : खेदू नायक

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** वनवासी कल्याण केंद्र झारखंड की शैक्षिक इकाई, श्री हरि वनवासी विकास समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर, बिरकेरा में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वनवासी कल्याण केंद्र गुमला के विभाग संगठन मंत्री खेदू नायक, विशिष्ट अतिथि देवेंद्र लाल उरांव, और विद्यालय समिति के संरक्षक फुदनाथ किसान ने भगवान बिरसा मुंडा, भारत माता और सरस्वती माता के चित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर खेदु नायक ने जनजातीय गौरव दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा देशभर में भगवान बिरसा मुंडा के जन्म जयंती पर यह कार्यक्रम आयोजित कर महान जनजातीय महापुरुषों के योगदान को याद किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन महापुरुषों ने देश, धर्म, संस्कृति और अपनी अस्मिता की रक्षा के लिए बलिदान दिया। उन्होंने जनजातीय समाज से उनके आदर्शों पर चलने और संस्कृति, लोक संगीत, स्वाभिमान तथा परंपरा को बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रों ने रंगारंग नागपुरी झूमर नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। इसके साथ ही बिरकेरा गांव की महिलाओं और पुरुषों ने मांदर और ढोल की थाप पर आदिवासी नृत्य-गान कर समां बांध दिया। कार्यक्रम में वनवासी कल्याण केंद्र गुमला के जिला अध्यक्ष बिसु सोरेंग और देवेंद्र लाल उरांव ने भी जनजातीय गौरव दिवस पर अपने विचार साझा किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य गजेंद्र किसान, आचार्य विकास कुमार साहू, आचार्या दमयंती देवी, और प्रबंधन समिति के सह सचिव बालमुकुंद सिंह के साथ सैकड़ों ग्रामीण महिला-पुरुष इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, KODERMA**

**e-Procurement Tender Notice**

Tender Reference No: - WRD/MID/KODERMA/F2-08/2024-25
Letter no:-636 Date: - 28.11.2024
**Details of Works:-**

| Serial No. | Scheme Name | Estimated Cost (In Lakh) | Time of Completion |
|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Check Dam on Aslaahi Nala at Block-Chandwara, Dist-Koderma | 56.480 | 11 Months |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of e-Tender on Website | 09.12.2024 at 3:00 P.M |
| 2. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 19.12.2024 up to 5:00 P.M |
| 3. | Last Date for Onlin-e Submission of Tender Fee and EMD | 19.12.2024 up to 5:00 P.M |
| 4. | Date of opening of e-Tender | 21.12.2024 at 3:00 P.M |
| 5. | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma |
| 6. | Contact no. of e-Procurement officer | 9939193214 |
| 7. | E-mail of e-Procurement office | eemidkod-cemr-jhr@nic.in |

**Note: -1) Only e-Tender will be accepted.**
**2) Published Estimated Cost May be Increased or Decreased.**
**3) Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD Through** http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma.**

PR 340640 (Minor Irrigation) 24-25 (D)

संपादकीय

## किसानों की भी सुध लेने का दौर

खरीफ की फसल लगभग पक कर तैयार है और कुछ किसानों ने तो फसल काट भी ली है जिनसे खुले बाजार के क्रेता जो चावल मिलों को धान सप्लाई करते हैं 16 सौ रुपए धान खरीदने का ऑफर दे रहे हैं । किसान अभी भाजपा की जीतने पर 3100 और इंडी गठबंधन की 3200 रुपए प्रति क्विंटल धन खरीदने की बात याद कर रही है । खबर है कि 15 दिसंबर से धान की सरकारी खरीद शुरू होगी । गत वर्ष धान खरीद का लक्ष्य पूरा नहीं हो पाया था । इस बार उम्मीद है कि यूपी की तरह 48 घंटे में धान के पैसे किसानों के खाते में पहुंच जाएंगे। कृषि प्रधान उत्तर प्रदेश हो,बिहार या झारखंड धर्म,जातीय विद्वेष और 1932 के खतियान और सरना कोड के इर्द गिर्द घूमती राजनीति शायद भूल रही है कि यह जय जवान जय किसान का देश है जहां की लगभग 75 प्रतिशत आबादी आज भी खेती और इससे जुड़े कार्यों से जुड़ी है । किसानों के कथित नेता भी किसानों की दुर्दशा या नगदी फसलों की उचित कीमत न मिलने या खाद बीज या कीटनाशक की अंधाधुंध बढ़ती कीमत जैसे मुद्दों पर सवाल न उठाकर सिर्फ एमएसपी या सब्सिडी तक ही सीमित रहते हैं । बड़े राजनैतिक दलों से जुड़े कथित किसान नेता अपने मुख्यालय के निर्देशों के अनुरूप ही बयान तक सीमित रहते हैं न कि किसानों के साथ खड़े होकर आवाज उठाने में । आजादी के बाद कृषि में अनुसंधान भी बहुत हुए और नई तकनीकों पर कुछ किसानों का ध्यान भी गया पर आज भी झारखंड में अधिकांश किसान पुरातनपंथी तकनीक से खेती कर रहे हैं। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय ने झारखंड में शोध बहुत किए पर उनकी जानकारी किसानों तक पूर्ण रूप से नहीं पहुंच पाई है । आज अवश्य ही कुछ गिने चुने युवा सोशल मीडिया,रेडियो,टीवी और समाचार पत्रों से सीख कर नए प्रयोग कर रहे हैं पर ये गिने चुने ही हैं । बदले परिदृश्य में सरकार को अब विश्वविद्यालयों की बड़ी-बड़ी और संसाधनयुक्त प्रयोगशालाओं से अलग खेत को ही प्रयोगशाला बनाकर अपनी मेहनत, नवाचारी, परंपरागत और आधुनिकतम खेती के बीच सामंजस्य बनाते हुए नित नए प्रयोग करने वाले प्रयोगधर्मी किसानों की मेहनत को मान्यता, संरक्षण और पहचान देने की पहल भी करनी होगी। इसमें कोई दो राय नहीं कि देश के कृषि विश्वविद्यालयों में शोध और अनुसंधान के क्षेत्र में विश्व स्तरीय कार्य हो रहा है और आज खेती किसानी के क्षेत्र में देश नित नए आयाम स्थापित कर रहा है। कृषि के क्षेत्र में भारत आज अग्रणी देश बन गया है। पंजाब हरियाणा और यूपी जैसे राज्यों में स्थिति यह है कि आज गेहूं और धान के निर्यात पर रोक के बावजूद देश के किसानों की ही मेहनत का फल है कि बागवानी व अन्य कृषि उत्पादों का निर्यात बढ़ाकर देश निर्यात के नए कीर्तिमान स्थापित करने की और अग्रसर है। पर यहां हमें यह नहीं भूलना होगा कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग के कारण जहां गेहूं, धान आदि के उत्पादन के हालात सेचुरेशन वाले हो गये हैं वहीं भूमि की उर्वरा शक्ति प्रभावित होने के साथ ही पानी का अत्यधिक दोहन, स्वास्थ्य और सेहत के लिए हानिकारक होता जा रहा है। आज देश जैविक व परंपरागत खेती की और बढ़ रहा है। हांलाकि यह भी उपलब्धि है कि दुनिया में हमारा सिक्किम दुनिया का पहले नंबर पर जैविक अनाज उत्पादक प्रदेश बन गया है। खैर इस सबके बीच हमें उन प्रयोगधर्मी भूमिपुत्रों को प्रोत्साहित और उनकी मेहनत को संरक्षित और आगे बढ़ाने के लिए आगे आना होगा जो अपनी सीमित साधन, संसाधन और विपरीत वित्तीय परिस्थितियों के बावजूद नई इबारत लिख रहे हैं। सही मायने में देखा जाये तो इन प्रयोगधर्मी अन्नदाताओं की मेहनत व लगन को किसी कृषि वैज्ञानिक से कम नहीं आंका जा सकता। किसानों को सम्मान और प्रोत्साहन भी मिलना चाहिए।

# लोकतंत्र और इस्लामी मूल्यों के खिलाफ है वैश्विक खिलाफत की अवधारणा

वैश्विक खिलाफत की काल्पनिक अवधारणा उसी प्रकार गैर वाजिब है, जैसे पुरातनपंथी हिन्दू राष्ट्र की अवधारणा। यह दोनों अवधारणा काल्पनिक है और आधुनिक लोकतांत्रिक विश्व में इसका कोई स्थान नहीं है। दरअसल, आज इस बात की चर्चा इसलिए जरूरी है कि दुनिया के कुछ इस्लामिक चरमपंथियों ने एक बार फिर वैश्विक खिलाफत की बात प्रारंभ की है। विगत कुछ वर्षों में भारत सहित दक्षिण एशिया के कई देशों में इस विचार से प्रेरित युवकों को असामाजिक व गैर राष्ट्रवादी गतिविधियों में संलिप्त देखा गया। हाल के वर्षों में हिज्ब उत-तहरीर की गतिविधियों को लेकर भारत में चिंता बढ़ी है। पहले तो हमें हिज्ब उत-तहरीर को समझना होगा। यह एक अंतरराष्ट्रीय इस्लामिक संगठन है, जिसका उद्देश्य इस्लामी खिलाफत को पुनर्स्थापित करना है। इसका नाम अरबी में हिज्ब-उत-तहरीर है, जिसका अर्थ है- ह्यमुक्ति की पार्टी। वर्ष 1953 में एक फिलिस्तीनी इस्लामिक चरमपंथी उकीउद्दीन नबहानी ने जेरूसलम में इसकी स्थापना की थी। हिज्ब-उत-तहरीर का दावा है कि वह राजनीतिक, बौद्धिक और वैचारिक तरीकों से काम करता है और हिंसा में कोई विश्वास नहीं करता लेकिन इसके कार्यकर्ता दुनिया के लगभग 50 देशों में हिंसक गतिविधियों में संलिप्त पाए गए हैं। यहां तक कि कई इस्लामिक देशों में भी यह संगठन वहां की सत्ता के लिए चुनौती बना हुआ है। संगठन का मानना है कि मुसलमानों को एक खलीफा के नेतृत्व में एकजुट होना चाहिए, जो शरियत कानून के अनुसार शासन करे। इसका मुख्य उद्देश्य एक वैश्विक इस्लामी खिलाफत की स्थापना है, जो मुसलमानों की राजनीतिक, सांस्कृतिक और आर्थिक जीवन को इस्लामी सिद्धांतों के अनुसार नियंत्रित करे।


गौतम चौधरी

वस्तुतः इस संगठन का दावा और हकीकत दोनों एक-दूसरे के विपरीत हैं। यूरोपियन काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस के मुताबिक, ये संगठन गैर-सैन्य तरीकों से खिलाफत की पुनर्स्थापना पर काम करता है। इसलिए कई देश, इस संगठन पर प्रतिबंध लगा चुके हैं। हिज्ब-उत-तहरीर पर प्रतिबंध लगाने वाले देशों में बांग्लादेश और चीन के अलावा जर्मनी, रूस, इंडोनेशिया, लेबनान, यमन, तुर्की और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं। दुनिया के अन्य कई देश इस संगठन की निगरानी कर रहे हैं क्योंकि वहां की



राजनीतिक व्यवस्था के लिए भी यह चुनौती पैदा करने लगा है। इसके बावजूद, यह संगठन दुनिया के 50 से अधिक देशों में सक्रिय है। 10 लाख से अधिक इसके सक्रिय सदस्यों की संख्या बतायी जाती है। हिज्ब-उत-तहरीर का भारत में बहुत व्यापक आधार नहीं है लेकिन हाल के वर्षों में इसके प्रभाव और गतिविधियों पर ध्यान दिया गया है। हिज्ब-उत-तहरीर का मुख्य उद्देश्य इस्लामिक खिलाफत स्थापित करना है, जो भारत के संविधान और धर्मनिरपेक्षता के मूल सिद्धांतों के विपरीत है। हिज्ब-उत-तहरीर ने भारत में बहुत अधिक खुले तौर पर गतिविधियां नहीं की हैं, लेकिन कुछ मीडिया रिपोर्ट और सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, यह गुप्त रूप से भारत में सक्रिय है। संगठन के सदस्यों पर भारत के विभिन्न हिस्सों में युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और खिलाफत की विचारधारा का आरोप लगा है। भारत में सुरक्षा एजेंसियां इस संगठन पर नजर रखी है और इसके संभावित नेटवर्क को रोकने के प्रयास करती है। इस क्रम में भारत सरकार ने हाल ही में इस कट्टरपंथी समूह को प्रतिबंधित संगठन घोषित किया है। इसपर प्रतिबंध के मामले में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि हिज्ब-उत-तहरीर का लक्ष्य लोकतांत्रिक सरकार को जिहाद के माध्यम से हटाकर भारत सहित विश्व स्तर पर इस्लामिक देश और खिलाफत स्थापित करना है। मंत्रालय ने अपने आदेश में कहा है कि हिज्ब-उत-तहरीर भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था और आंतरिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है।

सरकार द्वारा आधिकारिक तौर पर हिज्ब-उत-तहरीर को आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध करने के साथ, यह समझना महत्वपूर्ण है कि न केवल इसकी गतिविधियां भारतीय कानून के तहत अवैध हैं, बल्कि यह मूल इस्लामिक सिद्धांतों के खिलाफ भी है। इससे भारतीय मुस्लिम समुदाय के लिए दोहरी दुविधा पैदा होती है। भारत का संविधान धर्म और राज्य के मामलों के बीच स्पष्ट अंतर बनाए रखते हुए धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार को सुनिश्चित करता है। यह अपने सभी नागरिकों के लिए लोकतंत्र, मतदान और मौलिक अधिकारों को सुनिश्चित करता है। हिज्ब-उत-तहरीर के सदस्यों की हरकतें, जिनमें लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में भागीदारी के खिलाफ प्रचार करना, संविधान को चुनौती देना और शरिया कानून द्वारा शासित वैकल्पिक राज्यों को बढ़ावा देना शामिल है, जो अंततोगत्वा देश के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को खतरे में डालेगा। लोकतंत्र के प्रति हिज्ब-उत-तहरीर का वैचारिक विरोध खुद को उन मूल सिद्धांतों के खिलाफ खड़ा करता है, जिन्होंने मुसलमानों सहित विभिन्न समुदायों को भारत में शांतिपूर्वक सहअस्तित्व की अनुमति दी है। संविधान विरोधी गतिविधियों को बढ़ावा देकर संगठन न केवल मुसलमानों और बहुसंख्यक समाज के बीच दरार पैदा करता है, बल्कि अलगाववादी रवैये को भी बढ़ावा देता है, जो इस्लाम के सामाजिक सामंजस्य सिद्धांत के खिलाफ है। हिज्ब-उत-तहरीर की गतिविधियां इस्लामिक शिक्षाओं का भी खंडन करती है। इस्लामिक चिंतकों के अनुसार, इस्लाम एक आस्था के तौर पर अराजकता से बचने को महत्व देता है। इस्लामिक राजनीतिक विचार में एक प्रमुख सिद्धांत यह है कि किसी भी वैध इस्लामिक शासन को एक वैध प्रक्रिया के माध्यम से बदला जा सकता है, विशेष रूप से व्यापक सामुदायिक समर्थन वाले मुस्लिम शासक के नेतृत्व में ही यह संभव है। अराजकता के माध्यम से शासन बदला जाना इस्लामिक राजनीतिक सिद्धांत के खिलाफ है। इस्लाम के पवित्र ग्रंथ में इसके बारे में साफ चेतावनी दी गयी है। साफ तौर पर कहा गया है कि इस्लामी राज्य के लिए अनाधिकृत आह्वान के जरिए फूट को बढ़ावा देने के बजाए स्थापित प्राधिकरण के जरिए एकता और न्याय को बनाए रखना ही बेहतर है। वास्तव में दुनियाभर के इस्लामी विद्वानों ने नेतृत्वहीन आन्दोलन के खिलाफ चेतावनी दी है जो अशांति भड़का कर व्यवस्था बदलने की कोशिश करते हैं। हिज्ब-उत-तहरीर की तरह ये आन्दोलन न केवल समुदाय के हितों को नुकसान पहुंचाते हैं बल्कि सामाजिक शांति और सद्भाव प्राप्त करने के व्यापक इस्लामिक उद्देश्य के भी विपरीत हैं। हिज्ब-उत-तहरीर की वकालत के सबसे चिंताजनक पहलुओं में से एक मुस्लिम युवाओं पर इसका प्रभाव है, जो अक्सर अपने कार्यों के परिणामों को पूरी तरह से समझे बिना काल्पनिक इस्लामिक राज्य के वादे से बहक जाते हैं। हिज्ब-उत-तहरीर की विचारधारा से प्रभावित कई युवा मुस्लिम ऐसी गतिविधियों में शामिल हो जाते हैं, जो भारतीय कानून के तहत अवैध हैं, जिसके कारण उन्हें गिरफ्तार किया जाता है और लंबे समय तक जेलों में रहना पड़ता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

आज की बात

## भारत यायावर का संपूर्ण जीवन साहित्य सृजन और खोज को समर्पित रहा

झारखंड के जाने माने साहित्यकार कवि, संपादक, आलोचक, समीक्षक भारत यायावर का संपूर्ण जीवन साहित्य सृजन और खोज में बीता था। उनकी की कृतियां सदा हिंदी सेवियों का मार्ग प्रशस्त करती रहेंगी। वे झारखंड के एक मात्र ऐसे साहित्यकार थे, जिन्होंने अपने उत्कृष्ट साहित्य सृजन से प्रांत का नाम राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। उन्होंने विपुल साहित्य का सृजन किया। उन्होंने हिंदी साहित्य की हर विधा पर जमकर लिखा। उन्होंने अपने जीवन का बहुत ही महत्वपूर्ण समय महान कथाकार फणीश्वर नाथ रेणु एवं महावीर प्रसाद द्विवेदी की देश भर में बिखरी पड़ी कृतियों को खोजने व संपादन में लगा दिया था। अपने जीवन के अंतिम दौर में उन्होंने रमणिका गुप्ता की रचनावली को भी पूरा कर लिया था। झारखंड के प्रख्यात कथाकार राधा कृष्ण की रचनावली पर काम कर ही रहे थे, कि उनका निधन हो गया था। उनका मत था कि एक साहित्यकार अपने जीवन में बहुत कुछ रचता है। वह विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में छपता रहता है। इन पत्र-पत्रिकाओं में उक्त साहित्यकार की कई महत्वपूर्ण रचनाएं छप चुकी होती हैं। जिसका साहित्यिक मूल्यांकन होना बाकी होता है। जब मूल्यांकन का समय आता है, तब तक पत्रिकाओं में छपी उस लेखक की रचनाएं साहित्यकारों, आलोचकों, समीक्षकों और शोधकताओं की पहुंच से दूर हो जाती है। अगर किसी खोजकर्ता व शोधकर्ता ने उस लेखक की विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में छपी रचनाओं को संकलित कर एक रचनावली का रूप प्रदान कर देता है, तब उस लेखक की रचनाएं पुनर्जीवित हो जाती हैं। अब उसकी रचनाएं समय के साथ संवाद करने लगती हैं। अर्थात रचनावली उक्त लेखक की रचनाओं को एक नया जीवन प्रदान कर देता है।


विजय केसरी


(कवि भारत यायावर की 70वीं जयंती पर विशेष)

भारत यायावर ने साठ से अधिक पुस्तकों का सृजन किया था। फणीश्वर नाथ रेणु रचनावली एवं महावीर प्रसाद द्विवेदी रचनावली कुल सोलह खंडों में है। शेष उनकी पुस्तकें काव्य संग्रह, आलोचना, समीक्षा एवं विविध साहित्यिक विषयों पर आधारित है । इसके अलावा भी विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं एवं फेसबुक पर इनकी अनगिनत रचनाएं बिखरी पड़ी हुई हैं। वे नियमित रूप से लिखते थे। विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में अपनी सामग्रियां भेजा करते थे। अब चूंकि वे इस धरा पर नहीं है। उनका सृजन रुक गया। उनकी सामग्रियां जहां की तहां पड़ी हुई हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

आपकी बात

## शब्द ब्रह्म है

शब्द सामाजिक संपदा हैं। हरेक भाषा में शब्द हैं। प्राचीन काल में शब्द बोले जाते थे। सुने जाते थे। तब लिपि की खोज नहीं हुई थी। बोले और सुने गए शब्द विशेष प्रकार की ध्वनि थे। शब्द किसी न किसी रूप के प्रतिनिधि होते हैं। शब्द शक्तिशाली होते हैं। प्रत्येक शब्द अर्थ धारण करता है। अर्थ की अभिव्यक्ति भी शब्दों से होती है। मनुष्य शब्दों का प्रयोग करते हैं। प्रयुक्त न होने वाले शब्द चलन से बाहर भी हो सकते हैं। ज्यादा प्रयुक्त होने वाले शब्द लम्बी यात्रा करते हैं। देश काल के प्रभाव में अर्थ भी बदल सकते हैं। कविता और अन्य सृजन शब्दों में होते हैं। शब्द बोले जाते थे, सुने जाते थे। फिर लिपि बनी उनका रूप बना। उनकी छपाई का ज्ञान विकसित हुआ। शब्द संचय पुस्तक बने। भाव संवेदन, विषाद प्रसाद और हर्ष उल्लास की अभिव्यक्ति बने शब्द। शब्द ज्ञान विज्ञान के साथ अपनी देशज सभ्यता संस्कृति भी लाते हैं। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय ने अंग्रेजी के शब्द मैनिफेस्ट को ह्यवर्ड ऑफ द ईयरह्य घोषित किया है। बताया गया है कि इस शब्द को कैम्ब्रिज डिक्शनरी में 1 लाख 30 हजार बार खोजा गया। भारत में ऐसे अनेक शब्द हैं जिनका प्रयोग बहुतायत से होता है। हिन्दी सिनेमा के संसार में ह्यसाजनह्य और ह्यसावनह्य शब्दों का प्रयोग लाखों बार हुआ है। भोजपुरी में एक शब्द है करेजहू। पिया शब्द भी पति या प्रेमी के लिए होता है। ऋग्वेद में सविता की स्तुति वाला गायत्री मंत्र है। लाखों बार पढ़ा गया है। अंग्रेजी का एक शब्द है फैंटसी। इसका मूल अर्थ है कई ध्वनियों का मिलना। यही जब सुन्दर का अनुभव देता है तब फैंटास्टिक। अर्थ बदलते हैं। इसका उदाहरण अथर्ववेद के भूमिसूक्त में है। वैदिक काल में विभिन्न उत्सवों के समय ग्राम मिलन होता था। भूमिसूक्त में इसके लिए संग्राम शब्द का प्रयोग होता था। अब संग्राम का अर्थ युद्ध हो गया है। कुछ शब्द लम्बी दूरी की यात्रा में थक जाते हैं।


हृदयनारायण दीक्षित

विश्व शब्द आपूरित हैं। प्राचीन सभ्यताओं में शब्द भी प्राचीन होते हैं। दशो दिशाओं से गतिशील हैं शब्द। पूरब से आते शब्द पश्चिम से आते शब्दों से टकराते हैं, मिलते हैं। इसी तरह उत्तर दक्षिण सहित सभी दिशाओं से भी। भारतीय चिन्तन में आकाश का गुण शब्द कहा गया है। ऋग्वेद की अनुभूति में जीवन्त कविताएं परम व्योम में रहती हैं और जागृत चित्त में उतरने की कामना करती हैं। शब्द ध्वनि ऊर्जा हैं। पहले अरूप थे। सिर्फ बोले सुने जाते थे। वे संवेदन प्रकट करने का माध्यम थे। फिर हर्ष विषाद, क्रोध और बोध प्रकट करने का माध्यम बने। विश्व शब्द भंडार लगातार बढ़ रहा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## नकारात्मक भावनाओं पर विजय प्राप्त करना



बोधि वृक्ष

लोग आपका जो अपमान करते हैं उस पर ध्यान मत दें। आप अपने शत्रु में ईश्वर को देखने का प्रयत्न करें, क्योंकि ऐसा करने से आप अपने को उन बुरी बदला लेने वाली इच्छाओं से मुक्त कर लेते हैं, जो आपके मन की शांति को भंग करती हैं।

यदि कोई आपको गहरी चोट पहुंचाता है, तो आप इसे याद रखते हैं। परन्तु उस बात पर ध्यान देने की अपेक्षा जिसने आपको चोट पहुँचाई है आपको उस व्यक्ति के बारे में सभी अच्छी बातों को सोचना चाहिए और अपने जीवन की उपलब्धियों के बारे में सोचना चाहिए। लोग आपका जो अपमान करते हैं उस पर ध्यान मत दें। आप अपने शत्रु में ईश्वर को देखने का प्रयत्न करें, क्योंकि ऐसा करने से आप अपने को उन बुरी बदला लेने वाली इच्छाओं से मुक्त कर लेते हैं, जो आपके मन की शान्ति को भंग करती हैं। घृणा पर घृणा बढ़ाते रहने से, अथवा घृणा का उत्तर घृणा से देकर, आप न केवल अपने लिए अपने शत्रु की शत्रुता बढ़ाते हैं, बल्कि आप अपने शरीर की प्रणाली को, शारीरिक और साथ ही साथ भावनात्मक रूप से, अपने ही विष से विषैला बना लेते हैं। अपने हृदय में दूसरों के लिए केवल प्रेम ही रखें। आप उनमें जितनी अधिक अच्छाई देखेंगे, उतनी ही अधिक अच्छाई आप स्वयं में स्थापित कर लेंगे। भलाई की चेतना को बनाए रखें। लोगों को अच्छा बनाने का तरीका है उनमें अच्छाई को देखना। उन्हें तंग मत करें। सदा स्वयं को नियन्त्रण में रखते हुए शान्त और सौम्य रहें। तब आप जान पाएँगे कि मिलजुल कर रहना कितना आसान है। अपने मन को दूसरों की सभी प्रतिकूल आलोचनाओं से मुक्त करें।



श्री श्री परमहंस योगानंद

**(क्रमशः)**

फेसबुक वॉल से




X से




### आज का दोहा

**यदि उन्नत होता नहीं, मन का यह संसार।**
**सब समान है अर्थ में, बाडा, भेड़, विचार।।**
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक

देश की बात

## उत्तराखंड : शीतकाल में जहां कर सकते हैं चारधाम दर्शन

राम प्रताप मिश्र साकेती

नैसर्गिक सौंदर्य से भरपूर उत्तराखंड पर्यटकों, श्रद्धालुओं और तीर्थाटन करने वालों का पलक पांवड़े बिछाकर स्वागत करता है। इस देवभूमि में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। चाहे धार्मिक पर्यटन हो, ऐतिहासिक पर्यटन हो, साहसिक पर्यटन हो या देवभूमि के विभिन्न स्थलों में आनंद उठाने का मौका। यहां की नदियां पूरे देश के पर्यटकों को राफ्टिंग जैसे साहसिक खेलों के लिए सदैव आमंत्रण देती हैं। मसूरी, नैनीताल जैसे पर्यटक स्थल जहां ग्रीष्म ऋतुएं लोगों को तपन से राहत देते हैं, वहीं पर्यटक शरद ऋतु में भी यहां आकर प्राकृतिक दृश्यों का अवलोकन कर अपने को धन्य पाते हैं। नैनीताल, चोपता, चकराता, कौसानी, औली जैसे अनेक सुरम्य स्थल हैं जहां शीतकाल में भारी बर्फबारी का आनंद लेने पर्यटक पहुंचते हैं। उत्तराखंड के चारधाम ग्रीष्म ऋतु में ही लोगों की आस्था का केंद्र बनते हैं। देशी-विदेशी लाखों लोग प्रतिवर्ष आस्था के इन केंद्रों पर उपस्थिति दर्ज कराते हैं। अब जब शरद ऋतु आ गई है तो देवभूमि के इन मंदिरों की पूजा उन चारधामों से हटकर मैदानी क्षेत्रों में होती है जो अपेक्षाकृत कम ऊंचाई पर है। ऐसे में जो लोग ग्रीष्म ऋतु में इन चारधामों के दर्शन नहीं कर पाए हैं वह शरद ऋतु में भी इन धामों के दर्शन कर सकते हैं। शीतकाल में यात्रियों का चारधाम की ओर जाना कम हो जाएगा। वहीं, अब बाबा केदार की पंचमुख डोली ऊखीमठ पहुंचेगी जहां श्रद्धालुओं को दर्शन देगी। बद्री-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि इस यात्राकाल के दौरान 16 लाख से अधिक यात्री श्री केदारधाम के दर्शन को पहुंचे जो अपने आप में रिकार्ड हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लक्ष्यों के अनुरूप केदारपुरी का भव्य पुनर्निर्माण हो रहा है। इस सफल यात्रा का श्रेय अजेंद्र अजय ने बद्री-केदार मंदिर समिति के कार्मिकों, पुलिस प्रशासन तथा व्यवस्था से जुड़े विभागों को दिया है। यह अपने आप में ऐतिहासिक है। 16 लाख भक्तों का उत्तराखंड पहुंचना इस बात का प्रतीक है कि कहीं न कहीं चारधामों की व्यवस्था पहले से और अधिक मजबूत हुई है।

चार धामों के कपाट बंद होना सामान्य व्यवस्था है जो अनादिकाल से चली आ रही है। जगतगुरु शंकरचार्य द्वारा स्थापित इन धामों की व्यवस्था सदियों से ऐसे ही चलती आई है। इस व्यवस्था के बनाने के पीछे मौसम का बदलना भी है। अब ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी का दौर प्रारंभ हो जाएगा। इसीलिए यह व्यवस्था हिमालय के बदलते मौसम ओर मिजाज के चलते बनाई गई है। उत्तराखण्ड में स्थित सभी चार धामों यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ के अलावा देवभूमि में स्थित हेमकुंड साहिब, मद महेश्वर, वैकुंठ भैरवनाथ, डोडिताल की अन्नपूर्णा मंदिर, तुंगनाथ जी, त्रिजुगीनारायण, कल्पेश्वर, रुद्रनाथ जी सहित अन्य जो भी आस्था के केंद्र हैं वह सबके सब समुद्रतल से अच्छी खासी ऊंचाई पर हैं। यह ऊंचाई 3000 मीटर और उससे अधिक ऊंची है। शीतकाल में बर्फबारी के चलते इन आस्था के स्थलों तक तक पहुंचना आम आदमी के वश में नहीं है। हां, वह लोग जो विलक्षण हैं, साधु हैं या मानवेत्तर हैं, वह इस समय भी उन क्षेत्रों में निवास करते हैं। इसलिए आस्था और धर्म के प्रति आस्था बनी रहे और तीर्थों की पूजा-अर्चना होती रहे। माना जाता है कि इन दिनों मंदिरों की पूजा का काम देव ऋषि नारद का है। इन मंदिरों में दीया-बाती जलती रहे, आस्था की लौ कभी बुझे नहीं इसलिए इन धामों में अखण्ड दीप जलाए जाते हैं जो 6 महीने बाद कपाट खुलने पर भी जलते रहते हैं। बिना देखरेख इन धामों में दीपक की लौ जलती रहती है। यही कारण है कि नैसर्गिक सुंदरता से आच्छादित इस प्रदेश को देवभूमि नाम दिया गया है। विपरीत मौसम के चलते लोगों को इन तीर्थों के दर्शन दुर्लभ हो जाते हैं। इसलिए आस्था के द्वार पर श्रद्धालुओं का आना-जाना वर्षभर बना रहता है तो इस आस्था और विश्वास के लिए दर्शनों की अलग से व्यवस्था बनाई गई है। ऊंचाई वाले स्थानों के देवधामों के देवी-देवता शीतकालीन गद्दी पर आ जाते हैं और वहीं उनकी पूजा-अर्चना होती है। मां यमुना जी की भोग मूर्ति के दर्शन 6 महीनों तक खरसाली में किए जाते हैं। इसी प्रकार मां गंगाजी के दर्शन गंगोत्री के बजाय मुखवा के गंगा मंदिर में किए जाते हैं जहां मां गंगाजी विराजमान होती हैं। ठीक इसी तरह बाबा केदारनाथ जी के दर्शन ऊखीमठ के केदार मंदिर और भगवान बद्रीश बद्रीनाथ जी के दर्शन जोशीमठ में करने की व्यवस्था है। शंकराचार्य द्वारा बनाई गई व्यवस्था के अनुसार इन सभी चारधामों के दर्शन निरंतर होते हैं और कपाट कभी बंद नहीं होते हैं बल्कि दर्शनों की व्यवस्था ओर स्थान बदल दिए जाते हैं ताकि श्रद्धालु वर्षभर इन तीर्थों के दर्शन करने का लाभ लेते रहें। पूजा-अर्चना और दर्शनों की व्यवस्था ओर परंपरा में कोई अंतर नहीं है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# साइबर युद्ध और आतंकवाद जैसी राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों के लिए तैयार रहे देश : मुर्मु

**एजेंसी। नई दिल्ली**



राष्ट्रपति ने रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन के छात्र अधिकारियों को संबोधित किया

भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने तेजी से बदलते भू-राजनीतिक माहौल में किसी भी स्थिति से निपटने के लिए अच्छी तरह तैयार रहने की जरूरत पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि हमें न केवल अपने राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित रखना है, बल्कि साइबर युद्ध और आतंकवाद जैसी राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों के लिए भी तैयार रहना है। जलवायु परिवर्तन का मुद्दा नए आयाम हासिल कर रहा है, जिसे समझने और प्रबंधित करने की जरूरत है। राष्ट्रपति मुर्मु गुरुवार को तमिलनाडु के वेलिंगटन स्थित रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज के छात्र अधिकारियों और शिक्षकों को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पाठ्यक्रम छात्र अधिकारियों को बड़ी जिम्मेदारियों के लिए और रणनीतिकारों के रूप में तैयार करेगा, जो जटिल परिस्थितियों से प्रभावी तरीके से निपटने में सक्षम होंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज ने भारत और मित्र देशों के सशस्त्र बलों को प्रशिक्षित करने और शिक्षित करने में सराहनीय योगदान दिया है। पिछले सात दशकों में इस कॉलेज ने मध्यम स्तर के अधिकारियों को पेशेवर रूप से तैयार करने में प्रमुख भूमिका निभाई है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों का सभी लोग इसलिए सम्मान करते हैं, क्योंकि वे देश की सीमाओं और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने में सबसे आगे हैं। राष्ट्रपति ने यह जानकर खुशी जताई कि अब महिला अधिकारी भी तीनों सेनाओं में विभिन्न इकाइयों की कमान संभाल रही हैं। उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती ताकत और भूमिका विशेषकर युवा लड़कियों के लिए, उत्साहजनक और प्रेरणादायक है। उन्होंने सशस्त्र बलों में अधिक से अधिक महिलाओं के शामिल होने की उम्मीद जताई, जहां वे असाधारण क्षमताओं का प्रदर्शन करके नए क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकती हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत आगे बढ़ रहा है और दुनिया रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में हमारे विकास को स्वीकार कर रही है। भारत भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए सशस्त्र बलों को तैयार रखने के क्रम में स्वदेशीकरण और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। हमारा देश एक प्रमुख रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है और एक विश्वसनीय रक्षा भागीदार और बड़ा रक्षा निर्यातक बनने की ओर अग्रसर है।

### बिहार विधानमंडल में सीएजी रिपोर्ट पेश

## राज्य के स्वास्थ्य क्षेत्र में 49 प्रतिशत पद रिक्त

**एजेंसी। पटना**



बिहार में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की सिफारिश को पूरा करने के लिए 1,24,919 एलोपैथिक डॉक्टरों की आवश्यकता थी

बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों में (विधानसभा-विधानपरिषद) शीतकालीन सत्र के चौथे दिन सार्वजनिक स्वास्थ्य अवसंरचना और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबंधन पर सीएजी ने वर्ष 2016-22 तक की ऑडिट रिपोर्ट पेश की। इस रिपोर्ट के मुताबिक राज्य स्वास्थ्य सेवा निदेशालय, राज्य औषधि नियंत्रक, खाद्य सुरक्षा विंग, आयुष और स्वास्थ्य विभाग के मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (एमसीएच) में कुल 49 प्रतिशत पद रिक्त हैं। बिहार में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की सिफारिश को पूरा करने के लिए 1,24,919 एलोपैथिक डॉक्टरों की आवश्यकता थी, जिसके मुकाबले केवल 58,144 एलोपैथिक डॉक्टर ही उपलब्ध है। स्टाफ नर्स की कमी 18 प्रतिशत (पटना) से 72 प्रतिशत (पूर्णिया) और पैरामेडिक्स की कमी 45 प्रतिशत (जमुई) से 90 प्रतिशत (पूर्वी चंपारण) तक थी। सीएजी के रिपोर्ट के मुताबिक स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित 82 प्रकार के 24,496 पदों में से 35 प्रकार के 13,340 पदों के लिए भर्ती विभाग की ओर से नियुक्त मानव संसाधन एजेंसी के पास जनवरी 2022 तक लंबित थी। उपलब्ध 132 वेंटिलेटर में से केवल 71 ही कार्यात्मक पाए गए। तकनीशियनों की अनुपलब्धता और गैर-कार्यात्मक आईसीयू के कारण 57 वेंटिलेटर बेकार पड़े थे।

## बिहार सरकार ने पार्टियों के सचेतकों को राज्य मंत्री का दर्जा दिया

**एजेंसी। पटना**

बिहार सरकार ने राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों विधानसभा और विधान परिषद में पार्टियों के सचेतकों को राज्य मंत्री का दर्जा दिया है। बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने राज्यपाल की सहमति के बाद नियमों में संशोधन से संबंधित राजपत्र की एक प्रति विधानसभा में पेश की। पार्टियों के मुख्य सचेतक पहले से ही राज्य में कैबिनेट मंत्रियों की सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं। बिहार विधानसभा ने बुधवार को दो अन्य विधेयक बिहार सरकारी परिसर (आवंटन, किराया, वसूली और बेदखली) (संशोधन), 2024 और बिहार खेल विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक-2024 भी विपक्ष के हंगामे के बीच ध्वनि मत से पारित किये विपक्षी सदस्यों ने केंद्र से वक्फ संशोधन विधेयक को वापस लेने की मांग और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा इस मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट नहीं करने पर सदन से बहिर्गमन किया। इसके कारण भोजनावकाश के बाद की कार्यवाही में भी व्यवधान उत्पन्न हुआ तथा विपक्षी सदस्य आसन के समीप आ गए।

## सुप्रीम कोर्ट पहुंची संभल की जामा मस्जिद प्रबंधन समिति

**एजेंसी। नई दिल्ली**

। उत्तर प्रदेश के संभल की जामा मस्जिद प्रबंधन समिति ने निचली अदालत के सर्वे के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। चीफ जस्टिस (सीजेआई) संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ कल उसकी याचिका पर सुनवाई करेगी।

**जामा मस्जिद प्रबंधन समिति ने याचिका में क्या कहा :** मस्जिद समिति ने अपनी याचिका में कहा, 19 नवंबर को मज्सिद के हरिहर मंदिर होने का दावा करने वाली याचिका संभल कोर्ट में दायर हुई। उसी दिन सीनियर डिविजन के सिविल जज ने मामले को सुना और मस्जिद समिति का पक्ष सुने बिना सर्वे के एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त कर दिया। एडवोकेट कमिश्नर 19 की शाम ही सर्वे के लिए पहुंच भी गए। 24 को फिर सर्वे हुआ। जिस तेजी से सारी प्रक्रिया हुई, उससे लोगों में शक फैल गया और वे अपने घर से बाहर निकल गए। भीड़ के उग्र हो जाने का बाद पुलिस गोलीबारी हुई और छह लोगों की मौत हो गई।

याचिका में आगे कहा गया, शाही मस्जिद 16वीं सदी से वहां है। इतनी पुरानी धार्मिक इमारत के सर्वे का आदेश पूजास्थल अधिनियम और प्राचीन स्मारक एवं पुरातत्व स्थल कानून के खिलाफ है। अगर यह सर्वे जरूरी भी था, तो यह एक ही दिन में बिना दूसरे पक्ष को सुने नहीं दिया जाना चाहिए था।

इसमें आगे सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया गया है कि वह निचली अदालत के आदेश पर रोक लगाए। सर्वे रिपोर्ट को फिलहाल सीलबंद लिफाफे में रखा जाए। याचिका में मांग की गई है कि शीर्ष कोर्ट यह भी आदेश दे कि इस तरह के धार्मिक विवादों में बिना दूसरे पक्ष को सुने सर्वे का आदेश न दिया जाए। सीजेआई खन्ना और जस्टिस संजीव कुमार की पीठ कल इस मामले पर सुनवाई करेगी।

### लोजपा रामविलास के स्थापना दिवस

## पिता के विचारों को बढ़ा रहा हूं आगे : चिराग

**एजेंसी। पटना**



लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास का स्थापना दिवस गुरुवार को पूरे बिहार में धूमधाम से मनाया जा रहा है। प्रदेश भर में पार्टी के नेता और कार्यकर्ता इस दिन को उत्साहपूर्वक मना रहे हैं। इस अवसर पर चिराग पासवान पटना स्थित पार्टी के पुराने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने अपने पिता और पार्टी के संस्थापक रामविलास पासवान की यादों को ताजा करते हुए कहा कि मेरे पिता रामविलास पासवान की सोच को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से लोक जनशक्ति पार्टी की स्थापना की गई थी। चिराग पासवान ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मेरे नेता और मेरे पिता रामविलास पासवान जी की सोच को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से लोक जनशक्ति पार्टी की स्थापना की गई थी। आज का दिन कई मायनों में ऐतिहासिक है, क्योंकि वह हमेशा यह चाहते थे कि लोक जनशक्ति पार्टी का विस्तार हो और उसकी यह सोच आगे बढ़े। मेरे पिता रामविलास पासवान का सपना था कि यह पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी बने। आज तीन राज्यों में हमारे पास न केवल जनाधार है, बल्कि हम प्रतिनिधित्व भी कर रहे हैं। इस उद्देश्य को लेकर पार्टी जल्द राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएगी।

## हमारे दिमाग में देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र के सीएम हैं : रवि राणा

**मुंबई।** महाराष्ट्र में अगला मुख्यमंत्री महायुति से कौन होगा। इसे लेकर तस्वीर साफ नहीं हो पाई है। हालांकि, निवर्तमान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की बुधवार की प्रेस कॉन्फ्रेंस से एक चीज साफ है कि अगला मुख्यमंत्री भाजपा से ही होगा और एकनाथ शिंदे की शिवसेना) और अजित पवार की एनसीपी उनका समर्थन करेगी। महाराष्ट्र में अगले मुख्यमंत्री के लिए देवेंद्र फडणवीस का नाम सबसे आगे चल रहा है। गुरुवार को देवेंद्र फडणवीस से मिलने के लिए भाजपा नेता रवि राणा पहुंचे। उन्होंने फडणवीस को शुभकामनाएं दीं। फडणवीस से मुलाकात के बाद उन्होंने कहा है कि हमारे दिमाग में देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र के सीएम हैं। यही वजह है कि हम उन्हें बधाई देने गए थे। रवि राणा ने कहा है कि उद्धव ठाकरे गुट के विधायकों के अब सुर बदलने लगा है। उद्धव ठाकरे सेक्युलर हो चुके हैं। एकनाथ शिंदे बालासाहेब ठाकरे की विचारधारा की राजनीति कर रहे हैं।

## एकनाथ शिंदे को कोई पद नहीं चाहिए: संजय शिरसाट

**एजेंसी। मुंबई**



शिवसेना नेता और विधायक संजय शिरसाट ने महाराष्ट्र की मौजूदा राजनीति में मुख्यमंत्री पद को लेकर जारी चर्चा-परिचर्चा के बीच कहा कि शिंदे शायद उप मुख्यमंत्री का पद नहीं लेंगे। उन्होंने कहा, पहले शिंदे के नेतृत्व को लेकर जो माहौल बना, वह यह था कि उनके ऊपर दबाव डाला जा रहा था कि वे किसी तरह पद हासिल करने के लिए कुछ करें। लेकिन शिंदे ने इसे पूरी तरह से नकारा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बातचीत करके साफ कर दिया कि उन्हें कोई पद नहीं चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि वे किसी पर दबाव नहीं डालेंगे और जो भी निर्णय शीर्ष नेतृत्व द्वारा लिया जाएगा, वह उसे स्वीकार करेंगे। उनका यह कदम महाराष्ट्र की राजनीति में उनकी ईमानदारी और नेतृत्व के प्रति विश्वास को दिखाता है। उन्होंने कहा, एकनाथ शिंदे अगर चाहें तो ज्यादा दबाव डालकर कुछ भी कर सकते थे, लेकिन उन्होंने अपनी ईमानदारी और धर्म को प्राथमिकता दी। उनका यह रुख उन्हें महाराष्ट्र की राजनीति में एक मजबूत और सम्मानित नेता बनाता है। उन्होंने कहा, शिंदे जी ने कभी भी कोई दावा नहीं किया था। उन्होंने शुरूआत से ही यह स्पष्ट कर दिया था कि वह केवल जो निर्णय दिल्ली के नेताओं से आएगा, उसे स्वीकार करेंगे।

## देश के 687 जिलों में लागू हो चुकी है कर्मचारी राज्य बीमा निगम योजना

**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) योजना अब देश के कुल 788 जिलों में से 687 जिलों में लागू हो चुकी है। वर्ष 2014 में यह 393 जिलों में ही लागू थी लेकिन पिछले 10 वर्षों में इस प्रक्रिया में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के साथ सहयोग करके ईएसआईसी योजना को अब शेष 101 जिलों में भी विस्तारित किया जाएगा। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के मार्गदर्शन में काम करते हुए ईएसआईसी आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) की सुविधाओं के साथ कर्मचारियों और उनके आश्रितों तक स्वास्थ्य सेवा की पहुंच बढ़ाने पर काम कर रहा है। श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा, उनके स्वास्थ्य लाभ और चिकित्सा देखभाल सुनिश्चित करने की दिशा में काम करना सरकार की प्राथमिकता है। इससे अधिक उत्पादक श्रम शक्ति का विकास होगा, जिससे 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण को गति मिलेगी।

## हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ हम केंद्र सरकार के साथ : ममता बनर्जी

**एजेंसी। कोलकाता**



विधानसभा में बांग्लादेश के मुद्दे पर बोलते हुए पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि हम नहीं चाहते कि किसी भी धर्म को नुकसान पहुंचे। मैंने यहां इस्कॉन से बात की है। चूंकि यह दूसरे देश का मामला है, इसलिए केंद्र सरकार को इस पर उचित कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि हम इस मुद्दे पर केंद्र सरकार के साथ हैं। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि यह बहुत गंभीर और परेशान करने वाला लगता है। सभी भारतीय चिंतित हैं क्योंकि यह हमारा पड़ोसी है, जिसकी भलाई के बारे में हम चिंतित हैं। न सिर्फ विदेश मंत्रालय ही हालात पर नजर रख रहा है बल्कि जो रिपोर्ट आ रही है उससे सभी चिंतित भारतीय नागरिक चिंतित हैं। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बुधवार को कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों से पता चलता है कि उस देश की अंतरिम सरकार कट्टरपंथियों के चंगुल में है। उन्होंने इस मामले में संयुक्त राष्ट्र से हस्तक्षेप करने को कहा। बांग्लादेश में एक हिंदू नेता की गिरफ्तारी की निंदा करते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह के हमले मानवता के खिलाफ हैं। भाजपा ने हालांकि इस संबंध में कोई टिप्पणी करने से परहेज किया और कहा कि वह इस मुद्दे पर विदेश मंत्रालय द्वारा अपनाए गए उचित रुख के साथ खड़ी है। बांग्लादेश पुलिस ने हिंदू समूह सम्मिलित सनातनी जोत के नेता चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा क्षेत्र से सोमवार को गिरफ्तार किया था। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का नेतृत्व प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस कर रहे हैं। बांग्लादेश के पूर्व विदेश मंत्री हसन महमूद ने कहा है कि भारत विरोधी बयानबाजी और कट्टरपंथियों एवं आतंकवादी ताकतों को बढ़ावा देना परस्पर संबंधित रणनीतियां हैं, जिन्होंने बांग्लादेश को पूर्ण अराजकता की ओर धकेल दिया है। उन्होंने मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लेदश की अंतरिम सरकार पर लोकतंत्र को भीड़तंत्र में तब्दील करने का आरोप लगाया।

## पश्चिम बंगाल के साथ सौतेला व्यवहार कर रही केंद्र सरकार : कीर्ति आजाद

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस पार्टी से सांसद कीर्ति आजाद ने गुरुवार को आईएएनएस से बात की। उन्होंने केंद्र सरकार पर बंगाल सरकार से सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया। तृणमूल सांसद ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार पश्चिम बंगाल के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2021 में पश्चिम बंगाल में हारे हैं, तब से केंद्र ने बंगाल सरकार को पैसा देना बंद कर दिया है।

## कानपुर के बंद पड़े मदरसे में मानव कंकाल मिला, जांच के आदेश

**कानपुर** । उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले के जाजमऊ इलाके में एक बंद पड़े मदरसे से क्षत विक्षत मानव कंकाल बरामद किया गया। पुलिस अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। अपर पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि फॉरेंसिक विशेषज्ञों और फील्ड यूनिट को जांच का आदेश दिया गया है और लिंग का पता लगाने के लिए डीएनए जांच कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा, अस्थियों सहित कंकाल का एक विस्तृत वैज्ञानिक अध्ययन किया जाएगा जिससे मृत्यु के कारण और मृतक की आयु का पता चल सके। उन्होंने बताया कि यह कंकाल पुराना जान पड़ता है और यह मदरसा पिछले कई वर्षों से बंद पड़ा है। अधिकारियों के मुताबिक, मदरसे के मालिक हमजा को उसके रिश्ते के भाई ने इसकी सूचना दी जिसके बाद मदरसे में लगा ताला तोड़ा गया।

## यासीन मलिक के खिलाफ चल रहे ट्रायल को दिल्ली ट्रांसफर करने की मांग

**एजेंसी। नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने आज दो मामलों की सुनवाई जम्मू से नई दिल्ली स्थानांतरित करने की केंद्रीय जांच ब्यूरो की याचिका पर जम्मू-कश्मीर के अलगाववादी नेता यासीन मलिक और अन्य से जवाब मांगा। कार्यवाही के दौरान, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को बताया कि अपहरण मामले में सुनवाई के लिए मलिक को शारीरिक रूप से जम्मू अदालत में ले जाने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि तिहाड़ जेल में वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग सुविधाओं वाली एक अदालत है। एसजी मेहता ने अदालत को बताया कि हमने कारण शीर्षक में संशोधन के लिए आवेदन दायर किया है। हमने इस तथ्य को भी रिकॉर्ड में रखा है कि जेल में पहले से ही एक पूरी तरह कार्यात्मक अदालत मौजूद है जिसमें जरूरत पड़ने पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सभी सुविधाएं भी हैं। और पहले भी जेल के उस कोर्ट रूम में कार्यवाही हो चुकी है। मामले की अगली सुनवाई 18 दिसंबर (बुधवार) को तय की गई है। शीर्ष अदालत जम्मू ट्रायल कोर्ट के 20 सितंबर, 2022 के आदेश के खिलाफ सीबीआई की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें तिहाड़ जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे मलिक को रुबैया के अपहरण मामले में अभियोजन पक्ष के गवाहों से जिरह करने के लिए शारीरिक रूप से पेश होने का निर्देश दिया गया था। सईद, राजनेता मुफ़्ती मोहम्मद सईद की बेटी हैं। यह देखते हुए कि मुंबई आतंकवादी हमले के दोषी अजमल कसाब को भी निष्पक्ष सुनवाई का मौका दिया गया था, पीठ ने पहले कहा था कि वह न्यायाधीश को कार्यवाही के लिए राष्ट्रीय राजधानी में आने के अलावा जेल के अंदर सुनवाई करने का आदेश दे सकती है। मेहता ने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट में शारीरिक रूप से पेश हुए मलिक ने पहले भी सुरक्षा संबंधी चिंताएं जताई थीं। 2023 में, मलिक को एक मामले में पेश होने के लिए सुप्रीम कोर्ट में लाए जाने के बाद मेहता ने तत्कालीन केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला को एक गंभीर सुरक्षा चूक को चिह्नित करते हुए लिखा था। आतंकी फंडिंग मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे मलिक को अदालत की अनुमति के बिना सशस्त्र सुरक्षा कर्मियों की सुरक्षा में एक जेल वैन में उच्च सुरक्षा वाले शीर्ष अदालत परिसर में लाया गया था।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## कानून को ताक पर रख कर चलाए जा रहे स्टोन क्रशरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के आदेश

**एजेंसी। शिमला (मनोहर)**



हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने नालागढ़ जिला सोलन में कायदे कानून को ताक पर रख कर चलाए जा रहे स्टोन क्रशरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के आदेश जारी किए हैं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायाधीश सत्येन वैद्य की खंडपीठ ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव को स्वयं क्षेत्र में स्थापित स्टोन क्रशरों का निरीक्षण करने और उन स्टोन क्रशरों की मशीनरी को जब्त व परिसर को सील करने के आदेश दिए जिन्होंने जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण सोलन की 13 दिसम्बर 2023 की रिपोर्ट में बताई खामियों को पूरा नहीं किया है। कोर्ट ने डीसी सोलन और एसपी बद्दी को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव को उपरोक्त कार्रवाई के दौरान उचित सहायता प्रदान करने के आदेश भी दिए। कोर्ट ने ये आदेश हंदूर पर्यावरण मित्र संस्था द्वारा दायर याचिका की सुनवाई के पश्चात जारी किए। इस मामले में प्रार्थी ने राज्य सरकार व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित 13 स्टोन क्रशरों को प्रतिवादी बनाया है। प्रार्थी संस्था ने नालागढ़ क्षेत्र में अवैध तरीके से खनन और नियमों की उल्लंघना कर रहे क्रशरों पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने नालागढ़ एरिया में क्रशर मालिकों द्वारा माइनिंग लीज की आड़ में अवैध माइनिंग को रोकने और हवा, पानी के प्रदूषण को रोकने के लिए मुख्यमंत्री सहित संबंधित अधिकारियों को शिकायत पत्र सौंपे परंतु किसी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि जिन टिप्परों में 15 टन माइनिंग माल दशार्या जाता है उनमें अक्सर 30 से 35 टन माल ढुलाई होती है।इससे सरकार को प्रति टिप्पर हजारों रुपए का नुक्सान होता है। जब अधिकारियों से शिकायत की जाती है तो वे स्टोन क्रशर मालिकों की पैरवी करने लगते हैं जिससे प्रतीत होता है कि वे सरकार के लिए नहीं बल्कि स्टोन क्रशर मालिकों के लिए काम कर रहे हों। नियमों को दरकिनार कर नदियों में बड़े-बड़े गड्ढे डाले जा रहे हैं। 6 महीने तक अवैध तरीके से एक स्टोन क्रशर ने बिना अनुमति करोड़ों कमाए और खनन विभाग ने इस पर मात्र 50 हजार रुपए का जुमार्ना किया। आरोप है कि इन स्टोन क्रशर मालिकों के खिलाफ केवल दिखावे की कार्रवाई होती है।

शिकायत में कहा गया है कि पंजेहरा के साथ लगते गांव नवग्राम में बहुत से स्टोन क्रशर अवैध रूप से चल रहे हैं। ये स्टोन क्रशर अपना वेस्ट मैटीरियल साथ लगती नदी में फैंकते हैं और कुछ सड़क पर ही फैंक देते हैं। डस्ट कंप्रैशर का प्रयोग भी नहीं किया जाता। गांव जोगों जगतपुर, नंगल, कुंडलु, मलैहनी और बनियाला निवासियों ने भी कई बार काला कुंड नदी की माइनिंग लीज रद्द करने की गुहार लगाई क्योंकि लीज धारक नदी का अवैध दोहन कर रहे हैं। आरोप है कि ग्राम पंचायत जगतपुर, जोघों रिया व व गांव ढला-थां के लोगों की जमीनें नदी के दोनों किनारे पर हैं और खेती करने के लिए नदी से होकर आना-जाना पड़ता है लेकिन नदी में 20/20 फुट गहरे सैंकड़ों गड्ढे खनन करके खोद दिए गए हैं जिससे किसानों व दोनों तरफ रहने वाले लोगों, स्कूली बच्चों को आने-जाने के लिए बहुत समस्या हो गई है।

## संभल हिंसा : एसपी पर गोली चलाने वाले दो आरोपियों की हुई पहचान

**एजेंसी। संभल**

उत्तर प्रदेश के संभल में मस्जिद सर्वे के दौरान हिंसा मामले में नया अपडेट सामने निकल कर आया है। दरअसल, हिंसा में शामिल और रढ बिश्नोई पर गोली चलाने वाले दो आरोपियों की पहचान पुलिस ने कर ली है। अब उन पर एक्शन की तैयारी कर रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कांग्रेस पार्टी का डेलीगेशन 2 दिसंबर को संभल जाएगा। उसके बाद पीड़ित लोगों से मुलाकात कर मामले की जानकारी जुटा कर पार्टी हाईकमान को भेजेगा।

**जगह-जगह उपद्रवी तत्वों की लागाए जा रहे पोस्टर :** आप को बता दें कि हिंसा के दौरान सार्वजनिक संपत्ति के नुकसान की भरपाई उपद्रवी तत्वों की पहचान के लिए जगह-जगह उनके पोस्टर लगवाने की प्रदेश सरकार ने घोषणा की है। पुलिस ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए 30 टीमें गठित की गई हैं। उन्होंने बताया कि कोट पूर्वी इलाके से कथित दंगाइयों की 100 से अधिक तस्वीरें जारी की गई हैं। उन्होंने बताया कि संभल में बाजार और स्कूल फिर से खुलने के बावजूद एहतियाती उपाय के तहत इंटरनेट पर प्रतिबंध 48 घंटों के लिए बढ़ा दिया गया है।

**जामा मस्जिद सर्वे के दौरान भड़की थी हिंसा :** संभल शहर के मोहल्ला कोट पूर्वी स्थित मुगल कालीन जामा मस्जिद में पिछले रविवार को अदालत के आदेश पर सर्वे का काम शुरू किया गया था। इसके विरोध में भड़की हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई थी जबकि एक उप जिलाधिकारी समेत कम से कम 25 लोग घायल हो गए थे। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, इस टकराव में नईम, बिलाल, नोमान और कैफ नाम के युवकों की मृत्यु हो गयी। पुलिस ने अब तक 25 लोगों को गिरफ्तार किया है और साथ ही प्राथमिकी भी दर्ज की है।


**विधायक इकबाल महमूद के बेटे के खिलाफ पुलिस ने केस किया है दर्ज :** नामजद आरोपियों में सपा सांसद जिया-उर-रहमान बर्क, स्थानीय विधायक इकबाल महमूद का बेटा सोहैल इकबाल और 2,750 अज्ञात व्यक्ति शामिल हैं। राज्यसभा में विपक्ष ने संभल में हिंसा की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के गठन की मांग की। इससे संसद के दोनों सदन- लोकसभा और राज्यसभा बिना किसी कामकाज के स्थगित हो गए।

## भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलियाई संसद में कहा

# अतीत में सफलता मिली है, हम श्रृंखला में उसे बनाए रखना चाहते हैं

**एजेंसी। कैनबरा**

रोहित शर्मा ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलियाई संसद में अपने भाषण में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मजबूत संबंधों की सराहना की और मौजूदा दौरे में श्रृंखला जीतने की गति को बनाए रखने की कसम खाई। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने दौरे के मैच से पहले संघीय संसद भवन में एक स्वागत समारोह आयोजित किया, जिसमें भारतीय खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री से मुलाकात की। रोहित ने अपने भाषण में कहा, भारत और ऑस्ट्रेलिया। हम बहुत पुराने हैं, चाहे वह खेल हो, चाहे वह व्यापार संबंध हों। पिछले कई वर्षों से, हमने दुनिया के इस हिस्से में आकर क्रिकेट खेलने के साथ देश की विभिन्न संस्कृतियों का आनंद लिया है। और जाहिर है,



ऑस्ट्रेलिया चुनौतीपूर्ण है... खिलाड़ियों के लिए यहां आकर क्रिकेट खेलना चुनौतीपूर्ण है क्योंकि लोगों में जुनून है, हर खिलाड़ी में प्रतिस्पर्धात्मकता है। यही वजह है कि हमारे लिए यहां आकर क्रिकेट खेलना हमेशा एक बड़ी चुनौती रही है। उन्होंने कहा, हमें पिछले कुछ समय में कुछ सफलता मिली है और पिछले हफ्ते हम उस गति को बनाए रखना चाहते हैं, हम ऑस्ट्रेलिया की संस्कृति का भी आनंद लेना चाहते हैं। शहरों की विविधता हमें एक अलग एहसास देती है। हमें यहां आना और अपनी यात्रा का आनंद लेना बहुत पसंद है, और उम्मीद है कि अगले कुछ हफ्तों में हम ऑस्ट्रेलियाई जनता और साथ ही भारतीय प्रशंसकों का मनोरंजन कर पाएंगे, जो यहां आकर हमारी इच्छा को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## भारतीय सेना ने इनडोर खेलों का किया आयोजन



**डोडा(हि.स.)।** भारतीय सेना ने डोडा के स्थानीय निवासियों की मांग पर ध्यान देते हुए और खेल भावना की संस्कृति को बढ़ावा देने की दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ युवाओं के लिए इनडोर खेलों की एक श्रृंखला का आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करना और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करना था। इस आयोजन में विभिन्न गांवों के युवाओं ने हिस्सा लिया जिसमें कुल 30 प्रतिभागी शामिल हुए। खेलों में युवाओं और स्थानीय निवासियों दोनों ने गहरी रुचि दिखाई जिससे सभी उपस्थित लोगों के बीच सौहार्द की भावना पैदा हुई। भारतीय सेना ने प्रतिभागियों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी और स्थानीय निवासियों के साथ-साथ टीम के सदस्यों ने भी इस आयोजन के लिए सेना का हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने भविष्य में इस तरह के और अधिक खेल आयोजनों का भी अनुरोध किया। इस आयोजन के माध्यम से भारतीय सेना ने खेलों के महत्व को उजागर करने का प्रयास किया जो मानसिक चपलता, टीम भावना, समन्वय, एकाग्रता और रणनीतिक सोच के विकास में योगदान करते हैं। इनडोर खेल विशेष रूप से इन कौशलों को सुधारने का अवसर प्रदान करते हैं जो व्यक्तियों के समग्र विकास के लिए अभिन्न अंग हैं। स्थानीय निवासियों ने इस तरह के आयोजन के लिए भारतीय सेना शिविर को धन्यवाद दिया और कहा कि यह युवाओं में स्वस्थ मानसिकता को प्रोत्साहित करने में एक लंबा रास्ता तय करेगा।

## ऑस्ट्रेलिया एडिलेड में पिंक-बॉल टेस्ट में वापसी करने के लिए बेताब : मैकस्वीनी



**एडिलेड(आईएएनएस)।** सलामी बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी ने कहा कि पर्थ में भारत के खिलाफ उनका टेस्ट डेब्यू उनके खेल करियर में पहले कभी नहीं देखा गया था, खासकर उनके सामने आने वाली गेंदबाजी की गुणवत्ता के मामले में। अपने डेब्यू पर, मैकस्वीनी को जसप्रीत बुमराह ने दो बार एलबीडब्ल्यू आउट किया, ऑस्ट्रेलिया 295 रनों से भारत से हार गया और पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में 1-0 से पीछे हो गया। मैकस्वीनी ने 9न्यूज एडिलेड से कहा, शील्ड क्रिकेट में, हम दिन-रात खिलाड़ियों को खेलते देखते हैं, उनका सामना करने के आदी हो जाते हैं और जब आप अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ खेलते हैं, तो हमने ऐसा कुछ भी अनुभव नहीं किया है। इसलिए यह थोड़ा अलग, अनोखा एक्शन है और कुछ संकेतों को समझना थोड़ा मुश्किल है, लेकिन मैं रन बनाने के लिए बेहतर हूं। मैं एडिलेड में एक और मौका मिलने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। घरेलू क्रिकेट में दक्षिण ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करने वाले मैकस्वीनी ने पूर्व कोच डैरेन लेहमन द्वारा डेब्यू कैप दिए जाने पर भी विचार किया, जिस पर उन्हें गर्व है।

## अनकैप्ड ऑलराउंडर की ऑस्ट्रेलियाई टीम में एंट्री

**कैनबरा(हि.स.)।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट के लिए टीम में अनकैप्ड ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर को शामिल किया है। वेबस्टर को फिटनेस से जूझ रहे मिचेल मार्श के कवर के रूप में शामिल किया है। मार्श की तरह वेबस्टर भी तेज गेंदबाज ऑलराउंडर हैं। क्रिकेट.कॉम.एयू के अनुसार पर्थ में ऑस्ट्रेलिया की 295 रन से हार के बाद मार्श की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। हालांकि कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने संकेत दिया था कि वे एडिलेड में 13 सदस्यीय टीम के साथ ही जाएंगे, लेकिन खिलाड़ी की फिटनेस की चिंता को लेकर वेबस्टर को टीम में शामिल किया गया है। 30 वर्षीय खिलाड़ी वेबस्टर का पिछले 18 महीनों में शेफील्ड शील्ड में शानदार प्रदर्शन रहा है। इसके अलावा हाल ही में इंडिया-ए के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट सीरीज में भी अच्छा प्रदर्शन किया था।

# चैंपियंस ट्रॉफी : हाइब्रिड मॉडल की संभावना सबसे अधिक



## पाकिस्तान से छिन सकती है चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** बड़ी-बड़ी डींगे हांकने के बाद पाकिस्तान के तेवर अब नरम होते नजर आ रहे हैं। पाकिस्तान में हाल ही में राजनीतिक विरोध-प्रदर्शन के बाद चैंपियंस ट्रॉफी 2025 पूरी तरह से किसी दूसरे देश में आयोजित होने की संभावना है। इस्लामाबाद में चल रहे राजनीतिक विरोध-प्रदर्शन का असर सीधे तौर पर खेलों पर पड़ता दिख रहा है। श्रीलंका की 'ए' टीम अब वापस अपने देश लौट रही है। उसने पाकिस्तान शाहीन्स के खिलाफ चल रही वनडे सीरीज को बीच में ही छोड़ दिया है। सूत्रों ने आईएएनएस को बताया, यह आईसीसी बोर्ड की वर्चुअल बैठक से एक दिन पहले हुआ है, जो 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम पर फैसला करेगी। ऐसे में इस मामले को लेकर सस्पेंस बढ़ गया है। कुछ और प्रतिभागी देशों के सुरक्षा संबंधी चिंता व्यक्त किए जाने के कारण, इस आयोजन को पाकिस्तान से बाहर ले जाने का खतरा मंडरा रहा है।

**नवीन मेल संवाददाता। दुबई**

आईसीसी बोर्ड शुक्रवार को चैंपियंस ट्रॉफी कहां और कैसे कराई जाए इस दुविधा को सुलझाने के लिए बैठक करेगा। टूनामेंट को शुरू होने में अब तीन माह से भी कम समय बचा है। वे तीन विकल्पों पर गौर करेंगे

पहला हाइब्रिड विकल्प, जहां अधिकतर मैच पाकिस्तान में हों लेकिन जिन मैच में भारत खेलेगा वे मैच पाकिस्?तान के बाहर हों।

दूसरा विकल्प पूरा टूनार्मेंट ही पाकिस्तान के बाहर कराया जाए लेकिन इसके मेजबानी राइट्स पीसीबी के पास ही रहेंगे।

तीसरा पूरा टूनार्मेंट पाकिस्तान में बिना भारतीय टीम के कराया जाए। तीनों में से तीसरा विकल्प के चुने जाने की संभावना कम है क्योंकि इससे टूनार्मेंट के वित्तीय और कमर्शियल पहलू पर प्रभाव पड़ेगा। गुरुवार की सुबह पाकिस्तान में पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी के शब्दों के बाद हाइब्रिड मॉडल को अपनाए जाने की संभावना सबसे अधिक है। हाइब्रिड विकल्प के बारे में कई बार पूछे जाने पर नकवी ने केवल इतना कहा कि आईसीसी बोर्ड जो भी निर्णय लेगा, वह उस पर पाकिस्तान सरकार के साथ विचार-विमर्श करेंगे। हालांकि यह जरूरी नहीं कि रुख में नरमी आए, लेकिन यह उनके पिछले बयानों से अलग था जहां पर उन्होंने हाइब्रिड मॉडल को नकार दिया था।

इसके बजाय, नकवी ने इस संभावना पर जोर दिया कि पाकिस्तान अब भारत में खेलने के लिए इच्छुक या सक्षम नहीं है, क्योंकि भारत अगले वर्ष महिला विश्व कप, 2025 में एशिया कप, 2026 में पुरुष टी20 विश्व कप और 2029 में चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी कर रहा है, जो आगे चलकर एक समस्या बनेगी। उन्होंने यह नहीं बताया कि पाकिस्तान इस टूनार्मेंट में भारत के साथ खेलेगा या नहीं, क्योंकि एक ही ग्रुप में होने के कारण अगर हाइब्रिड मॉडल होता है तो उन्हें पाकिस्तान से बाहर यह मैच खेलना होगा। यहां मैच नहीं होने का मतलब टूनार्मेंट को एक महत्वपूर्ण व्यावसायिक झटका भी होगा। नकवी ने बार-बार कहा, हम जो भी करेंगे, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि पाकिस्तान के लिए सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त हो। लेकिन मैं दोहराता हूं और मैं जानता हूं आप जानते हैं मैं क्या कहना चाहता हूं, यह संभव नहीं है कि पाकिस्तान भारत में खेले और वे यहां न आएं।

## ईस्ट बंगाल एफसी का आज नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी से मुकाबला

**कोलकाता(हि.स.)।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 सीजन में अपनी पहली जीत ढूंढ रही ईस्ट बंगाल एफसी का शुक्रवार को फॉर्म में चल रही नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी से मुकाबला है। यह मैच कोलकाता के युवा भारती क्रीड़ांगन में शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी इस सीजन में शानदार फॉर्म में हैं। चार जीत और तीन ड्रॉ की बदौलत नौ मैचों में 15 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। टीम शीर्ष पर मौजूद बेंगलुरु एफसी (20) से पांच अंक पीछे हैं। ईस्ट बंगाल एफसी के सात मैचों में छह हार और एक ड्रा के साथ एक अंक है और अंक तालिका में सबसे नीचे है। टीम सीजन की अपनी पहली जीत की तलाश में है। मैच से पहले ईस्ट बंगाल एफसी के मुख्य कोच ऑस्कर ब्रुजोन ने आईएसएल की ओर से जारी बयान में कहा कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ खेल खेलने की कोशिश करेंगे और मैच जीतेंगे। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के मुख्य कोच जुआन पेड्रो बेनाली ने कहा कि हर खेल एक अलग कहानी है। हमें स्कोर करने के लिए बड़े मौके बनाने होंगे और साथ ही उनके लिए ऐसा करना उतना ही मुश्किल बनाना होगा।

## दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका को उसके सबसे कम स्कोर 42 रन पर समेटा

**डरबन(आईएएनएस)।** श्रीलंका ने गुरुवार को किंग्समीड में चल रहे सीरीज के पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका के हाथों मात्र 42 रन पर आउट होने के बाद टेस्ट क्रिकेट में अपना सबसे कम स्कोर दर्ज किया है। श्रीलंका की टीम 42 रन पर ऑल आउट हो गई, जो कि मात्र 13.5 ओवर में हुआ और इस तरह से वह आसानी से अपने पिछले सबसे कम टेस्ट स्कोर 71 से पिछड़ गई, जो कि 1994 में कैंडी में पाकिस्तान के खिलाफ आया था। यह कुल मिलाकर नौवां सबसे कम टेस्ट स्कोर भी है।

## आदर्श यादव ने की शानदार बल्लेबाजी, ग्लोबल स्टार्स ने जीता मैच

**लखनऊ(हि.स.)।** बाबू बनारसी दास क्रिकेट लीग के सी डिवीजन में ग्लोबल स्टार्स ने केवाई स्पोर्ट्स क्लब को हरा दिया। इस मैच में आदर्श यादव ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 76 रन बनाये। वहीं दूसरे मैच में आर्यावर्त ने ब्लेज विलो को छह विकेट से मात दे दी। केवाई स्पोर्ट्स क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 203 रन बनाये। अपनी टीम में सबसे अधिक जितेन्द्र गौतम ने 61 रन का योगदान दिया। वहीं आलोक सिंह ने 25 रन बनाये, जबकि सलामी बल्लेबाज आदर्श यादव ने 22 रन का योगदान दिया। ग्लोबल स्टार्स ने तीन विकेट खोकर 204 रन बना लिये और मैच को सात विकेट से जीत लिया। सलामी बल्लेबाज अमर चंद्रा ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 11 चौकों की मदद से 41 बाल पर 59 रन बनाये। वहीं आदर्श ने अपनी टीम में सर्वाधिक चार चौकों



और चार छक्के की मदद से 77 बाल पर 76 रन बनाये। वहीं दूसरे मैच में ब्लेज विलो ने पहल बल्लेबाजी करते हुए 206 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज आर्यमन पांडेय ने 15 रन का योगदान दिया। वहीं वात्सल्य ने अपनी टीम में सर्वाधिक 66 रन बनाये। आर्यन ने 44 रन का योगदान दिया। वहीं आर्यावर्त क्रिकेट एकेडमी ने चार विकेट खोकर 208 रन बना लिएऔर मैच को छह विकेट से जीत लिया।

## पंजाब किंग्स के कोच पोंटिंग ने कहा, 'नीलामी इससे बेहतर नहीं हो सकती थी'

**चंडीगढ़(आईएएनएस)।** पंजाब किंग्स के थिंक टैंक ने आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी के अंत में सफलता के लिए तैयार की गई टीम को इकट्ठा किया, मुख्य कोच रिकी पोंटिंग नीलामी की मेज पर टीम के प्रदर्शन से खुश थे और उन्होंने विश्लेषकों और स्काउट्स को उनके प्रयासों का श्रेय देते हुए कहा, ₹यह इससे बेहतर नहीं हो सकता था। पंजाब किंग्स ने नीलामी में केवल दो खिलाड़ियों को बनाए रखा और 110.5 करोड़ रुपये की अधिकतम राशि के साथ, नए मुख्य कोच पोंटिंग के साथ शुरूआत से ही टीम को आगे बढ़ाने का लक्ष्य रखा। उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद की 18 करोड़ रुपये की अंतिम बोली के खिलाफ अपने राइट-टू-मैच (आरटीएम) कार्ड का इस्तेमाल करने का फैसला करने के बाद अर्शदीप सिंह को खरीदा। किंग्स ने आईपीएल जीतने वाले पूर्व कप्तान श्रेयस अय्यर को 26.75 करोड़ रुपये में खरीदा, जो नीलामी में ऋषभ पंत के बाद दूसरा सबसे महंगा सौदा है, जिन्हें लखनऊ सुपर जायंट्स ने 27 करोड़ रुपये में खरीदा था। पोंटिंग ने कहा, ₹नीलामी शानदार रही। ईमानदारी से कहूं तो यह इससे बेहतर नहीं हो सकती थी। इसमें बहुत मेहनत और टीम का बहुत प्रयास रहा। विश्लेषकों ने शानदार काम किया है, उन्होंने मुझे स्थानीय खिलाड़ियों के बारे में बहुत



जानकारी दी है। जाहिर है, मैं विदेशी खिलाड़ियों के बारे में बहुत कुछ जानता हूं।" पीबीकेएस की तीसरी सबसे बड़ी खरीद आईपीएल इतिहास में 200 विकेट लेने वाले एकमात्र खिलाड़ी युजवेंद्र चहल को 18 करोड़ रुपये में खरीदा। फिर, उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर जोड़ी मार्कस स्टोइनिस (11 करोड़ रुपये) और ग्लेन मैक्सवेल (4.20 करोड़ रुपये) को खरीदा। सफल नीलामी पर विचार करते हुए, टीम के सह-मालिक नेस वाडिया ने पोंटिंग द्वारा किए गए योगदान को स्वीकार किया। उन्होंने कहा, रिकी के बगल में बैठना और विश्लेषकों, सौरभ और आशीष के साथ इतना कुछ सीखना खुशी की बात है।

## सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप

# हॉकी, झारखंड समेत पांच टीमों ने दर्ज की जीत

**सिकंदराबाद (हि.स.)।** 14वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 के तीसरे दिन गुरुवार को तेलंगाना के सिकंदराबाद में दक्षिण मध्य रेलवे स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, आरआरसी ग्राउंड, रेल निलयम में कई मैच हुए। इन मैचों में हॉकी झारखंड, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा, हॉकी उत्तराखंड, हॉकी कर्नाटक और हॉकी आंध्र प्रदेश आज विजयी हुए।पूल बी में हॉकी झारखंड ने छत्तीसगढ़ हॉकी को 5-0 से हराया। जमुना कुमारी ने तीन गोल (8वें, 37वें, 50वें मिनट) कर शानदार हैट्रिक बनाई और हेमरोम फुलमानी (23 वें, 41 वें मिनट) ने दो गोल किए। हॉकी उत्तराखंड ने पूल डी में हॉकी राजस्थान को 3-1 से हराकर जीत दर्ज की। हॉकी उत्तराखंड के लिए राईन कहकशा अली ने दो गोल (9 वें, 37वें मिनट) और वानसी (50वें मिनट) ने किया। हॉकी राजस्थान के लिएऐक मात्र गोल गुड्डी (36वें मिनट) की बदौलत आया। पूल एच में हॉकी आंध्र प्रदेश ने हॉकी बंगाल को 6-1 के स्कोर से हराया। नंदिनी मुनिपल्ली नागा (22वें मिनट,





43वें मिनट) ने दो गोल किए और लक्ष्मी परीकी (15वें मिनट), तेजा चिल्लुरु नागा (38वें मिनट), कैप्टन कुप्पा तुलसी (46वें मिनट) और रागुला नागामारी (60वें मिनट) ने भी गोल किए। हॉकी बंगाल की ओर से श्रेष्ठा चटर्जी (43वें मिनट) ने एक गोल किया।

पूल जी में हॉकी पंजाब और हॉकी गुजरात ने 2-2 से बराबरी पर मैच समाप्त करके बराबरी हासिल की। ??हॉकी गुजरात के लिए संजना दोसाभाई नंदनिया (8वें मिनट) और जडेजा भवनबा (23वें मिनट) ने गोल किए। हॉकी पंजाब ने कौर खुशवीर (25वें मिनट) और कौर तरनवीर (58वें मिनट) के गोल की बदौलत मजबूत वापसी की और अपनी टीम को बराबरी पर लाने में मदद की। पूल सी में हॉकी हिमाचल और हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा के बीच मैच में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने 5-0 से जीत दर्ज की। इसी तरह पूल एफ में हॉकी जम्मू और कश्मीर को और हॉकी कर्नाटक से मैच खेलना था, लेकिन हॉकी जम्मू के मैच गंवाने के कारण हॉकी कर्नाटक को 5-0 से जीत मिली।

## अंडर-19 एशिया कप में सभी नजरें रहेंगी 13 वर्षीय वैभव रघुवंशी पर

**दुबई।** जैसे-जैसे एसीसी पुरुष अंडर-19 एशिया कप 2024 नजदीक आ रहा है, युवा क्रिकेट प्रतिभाओं के रोमांचक प्रदर्शन के लिए उत्सुकता बढ़ रही है। कड़ी प्रतिद्वंद्विता और एक शानदार इतिहास के साथ, यह टूनार्मेंट यादगार मैच देने और क्रिकेट के भविष्य के सितारों को उजागर करने के लिए तैयार है। संयुक्त अरब अमीरात (दुबई और शारजाह) में शुक्रवार को शुरू होने वाले इस आयोजन में एशिया भर से युवा क्रिकेट प्रतिभाओं की एक रोमांचक लाइनअप शामिल है। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) द्वारा आयोजित इस टूनार्मेंट की विरासत समृद्ध है और यह उभरते क्रिकेटरों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करता है। भारत अंडर-19 एशिया कप के इतिहास में सबसे सफल टीम के रूप में उभरा है, जिसने दस संस्करणों में से आठ बार टूनार्मेंट जीता है।



## भारत और पीएम मोदी के 'दोस्त' हैं डोनाल्ड ट्रंप, दोनों देशों की सझेदारी होगी और मजबूत : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को 'भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दोस्त' बताया। उन्होंने कहा कि अगले महीने वाशिंगटन में नए प्रशासन के कार्यभार संभालने के बाद नई दिल्ली दोनों देशों के बीच आर्थिक साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में काम कर रहा है।



गोयल ने कहा, ट्रंप भारत के मित्र हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दोस्त हैं और मुझे विश्वास है कि यह मित्रता आगे भी बढ़ेगी, उन्होंने (ट्रंप ने) अब तक जो भी टिप्पणियां की हैं, उनसे यह स्पष्ट है।

ट्रंप ने अपने चुनाव अभियान के दौरान कहा था कि भारत उन देशों में से एक हैं जो अमेरिका का फायदा उठाते हैं। उन्होंने आयात पर कड़े टैरिफ लगाने की धमकी दी है, खास तौर पर दूसरे देशों द्वारा लगाए गए ऊंचे टैरिफ के प्रतिशोध के तौर पर - यह कदम भारत को प्रभावित कर सकता है।

हालांकि गुरुवार को वाणिज्य और उद्योग मंत्री गोयल ने इन टिप्पणियों पर आशंकाओं को दूर करने की कोशिश की।

गोयल ने मीडिया ब्रीफिंग में कहा, मुझे लगता है कि हमें जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। नई सरकार को कार्यभार संभालने और आधिकारिक विचार व्यक्त करने देना चाहिए। स्थिति की मेरी समझ, ट्रंप प्रशासन के साथ काम करने का मेरे अनुभव और भारत के पिछले अनुभव के अनुसार, मुझे किसी भी समस्या की आशंका नहीं है। केंद्रीय मंत्री कहा, मैं नई सरकार के कार्यभार संभालने के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका में अपने समकक्ष के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।

## अदाणी पावर का एसएंडपी ग्लोबल सीएसए स्कोर 67 रहा

**अहमदाबाद (आईएएनएस)।** अदाणी पावर ने गुरुवार को कहा कि उसने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल द्वारा कॉर्पोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट (सीएसए) में 100 में से 67 का असाधारण स्कोर हासिल किया है। इस सेक्टर का औसत स्कोर 42 है। वहीं, अदाणी पावर का वित्त वर्ष 2022-23 में यह स्कोर 48 था। इस स्कोर के साथ अदाणी पावर लिमिटेड (एपीएल) सभी वैश्विक विद्युत उपयोगिताओं में शीर्ष 80 प्रतिशत में पहुंच गया है। कंपनी ने कहा कि सीएसए स्कोर के कई तत्वों जैसे मानवाधिकार, पारदर्शिता और रिपोर्टिंग, जल, अपशिष्ट और प्रदूषण में अदाणी पावर शीर्ष 100 प्रतिशत में है। वहीं, तीन और तत्वों, जिसमें ऊर्जा, व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा और सामुदायिक संबंध शामिल है, उसमें कंपनी 90 प्रतिशत या उससे ऊपर की श्रेणी में है। कंपनी ने कहा, यह उल्लेखनीय उपलब्धि सस्टेनेबल प्रैक्टिस के प्रति एपीएल की दृढ़ प्रतिबद्धता और अपने परिचालन में पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ईएसजी) सिद्धांतों को शामिल करने के प्रति समर्पण को रेखांकित करती है। अदाणी पावर के पास गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, झारखंड और तमिलनाडु में 11 बिजली संयंत्र हैं और इनकी स्थापित ताप विद्युत क्षमता 17,510 मेगावाट की है, इसके अलावा गुजरात में 40 मेगावाट का सौर ऊर्जा संयंत्र भी है। अदाणी समूह की कंपनी ने इस वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल से सितंबर 2024) में 28,517 करोड़ रुपये की निरंतर आय में 20 प्रतिशत सालाना वृद्धि हासिल की।





## भारत की गिग अर्थव्यवस्था में आने वाले समय में पैदा हो सकती हैं 9 करोड़ नौकरियां

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** भारत की गिग अर्थव्यवस्था आने वाले समय में 9 करोड़ से अधिक रोजगार के अवसर पैदा कर सकती है। यह जानकारी गुरुवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट में आगे बताया गया कि इससे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 1.25 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। 'फोरम फॉर प्रोग्रेसिव गिग वर्कर्स' की रिपोर्ट में कहा गया कि ई-कॉमर्स, ट्रांसपोर्टेशन, डिलीवरी सर्विसेज और अन्य को सपोर्ट करने वाली गिग अर्थव्यवस्था आने वाले वर्षों में 17 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़कर 455 अरब डॉलर पहुंचने की उम्मीद है। गिग इकॉनमी ने लाखों गैर-कृषि नौकरियां पैदा की हैं, जिसमें अकेले ई-कॉमर्स ने 1.6 करोड़ से अधिक नौकरियां पैदा की हैं। 'फोरम फॉर प्रोग्रेसिव गिग वर्कर्स' के संयोजक, के नरसिम्हन का कहना है कि रिपोर्ट में बड़ी कंपनियों और गिग वर्कर्स के बीच विकसित हो रही गतिशीलता का विश्लेषण करने का एक प्रारंभिक प्रयास प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र में चुनौतियों और अवसरों को समझने के लिए यह रिपोर्ट एक मूल्यवान प्रारंभिक बिंदु है। गिग अर्थव्यवस्था भारत के आर्थिक विकास



में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और रोजगार सृजन, आय असमानताओं को कम करने और विभिन्न क्षेत्रों में इनोवेशन को बढ़ावा देने में सहायक होगी।

केंद्र सरकार ने भी गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा और वेलफेयर बेनिफिट्स उपलब्ध कराने के उद्देश्य से फ्रेमवर्क बनाने के लिए एक कमेटी का गठन किया है। कुछ दिनों पहले श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री, शोभा करंदलाजे ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में बताया कि 'सामाजिक सुरक्षा संहिता-2020' में गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स के लिए सामाजिक सुरक्षा और वेलफेयर बेनिफिट्स संबंधी प्रावधानों का उल्लेख किया गया है।

## उपायुक्त ने सीएसआर मद अन्तर्गत योजनाओं के गठन, क्रियान्वयन की समीक्षा की




**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में सीएसआर मद अन्तर्गत योजनाओं का समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 सीएसआर मद अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं की समीक्षा की गई। साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 सीएसआर मद अन्तर्गत प्रस्तावित कार्य योजना पर भी चर्चा कि गई। बैठक में मां उग्रतारा मंदिर चंदवा का प्रस्तावित क्षेत्र का विकास, पलामू किला का जीर्णोद्धार कार्य, भारत माता भवन, लातेहार का सौंन्द्रर्यकरण, जिम कार्य, इंडोर स्टेडियम लातेहार सौंन्दर्यकरण व मरम्मति कार्य, तुबेद में प्रदूषण और जल छिड़काव कार्य, जिले के विभिन्न महिला थानों में महिला शौचालय निर्माण, लातेहार जिला अन्तर्गत सुरक्षा के लिए 4 ड्रोन का क्रय, आपूर्ति कार्य, लातेहार जिला के विभिन्न संवेदनशील स्थलों, थानों में आवश्यकता अनुसार सीसीटीवी क्रय सीसीआर का निर्माण, बालूमाथ में पब्लिक लाईब्रेरी निर्माण, बारियातू में पब्लिक लाईब्रेरी निर्माण, लातेहार जिला अन्तर्गत 50 आंगनबाड़ी केन्द्रों में शौचालय निर्माण आदि पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में डिप्टी डायरेक्टर पीटीआर ब्रजेश कांत जेना, परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, प्रभारी पदाधिकारी, समीर कुल्लू, सीएसआर समिति के सभी सदस्य, कोल कंपनियों के अधिकारी ,प्रतिनिधि, उपस्थित थे।

# योजनाबद्ध तरीके से काम करें अधिकारी : उपायुक्त

● **उपायुक्त ने पथ निर्माण विभाग, पीवीयूएनएल, टीवीएनएल, सीसीएल, पावर ग्रिड, बनहर्दी, चक्ला कोल ब्लॉक, तुबेद परियोजनाओं की समीक्षा की**




**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आधारभूत संरचना से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने परियोजनावार अधिकारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों की जानकारी ली। जानकारी के बाद उपायुक्त ने मामले में अधिकारियों को निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाई करते हुए मामले के जल्द निष्पादन करने की बात कही। उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का भी निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने पथ निर्माण विभाग, पीवीयूएनएल, टीवीएनएल, सीसीएल, पावर ग्रिड, बनहर्दी, चक्ला कोल ब्लॉक, तुबेद , सहित अन्य परियोजनाओं के अधिकारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए एफआरए, एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों की जानकारी लेने के उपरांत जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए उनके निष्पादन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उपायुक्त ने विभिन्न परियोजनाओं में अधिग्रहित किए गए जमीन के लंबित मुआवजे के भुगतान की समीक्षा करते हुए जल्द मुआवजा भुगतान करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने अंचलवार अंचल अधिकारियों से उनके उनके क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं में भूमि सहित अन्य मामलों के तहत हो कार्यों की जानकारी लेने के उपरांत मामलों पर कार्रवाई करते हुए ससमय उनका निष्पादन करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी परियोजनाओं के अधिकारियों को किए जा रहे कार्यों के दौरान आने वाली समस्याओं से जिला प्रशासन को नियमित रूप से अवगत कराने का निर्देश दिया। इस बैठक में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, सभी अंचल अधिकारी, संबंधित पदाधिकारी, कोल कंपनियों के अधिकारी, प्रतिनिधि, आदि उपस्थित थे।

# प्रखंड कार्यालय में वितरण के अभाव में बेकार पड़ी है साइकिलें, बढ़ा रही हैं शोभा

## छात्रों को 5 किलोमीटर दूर पैदल पढ़ाई करने जाना पड़ रहा है



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** केतार प्रखंड कार्यालय में पिछले तीन महिनों से आठवीं पास छात्र-छात्राओं को उन्नति के पहिया योजना से मिलने वाली साइकिलें बेकार पड़ी हुई है। जिस कारण साइकिल का रंग फिका पड़ने लगा है। ये साईकिलें प्रखंड के पांच विद्यालयों के 250 से अधिक छात्र-छात्राओं को वितरण किया जाना था लेकिन विभाग के उदासीनता के कारण वितरण के अभाव में साइकिल प्रखंड कार्यालय के कैंपस में बेकार पड़ी हुई हैं। प्रखंड के मध्य विद्यालय बलिगढ़, मध्य विद्यालय चेचरिया, मध्य विद्यालय खोनहर, मध्य विद्यालय परसोडीह और मध्य विद्यालय बांसडीह के 245 छात्र छात्राओं को साइकिल वितरण का महिनों से इंतजार है। साइकिल के आभाव में छात्रों को 5 किलोमीटर दूर पढ़ाई करने जाना पड़ रहा है। साईकिल वितरण में लेट लतीफी से अभिभावकों में आक्रोश है। इससे पूर्व अन्य विद्यालयों के करीब 600 छात्रों के बीच साइकिल वितरण पांच माह पूर्व कर दिया गया था। साइकिल कम होने के कारण पांच विद्यालयों के 250 छात्र छात्राओं को साइकिल से वंचित रहना पड़ा था, लेकिन अब साइकिल आने के बाद भी वितरण में लेट किया जा रहा है। इस संबंध में प्रभारी कल्याण पदाधिकारी राजीव कुमार ने कहा की चुनाव कार्य के वजह से समय पर साइकिल वितरण नहीं हो सका, दो-तीन दिन के अंदर जिन विद्यालय के छात्रों को साइकिल नहीं मिला है। उन्हें बुलाकर साइकिल वितरण शुरू कर दिया जायेगा।

# फांसी के फन्दे में लटकी मिली दो बच्चों की मां



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** थाना क्षेत्र के रामगढ़ स्टेशन रोड़ स्थित मस्जिद टोला निवासी जन्नत अंसारी की 25 वषीर्या पत्नी रिजवाना खातून की मौत संदेहास्पद स्थिति में हो गई है। रिजवाना का शव गुरुवार की सुबह घर में फांसी के फंदे से लटकता हुआ पाया गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची रमना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतका की दो मासूम बच्ची है। समाचार लिखे जाने तक मामले का खुलासा नही हो सका है। मृतका के पिता डंडई थाना क्षेत्र के रारो गांव निवासी शकील अंसारी के अनुसार रिजवाना के ससुराल वाले हमेशा प्रताड़ित किया करते थे,जिससे रिजवाना हमेशा परेशान रहती थी। इस सम्बंध में थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांचोपरांत कानून संगत कार्रवाई की जायेगी।

# चौकीदार भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा 30 नवंबर को, पुख्ता इंतजाम

● **वीडियोग्राफी और ड्रोन से रखी जाएगी निगरानी**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के चौकीदारी भर्ती (विज्ञापन संख्याः 01/2024) की शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन 30 नवंबर 2024 को चियांकि हवाई अड्डा, मेदिनीनगर में किया जाएगा। इस प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने गुरुवार को समाहरणालय सभागार में बैठक की। उन्होंने कहा कि आयोजन स्थल पर सिर्फ अभ्यर्थी और ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी ही रहेंगे।

**एडमिट कार्ड और पहचान पत्र अनिवार्य :** अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड के साथ एक पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। पूरे आयोजन की वीडियोग्राफी होगी और ड्रोन से निगरानी की जाएगी। अभ्यर्थियों के लिए अलग-अलग ट्रैक बनाए गए हैं, जहां स्टॉपवॉच से दौड़ की अवधि मापी जाएगी। विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

**प्रत्येक गतिविधि की निगरानी के लिए मजिस्ट्रेट तैनात**

आयोजन स्थल पर किसी भी बाहरी व्यक्ति के प्रवेश पर रोक होगी। उपायुक्त ने सभी जिम्मेदार अधिकारियों को उनके कर्तव्यों का ब्योरा दिया और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक में नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## चौकीदार बहाली विवाद : दोबारा शारीरिक परीक्षा पर डीसी का आदेश बरकरार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में चौकीदार बहाली को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। गुरुवार को चौकीदार नियुक्ति की शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों ने उपायुक्त (डीसी) शशि रंजन और डीडीसी शब्बीर अहमद से मुलाकात की। उन्होंने दोबारा शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित न करने और सीधे मेधा सूची जारी कर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने की मांग की। हालांकि, उपायुक्त शशि रंजन ने स्पष्ट किया कि 29 सितंबर को आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षा को जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर रद्द किया गया है। इस प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए 30 नवंबर को दोबारा शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित की जाएगी।

**पिछली प्रक्रिया में धांधली के आरोप :** चौकीदार बहाली में पहले शारीरिक दक्षता परीक्षा, मेडिकल परीक्षण और दस्तावेज सत्यापन के आधार पर प्रोविजनल लिस्ट तैयार की गई थी। लेकिन, 25 नवंबर को जिला चौकीदारी पदाधिकारी ने इस परीक्षा को रद्द कर दिया और अभ्यर्थियों को दोबारा परीक्षा में भाग लेने का आदेश जारी किया।

**अभ्यर्थियों ने उठाए सवाल :** अभ्यर्थियों का कहना है कि नियुक्ति प्रक्रिया में धांधली हुई है। उन्होंने मांग की कि दोषियों पर कार्रवाई की जाए और दोबारा परीक्षा के आदेश को रद्द कर अंतिम मेधा सूची जारी की जाए। हालांकि, डीसी और डीडीसी ने अभ्यर्थियों को समझाते हुए कहा कि निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए दोबारा परीक्षा आवश्यक है और उन्हें इसमें भाग लेना चाहिए।

**565 से 569 हुए अभ्यर्थी, उठे सवाल :** पहले लिखित परीक्षा में 565 अभ्यर्थी शामिल हुए थे, लेकिन बुधवार को जारी सूची में यह संख्या बढ़कर 569 हो गई। चार नए नाम शामिल होने पर अभ्यर्थियों ने बहाली प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए हैं।

## तीन सदस्यीय डॉक्टरों की टीम ने छोटू खरवार के शव का पोस्टमार्टम किया, परिजनों को सौंपा शव

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** माओवादियों के रिजनल कमिटि सदस्य छोटू खरवार के शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल लातेहार में किया गया। तीन सदस्यीय डॉक्टरों की टीम ने शव का पोस्टमार्टम किया। मौके पर बतौर दंडाधिकारी के रूप में अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो मौजूद थे। डॉक्टरों में अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. अखिलेश्वर प्रसाद, रूचिरा वर्मा, अरूण कुमार शरण शामिल थे। शव को छोटू खरवार के बड़े भाई बालकिशुन सिंह को सौंप दिया गया। इस दौरान सदर अस्पताल में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था। पुलिस के जवानों को अस्पताल के सभी गेटों पर तैनात किया गया था। मौके पर सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह समेत सदर अस्पताल के कई व अन्य कर्मी भी मौजूद थे। बता दें कि 26 नवंबर की रात्रि छोटू खरवार की गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। उसके साथियों ने ही दरअसल आपसी विवाद में छोटू खरवार की हत्या कर दिया था। छोटू खरवार का शव छीपदोहर थाना क्षेत्र के चुंगरू पंचायत के छापर गांव के भीमपाव जंगल में पाया गया था। छोटू खरवार रिजनल कमांडर था। उस पर 100 से अधिक मामला दर्ज था। लातेहार के अलावा गुमला, लोहरदगा और छतीसगढ़ के कई इलाकों में उसका आतंक था।

## केंद्र सरकार मुसलमानों के हक व अधिकार पर हस्तक्षेप कर रही: ओबेदुल्लाह खान

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** शहर के मदरसा रोड निवासी डॉक्टर यासीन अंसारी के आवास पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान पूर्व राज्यसभा सदस्य मौलाना ओबेदुल्लाह खान आजमी को सम्मानित किया गया। इस दौरान मौलाना ओबेदुल्लाह खान आजमी को बुके प्रदान कर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों के बीच पूर्व राज्यसभा सदस्य मौलाना ओबेदुल्लाह खान आजमी ने कहा कि वर्तमान की सरकार मुसलमान पर जुल्म ढाने से बाज नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र की वर्तमान सरकार मुसलमान के हक व अधिकार पर भी हस्तक्षेप कर रही है। इसके अलावे मुसलमान के पर्सनल लॉ में भी हस्तक्षेप कर मुसलमान को परेशान करने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मुसलमान के लिए शरीयत का कानून है। मौलाना ओबेदुल्लाह खान आजमी ने कहा कि वर्तमान में मुसलमान बदअमली के शिकार होते जा रहे हैं। जिसके कारण वे सभी क्षेत्रों में पीछे रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुसलमान को तालीम पर विशेष रूप से ध्यान देने की जरूरत है। तभी मुसलमान तरक्की कर सकता है। इस अवसर पर डॉक्टर यासीन अंसारी, डॉक्टर अरशद अंसारी, डॉक्टर असजद अंसारी, नसीम,परवेज आलम, महमूद आलम, अधिवक्ता कासिम खान, खुदा सहित कई लोग उपस्थित थे।

**अव्यवस्था**

## डिजिटल एक्सरे बंद होने से बढ़ी परेशानी

# पैसा देकर बाहर एक्सरे कराने को विवश मरीज




**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 10 फरवरी 2024 से डिजिटल एक्सरे सुविधा बंद होने के कारण मरीजों को बाहर में पैसा देकर एक्सरे कराने को विवश हैं। बताते चलें की 2023 भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाखों रु के डिजिटल एक्सरे मशीन लगाया गया था। 2 नवंबर 2023 को विधायक भानू प्रताप शाही ने उद्घाटन किया था। जिससे अस्पताल में इलाज कराने वाले गरीब असहाय लोगो को सस्ते में एक्सरे की व्यवस्था हो जाती थी, लेकिन संबंधित मशीन सप्लायर द्वारा 10 फरवरी 2014 को लॉक कर दिए जाने के कारण एक्सरे मशीन बंद है। अखबार में खबर प्रकाशित होने के बाद गढ़वा सीएस अशोक कुमार ने मामले को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करने के बाद अविलंब चालू कराने की बात कही थी। इस संबंध में अनुबंध ऑपरेटर दिलीप कुमार ने बताया कि मशीन को उपर से ही लॉक कर दिया गया है, इस लिए एक्सरे मशीन बंद है। इस संबंध में सीएस अशोक सिंह ने कहा कि टेकनीकल फॉल्ट हुआ है दिसंबर में चालू कराया दिया जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तिहार

**लातेहार।** पुलिस ने गुरुवार को सदर थाना क्षेत्र के पोचरा गांव में अंकित कुमार, शुभम कुमार दोनों पिता डोमन साव, सरिता देवी पति डोमन साव के घर इश्तिहार चिपका कर न्यायालय में सरेंडर करने निर्देश दिया है। एसआई रंजन पासवान ने बताया कि लातेहार थाना के तहत न्यायालय द्वारा तीनों के खिलाफ इश्तिहार जारी किया गया था। इसके उसके घर में इश्तिहार चिपकाकर कोर्ट में सरेंडर करने की बात कहीं गई है। उन्होंने कहा कि समय रहते कोर्ट में सरेंडर नहीं करते हैं। तो कुर्की जब्ती की भी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि इस कांड में अभियुक्त तीनों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी की कार्रवाई कर रही है,लेकिन सभी गिरफ्तारी के डर से भागे फिर रहे हैं।

### आम्रपाली में यूपी से आए 50 कोल वाहनों को स्थानीय वाहन मालिकों ने वापस किया

**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र में संचालित सीसीएल के आम्रपाली परियोजना में गुरुवार सुबह यूपी समेत अन्य राज्य के दर्जनों बाहरी कोल वाहनों को लगाने के फिराक में जुटे बिचौलियों का मंसूबा विफल हो गया। मामले की भनक लगते ही एक नंबर बैरियर के समीप विस्थापित प्रभावित हाइवा संयोजक मंडली के सदस्यों ने जाकर आक्रोश व्यक्त करते हुए मौके से सभी वाहनों को वापस कर दिया। संयोजक मंडली के अध्यक्ष बिजय साहू ने बताया कि स्थानीय वाहन मालिकों का शोषण यहां थमने का नाम नहीं ले रहा है। लाखों रुपए ट्रांसपोर्टरों द्वारा वर्षों से गबन करने की लिखित शिकायत लगभग छः महीने पूर्व स्थानीय प्रशासन व कोल प्रबंधन से की गई जो बेअसर साबित हुआ है। वाहन मालिक सुरेश साहू ने प्रबंधन व प्रशासन पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि उनके कुनीतियों से स्थानीय कंगाल और बाहरी मालामाल हो रहे हैं। रंजीत महतो ने जोरदार आंदोलन करने का संकेत देते हुए क्षोभ व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि करो या मरो की स्थिति उत्पन्न होने की बातें कही।

### शपथ ग्रहण में भाग लेने हजारों गठबंधन कार्यकर्ता रांची रवाना

**बालूमाथ।** प्रखंड क्षेत्र से हेमंत सोरेन का मुख्यमंत्री शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने प्रखंड क्षेत्र के हजारों को कार्यकर्ता गुरुवार को रांची मोराबादी मैदान के लिए रवाना हुए। इस दौरान कार्यकर्ता गाड़ियों पर अपने पार्टी का झंडा, स्टीकर चिपकाए उत्साहित रूप से रवाना हुए। मौके पर गठबंधन में राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव, ने कहा कि झारखंड में एक बार फिर अबुआ का मजबूत सरकार बनने जा रही है, जिसे लेकर कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। इस उत्साह का श्रेय झारखंड राज्य की एक-एक बुद्धिजीवी जनता को जाता है, जिन्होंने झारखंड का आन बान और शान को बरकरार रखा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पुनः मुख्यमंत्री बनाकर जनता से साफ संदेश दे दिया है।

### सर्व ब्राह्मण समाज कार्यालय का उद्घाटन

**टंडवा (चतरा)।** अंबेडकर चौक के समीप नव निर्मित मार्केट कॉम्प्लेक्स में सर्व ब्राह्मण समाज के कार्यालय का विधिवत उद्घाटन हुआ। वहां पहुंचे समाज के प्रबुद्ध जनों द्वारा मंगलाचरण, स्वस्तिवाचन व वैदिक मंत्रोच्चार पूर्वक कार्यालय में प्रवेश किया। प्रखंड अध्यक्ष उपेन्द्र पांडेय ने बताया कि ब्राह्मण समाज को एक सूत्र में पीरोते हुए बेहतर समन्वय और उन्नति के लिए हमेशा प्रयास किया जायेगा। मौके पर कामेश्वर पांडेय,विजय चौबे, ईश्वर दयाल पांडेय, प्रकाश पाठक, विजय पांडेय, विजय गिरी,गोविंद तिवारी,अजीत पांडेय,दिलीप चौबे, मिथिलेश पाण्डेय,बैजनाथ पांडेय, सरोज पांडेय,धनंजय चौबे,ब्रजकिशोर पाठक,अरुण पाण्डेय,रामायण पांडेय शेखर पांडेय,प्रवेश पांडेय,सदानंद पांडेय, प्रवीण पाठक,अरुण पाण्डेय,रितेश पांडेय,रणजीत पांडेय समेत अन्य मौजूद थे।

### बनवारी साहू महाविद्यालय का वेबसाइट शुरू

**लातेहार।** जिला मुख्यालय में संचालित बनवारी साहू महाविद्यालय का अधिकारिक वेबसाइट शुरू कर दिया गया है। बता दें कि इससे पहले महाविद्यालय के वेबसाइट को निरस्त कर दिया गया था। बुधवार को प्राचार्य पीके तिवारी ने महाविद्यालय का वेबसाइट बीएसकॉलेज. कॉम. इन का शुभारंभ स्मार्ट क्लास में किया। उन्होंने कहा कि अब महाविद्यालय के हर गतिविधियों की जानकारी महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं नये वेबसाइट पर कर सकते हैं। उन्होंने छात्रों को एक लक्ष्य निर्धारित कर आगे की पढ़ाई करने की सलाह दी। कहा कि सफलता के लिए परिश्रम आवश्यक हैं। सफलता के लिए कोई शॉर्टकट नहीं है। मौके पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारी व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### जिला अध्यक्ष ने मिठाई खिलाकर कार्यकर्ताओं को बधाई दी

**लातेहार।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) का 25 वां स्थापना दिवस समारोह गुरुवार को जिला कार्यलय में धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय राम विलास पासवान के फोटो पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। जिला अध्यक्ष ने केक काटकर और मिठाई खिलाकर कार्यकर्ताओं को बधाई दी। कार्यक्रम में नागेंद्र प्रसाद, शिवनंदन पासवान,राधिका पासवान, विकास दुबे, जोगेंद्र शुक्ला, शिव दर्शन पासवान, अवध नारायण सिंह, दिलीप प्रसाद, बालेश्वर प्रजापति,भरत प्रजापति,अरविंद कुमार,धनंजय पासवान, संजीत पासवान, विष्णु देव प्रसाद, सौरभ कुमार गुप्ता, कमलेश पासवान, महेश पासवान, मोहम्मद तसलीम,अशोक पासवान, लक्ष्मण कुमार, जगदीश प्रसाद,राजेश प्रसाद, आयु अंसारी समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## पेज एक के शेष

### हमारा संघर्ष जारी...

आज का यह दिन यह भी बताता है कि लोकतंत्र पर बढ़ते दबाव के बीच झारखंड की महान जनता एक साथ खड़ी है। आज हर गांव, हर शहर में एक आवाज गूंज रहा है अधिकार, समानता, एकता मतलब झारखंडियत की आवाज इसमें कोई संदेह न रखें। हमारी एकता ही हमारा सबसे बड़ा हथियार है। हेमंत सोरेन ने आगे लिखा है कि हमें न विभाजित किया जा सकता है, न ही शांत किया जा सकता है। जब-जब वे हमें पीछे धकेलते हैं, हम आगे बढ़ते हैं। जब-जब वे हमें शांत करना चाहते हैं, हमारी हूल, उलगुलान, क्रांति की आवाज और प्रखर होती जाती है क्योंकि हम झारखंडी हैं, और झारखंडी झुकते नहीं है। आज जब सामाजिक संरचना में गहरी दरारें पैदा हो रही हैं, तब हमें अपने पूर्वजों की उस एकता और हर झारखंडी को साथ ले कर चलने के संकल्प को पुनः दोहराना होगा। अपने अबुआ सरकार के लिए हर एक झारखंडी को बधाई। हमारी लड़ाई अटल है, अविराम है। संघर्ष जारी है और आखिरी सांस तक रहेगा।

### मुख्य अवर सचिव...

वहीं सीआईडी के डीजी अनुराग गुप्ता को प्रभारी डीजीपी बनाया है। वहीं मंजूनाथ भजन्त्री को रांची जिला दण्डाधिकारी एवं उपायुक्त नियुक्त किया गया है। मालूम हो कि उपरोक्त चारों अधिकारियों को चुनाव के वक्त चुनाव आयोग द्वारा अन्य विभागों में स्थानांतरित कर दिया गया था।

### सदन का विशेष...

#### कैबिनेट में इन पर भी लगी मुहर

मंईयां सम्मान योजना के तहत दिसंबर से हर हाल में 2500 रुपये देने का भी फैसला हुआ।

-असम के चाय बागानों में कार्यरत झारखंडियों की सुविधाओं के लिए एक विशेष सर्व दलीय समिति बनेगी और उसकी रिपोर्ट झारखंड सरकार को सौंपेगी।

-असम चाय बगान में काम रहे झारखंड के मूलवासियों की स्थिति को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल असम जाएगा

- वित्त विभाग को ये निर्देश दिया गया कि वह कोषांग गठित करें जो भारत सरकार के पास लंबित एक लाख 36 करोड़ रुपये लाने का कार्य करें। इसके लिए कानूनी कार्रवाई करें।

- जेपीएससी और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग का वार्षिक परीक्षा कैलेंडर 1 जनवरी 2025 से पहले जारी करने का निर्देश दिया गया।

-शहीद अग्निवीर अर्जुन महतो की माता हुलासी देवी को 10 लाख का चेक देने और उनके भाई बलराम महतो को नियुक्ति पत्र सौंपा। अर्जुन असम में 22 नवंबर को एक मुठभेड़ में बलिदान हो गए थे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# अडानी व संभल मामले को ले लोस व रास की कार्यवाही स्थगित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही गुरुवार को भी विपक्ष के हंगामें की भेंट चढ़ गई। दोनों सदनों में अडानी रिश्वत और संभल मामले पर हुए हंगामे के चलते पहले कार्यवाही 12 बजे और बाद में दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी और नांदेड़ सांसद रवीन्द्र चव्हाण ने सदस्यता की शपथ ली। इसके बाद कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। दोपहर में दोबारा कार्यवाही शुरू होने पर भी विपक्ष का हंगामा जारी रहा। नतीजतन, कार्यवाही को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया गया। लोकसभा में आज ध्वनिमत से वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 पर बनी संसद की संयुक्त संसदीय समिति का कार्यकाल बजट सत्र के अंतिम दिन तक बढ़ाये जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। प्रस्ताव को समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल की ओर से रखा गया।


इस दौरान संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने लोकसभा की कार्यवाही नहीं चलने देने के लिए विपक्ष की निंदा की। उन्होंने कहा कि कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में सभी सदस्य विधेयकों पर चर्चा करने और कामकाज को ठीक से चलने देने के लिए राजी हुए थे। हालांकि यहां हंगामा हो रहा है। उन्होंने वक्फ संबंधित समिति का कार्यकाल बढ़ाये जाने के दौरान भी विपक्ष के हंगामा करने की निंदा की। उन्होंने कहा कि सर्वसम्मति से समिति का कार्यकाल बढ़ाये जाने पर सहमति बनी थी लेकिन प्रस्ताव पर मतदान के दौरान विपक्ष हंगामा कर रहा है। इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष को संविधान की 75वीं वर्षगांठ का ध्यान दिलाते हुए कहा कि संविधान सभा में भी असहमति थी और बहस हुई हैं लेकिन इस तरह का हंगामा ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि संविधान के 75 वर्षों के दौरान संविधान सभा में भी बहसें हुईं, असहमति और सहमति भी बनीं लेकिन सभी ने मर्यादित आचरण बनाए रखा। वे विपक्ष को हर मुद्दे पर पर्याप्त समय और अवसर देंगे।

इस बीच राज्यसभा में भी कार्यवाही बाधित रही। सुबह कार्यवाही की शुरूआत में विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने श्री चित्रा तिरुनल इंस्टीट्यूट फॉर मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी, तिरुवनंतपुरम में चुनाव के लिए प्रस्ताव पेश किया जिसे राज्यसभा ने स्वीकृत कर दिया। राज्यसभा की कार्यवाही को पहले 12 बजे तक के लिए स्थगित किया गया। उसके बाद कार्यवाही शुरू होने पर विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। नतीजतन, सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। इस दौरान सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि हमारी राष्ट्रीय भावना सदन से गूंजनी चाहिए। संसदीय व्यवधान कोई उपाय नहीं है बल्कि यह एक रोग है। यह हमारी नींव को कमजोर करता है और संसद को अप्रासंगिक बना देता है। हमें इसकी प्रासंगिकता सुनिश्चित करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब हम रचनात्मक चर्चा से भटक जाते हैं, तो हम उन लाखों लोगों के विश्वास का सम्मान करने में विफल हो जाते हैं, जो हमें अपनी लोकतांत्रिक आकांक्षाओं के संरक्षक के रूप में देखते हैं।

## वक्फ पर जेपीसी का कार्यकाल बढ़ा

## नियमों से विचलन करना इस मंदिर का अपमान है : सभापति जगदीप धनखड़

नई दिल्ली। राज्य सभा में गुरुवार को अडाणी मामले पर नियम 267 के तहत चर्चा की मांग को लेकर हुए हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी गई। सभा की शुरूआत में अवरोध के बीच सभापति जगदीप धनखड़ ने सदस्यों से अनुशासन और शिष्टाचार बनाए रखने की अपील की। उन्होंने सदस्यों से संसदीय प्रक्रिया के नियमों का पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह सदन केवल बहस का मंच नहीं है, यहां से हमारी राष्ट्रीय भावना को गूंजना चाहिए। संसदीय अवरोध कोई समाधान नहीं है, यह एक रोग है। यह हमारी नींव को कमजोर करता है। यह संसद को अप्रासंगिकता की ओर ले जाता है। हमें अपनी प्रासंगिकता बनाए रखनी होगी। जब हम इस तरह के आचरण में संलग्न होते हैं, तो हम संवैधानिक व्यवस्था से भटक जाते हैं। हम अपनी जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ लेते हैं। यदि संसद लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करने के अपने संवैधानिक कर्तव्य से भटकती है, तो हमें राष्ट्रवाद को पोषित करना और लोकतंत्र को आगे बढ़ाना चाहिए। सदन में सदस्य जयराम रमेश के एक प्रश्न के उत्तर में सभापति ने कहा, यह एक अच्छा प्रश्न है, जो मेरे प्रिय मित्र जयराम रमेश द्वारा उठाया गया है। उन्होंने पूछा है कि आसन (चेयर) को कैसे प्रभावित कर सकते हैं? यह एक महत्वपूर्ण प्रश्न है, इसलिए मैं इसका उत्तर देना चाहता हूं। ऐतिहासिक रूप से हम आसन को केवल तभी प्रभावित कर सकते हैं, जब हम नियमों के उच्चतम मानकों का पालन करें। जैसा कि मैंने कल कहा था, आसन के निर्णय का सम्मान होना चाहिए, उसे चुनौती नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने आगे कहा, नियम इतने व्यापक हैं कि वे हर सांसद को योगदान देने का अवसर प्रदान करते हैं। मुझे पिछले सत्र की ओर ध्यान दिलाने दें, जब हमने समय का आवंटन किया था लेकिन वक्ताओं की कमी के कारण हम उस समय का उपयोग नहीं कर सके। इसलिए नियमों के अनुसार अपनी चिंताओं को व्यक्त करने में कोई बाधा नहीं है। नियमों से किसी भी प्रकार का विचलन इस मंदिर का अपमान करने के समान है।



## संविधान की प्रति हाथ में लेकर प्रियंका गांधी ने लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ ली



कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने गुरुवार को लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। प्रियंका गांधी केरल की वायनाड सीट से सांसद चुनी गई हैं। सांसद पद की शपथ लेने के दौरान प्रियंका गांधी के हाथ में भारतीय संविधान की एक कॉपी थी।

## इमरान प्रतापगढ़ी की पोस्ट पर भाजपा का शायराना पलटवार

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने गुरुवार को लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। इसके बाद कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने शायरना अंदाज में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया। इमरान ने साथ ही सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा की तस्वीर शेयर की। कांग्रेस नेता ने तस्वीर के कैप्शन में लिखा, **सियासत भी संभालेंगे, विरासत भी संभालेंगे... जरा कुछ दिन ठहर जाओ हुकूमत भी संभालेंगे**। इमरान प्रतापगढ़ी



की इस पोस्ट पर भाजपा नेता डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल ने शायराना अंदाज में ही प्रतिक्रिया दी। पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, **न हुकूमत ही रहेगी न विरासत ही रहेगी। ठहर जाओ कुछ दिन सियासत ही न रहेगी।**

## पीएम मोदी को जान से मारने की धमकी, महिला हिरासत में

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जान से मारने की धमकी देने वाली महिला को मुंबई पुलिस की टीम ने हिरासत में लिया है।



आरोपित महिला से पूछताछ चल रही है। मुंबई पुलिस ने इस धमकी भरे कॉल की जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय को भी दी है। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि मुंबई पुलिस सेंट्रल कंट्रोल रूम में एक महिला कॉलर ने फोन कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मारने की योजना बनाई गई है। इसके बाद महिला कॉलर ने फोन कट कर दिया था। इस कॉल की जांच की गई और इस सिलसिले में एक महिला शीतल चव्हाण को हिरासत में लिया गया है। पुलिस महिला से पूछताछ कर धमकी भरे कॉल की सच्चाई जानने का प्रयास कर रही है।

## डॉ राजेंद्र प्रसाद स्मारक व्याख्यान देंगे हरिवंश

**नई दिल्ली।** आकाशवाणी के प्रतिष्ठित 'डॉ राजेंद्र प्रसाद स्मारक व्याख्यानमाला' में इस बार राज्यसभा के उपसभापति



हरिवंश नारायण सिंह का व्याख्यान होगा। इस बार का विषय है 'वैश्विक क्षितिज पर भारत की बढ़ती भूमिका'। यह आयोजन 29 नवंबर को नई दिल्ली स्थित आकाशवाणी भवन परिसर के रंग भवन में शाम चार बजे से होगा। यह जानकारी राज्यसभा के अधिकारियों ने दी। इस व्याख्यान का रेडियो पर प्रसारण हर साल, भारत रत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती के अवसर पर तीन दिसंबर को होता है।

## लश्कर-ए-तैयबा आतंकी सलमान खान प्रत्यर्पित कर लाया गया भारत

**नई दिल्ली।** लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक प्रमुख भगोड़े आतंकी सलमान रहमान खान को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) सीबीआई के साथ समन्वय करते हुए गुरुवार को रवांडा से प्रत्यर्पित कर भारत ले आई। एनआईए के मुताबिक सलमान को 27 नवंबर को रवांडा जांच ब्यूरो (आरआईबी), इंटरपोल और एनसीबी की सहायता से एनआईए ने हिरासत में लिया और आज सुबह भारत लाया गया। बेंगलुरु की एनआईए स्पेशल कोर्ट ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी का गैर-जमानती वारंट जारी किया था। इंटरपोल के रेड नोटिस के बाद सलमान को किगाली, रवांडा में अधिकारियों ने पकड़ा था। एनआईए जांच से पता चला था कि सलमान पहले पोक्सो मामले में (2018-2022) जेल में बंद रहा। यहां आतंकी मामले में आजीवन कारावास की सजा पाए टी. नसीर ने उसे कट्टरपंथी बनने और भर्ती होने के प्रेरित किया।

## संभल हिंसा: 3 और गिरफ्तार 45 उपद्रवियों के पोस्टर जारी

**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल में शाही जामा मस्जिद के सर्वे को लेकर हुई हिंसा मामले में पुलिस ने तीन और लोगों को गिरफ्तार किया है। अब तक कुल गिरफ्तार लोगों की संख्या 31 हो गई है। गुरुवार को जिन तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है उनकी पहचान आमिर पठान, मोहम्मद अली और फैजान अब्बासी के रूप में हुई है। इससे पहले पुलिस ने बुधवार देर रात शांति भंग के मामले में फरहत नाम के शख्स को गिरफ्तार किया था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गिरफ्तार किए गए तीनों लोगों ने पुलिस को 50 और दंगाइयों के बारे में बताया है। फिलहाल, पुलिस की कार्रवाई जारी है। बता दें कि पुलिस ने बीते बुधवार को संभल हिंसा में शामिल लोगों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर 45 उपद्रवियों के पोस्टर जारी किए थे।

## दिल्ली के प्रशांत विहार इलाके में फिर विस्फोट, एक युवक घायल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रोहिणी में प्रशांत विहार में पीवीआर मल्टीप्लेक्स के पास आज दोपहर एक विस्फोट हुआ, जिसमें एक व्यक्ति मामूली रूप से घायल हो गया। हालांकि, यह कम तीव्रता वाला विस्फोट था। यह विस्फोट भी उसी इलाके में एक पार्क के निकट एक दुकान के सामने हुआ, जहां पिछले महीने विस्फोट हुआ था, जिससे केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) स्कूल की दीवार क्षतिग्रस्त हो गई थी। दिल्ली पुलिस के अनुसार पूर्वाह्न करीब 11.47 बजे प्रशांत विहार इलाके में एक मिठाई की दुकान के सामने विस्फोट की सूचना मिली। उस वक्त वहां पर मौजूद चेतन कुशवाह (28) नामक व्यक्ति मामूली रूप से घायल हो गया। वह थ्रीव्हीलर चालक है और विस्फोट के समय वहां



मौजूद था। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। बम डिटेक्शन टीम, डॉग स्क्वॉड, पुलिस, एनएसजी कमांडो और दिल्ली दमकल विभाग की टीम के मौके पर पहुंचने के तुरंत बाद पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई। मौके से सफेद पाउडर बरामद किया गया है। विस्फोट के बारे में अधिक जानकारी का पता लगाने के लिए जांच जारी है। दिल्ली पुलिस के जनसंपर्क अधिकारी, एडिशनल सीपी संजय कुमार त्यागी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि एक व्यक्ति को मामूली चोटें आई हैं।

## सीरिया में विद्रोही समूहों का बड़ा हमला 89 लोगों की मौत

**दमिश्क।** हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) विद्रोही समूह और उसके सहयोगी गुटों ने अलेप्पो प्रांत के पश्चिमी ग्रामीण इलाकों में सीरियाई सैन्य ठिकानों पर बड़ा हमला किया। बुधवार की झड़पों में 89 लोगों की मौत हो गई, जिनमें एचटीएस और उसके समर्थक गुटों के 52 लड़ाके और सीरियाई सरकारी बलों के 37 सैनिक शामिल थे। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने बताया कि एचटीएस और अल-फतह अल-मुबीन ऑपरेशन रूम के गुटों ने ऑपरेशन शुरू होने के 12 घंटे से भी कम समय में 21 गांवों, कस्बों और रणनीतिक स्थलों पर नियंत्रण कर लिया। पांच सीरियाई सैनिकों को एचटीएस ने बंधक बना लिया और हथियार डिपो, बख्तरबंद वाहन और भारी हथियार भी जब्त कर लिए।

## पं. धीरेंद्र शास्त्री की पदयात्रा में शामिल हुए राजा भैया

### मप्र के निवाड़ी में बोले-ऐसी और यात्राओं की जरूरत

एजेंसी

**निवाड़ी/भोपाल।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण



शास्त्री द्वारा निकाली जा रही सनातन हिन्दू एकता पदयात्रा आठवें दिन गुरुवार सुबह निवाड़ी जिला मुख्यालय से बरुआ सागर के लिए रवाना हुई। पदयात्रा में उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले की कुंडा विधानसभा सीट से विधायक और पूर्व मंत्री रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि एक यात्रा से सब कुछ बदलना मुश्किल है। समाज में जागरुकता



के लिए यह एक शुरूआत है। ऐसी और यात्राओं की जरूरत है, ताकि समाज में स्थायी बदलाव लाया जा सके। राजा भैया ने कहा कि पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की ओर से यह बहुत ही सकारात्मक और सराहनीय पहल है। कुछ नेता जानबूझकर जातिवाद फैला रहे हैं, जिससे हमारा राष्ट्र कमजोर हो।

## मानव तस्करी के खिलाफ एनआईए की 6 राज्यों में 22 स्थानों पर छापेमारी

**नई दिल्ली।** एनआईए ने मानव तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गुरुवार को छह राज्यों में 22 स्थानों पर छापेमारी की है। यह कार्रवाई बिहार, उत्तर प्रदेश और दिल्ली सहित कई अन्य स्थानों पर गुरुवार को सुबह-सुबह शुरू हुई और स्थानीय पुलिस बलों के साथ समन्वय करके तलाशी अभियान चलाए गए। अधिकारियों के अनुसार तलाशी में संगठित तस्करी नेटवर्क से जुड़े व्यक्तियों और संगठनों पर ध्यान केन्द्रित किया गया। एनआईए ने विशिष्ट खुफिया सूचनाओं के आधार पर ऑपरेशन शुरू किये। यह अभियान एक अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी गिरोह की जांच का हिस्सा है, जिसमें विदेशी संलिप्तता होने की आशंका है। सूत्रों के अनुसार बिहार के गोपालगंज जिले के कई लोगों को विदेश में नौकरी दिलाने के बहाने बहला-फुसलाकर फर्जी कॉल सेंटरों में ले जाया गया, जहां उन्हें साइबर धोखाधड़ी योजनाओं पर काम करने के लिए मजबूर किया गया। एनआईए को इस रैकेट में म्यांमार और लाओस से जुड़े होने का संदेह है।

## दिल्ली के छापेमारी करने गई ईडी टीम पर हमला, अफसर घायल

**नई दिल्ली।** राजधानी के बिजवासन इलाके में एक फार्म हाउस पर छापा मारने गई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। इस हमले में ईडी के एक अतिरिक्त निदेशक घायल हो गए। प्रवर्तन निदेशालय के बिजवासन इलाके में एक चार्टर्ड अकाउंटेंट के यहां फार्महाउस पर छापेमारी करने गई ईडी की टीम पर हमला किया गया।

## भारतीय रेलवे ने फेस्टिव सीजन में टिकट बिक्री से कमाए 12,159 करोड़ रुपये

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने इस साल 1 सितंबर से 31 अक्टूबर तक के त्योहारी सीजन के दौरान टिकट बिक्री से 12,159.35 करोड़ रुपये की कमाई की। भारतीय रेलवे से जुड़े इन आंकड़ों को संसद में पेश किया गया। दो महीने की अवधि में गणेश चतुर्थी, दशहरा और दीपावली जैसे त्योहार थे, इस दौरान ट्रेन से यात्रा करने वाले यात्रियों



की संख्या में बढ़ोतरी देखने को मिली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में एक सवाल के जवाब में टिकट बिक्री से राजस्व के बारे में जोन वाइज आंकड़े साझा किए। रेल मंत्री द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 1 सितंबर से 10 नवंबर के बीच 143.71 करोड़ यात्रियों ने ट्रेन से यात्रा की। सेंट्रल जोन में 31.63 करोड़ यात्री आए, जो यात्रियों की सबसे बड़ी संख्या रही। पश्चिमी जोन 26.13 करोड़ यात्रियों के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि पूर्वी जोन 24.67 करोड़ यात्रियों के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले की निंदा, प. बंगाल विस में उठा मामला

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान गुरुवार को बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे हमले और इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस (इस्कॉन) के मठाधीश चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी का मामला जोर-शोर से उठाया गया। आल इंडिया सेक्युलर फ्रंट (एआईएसएफ) के विधायक नौशाद सिद्दीकी ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए शांति बहाल करने की अपील की। मीडिया से बातचीत में एआईएसएफ के विधायक नौशाद सिद्दीकी ने कहा, बांग्लादेश में हो रही घटनाएं अस्वीकार्य हैं। यह एक अंतरराष्ट्रीय मुद्दा है और इस तरह की घटनाओं को तुरंत रोका जाना चाहिए। हम लगातार वहां अल्पसंख्यकों पर हमले और अत्याचार की खबरें सुन रहे हैं। मैं प्रार्थना करता हूं कि बांग्लादेश में जल्द ही शांति बहाल हो। इससे पहले आज सुबह मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी इस मुद्दे पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी सरकार केंद्र सरकार के रुख का पूरी तरह समर्थन करेगी। उन्होंने कहा, मैं अल्पसंख्यकों पर हमले, चाहे वह भारत में हों या विदेश में हमेशा खिलाफ हूं।

गौरतलब है कि तृणमूल कांग्रेस के महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी ने भी बुधवार को केंद्र सरकार के कदमों का समर्थन करते हुए कहा कि बांग्लादेश के हालात को लेकर उनके प्रयास सराहनीय हैं। वहीं कल भाजपा विधायकों और कार्यकर्ताओं ने नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में विधानसभा परिसर में विरोध प्रदर्शन किया था। उन्होंने इस्कॉन मठाधीश की गिरफ्तारी और हिंदुओं पर हमलों के खिलाफ आवाज उठाई।

## बांग्लादेश हाई कोर्ट का इस्कॉन की गतिविधियों पर बैन लगाने से इनकार

**ढाका।** बांग्लादेश हाई कोर्ट ने इस्कॉन की गतिविधियों पर रोक लगाने से साफ इनकार कर दिया। कोर्ट ने गुरुवार को इस्कॉन की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने पर स्वतः संज्ञान लेते हुए आदेश पारित करने से इनकार कर दिया। इस संबंध में बुधवार को सुप्रीम कोर्ट के वकील मोनिरुज्जमां ने जस्टिस फराह महबूब और जस्टिस देबाशीष रॉय चौधरी की पीठ के सामने इस्कॉन की गतिविधियों पर रोक लगाने वाली अर्जी दाखिल की थी। इससे पहले बांग्लादेश की सरकार ने भी कोर्ट में इस्कॉन को 'कट्टरपंथी संगठन' कहा। अटॉर्नी जनरल की ओर से डिप्टी अटॉर्नी जनरल असदउद्दीन ने कहा कि सरकार इस घटना को लेकर पूरी तरह सख्त है। अब तक इस संबंध में 33 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इसके अलावा, सीसीटीवी के जरिए छह लोगों की पहचान हो चुकी है। सरकार की ओर से अदालत में कहा गया है कि इस मामले



में आरोपियों से पूछताछ कर आगे की रूपरेखा निर्धारित की जाएगी। हमारी पुलिस इस पूरे मामले को लेकर सख्त और गंभीर है। वहीं, इस्कॉन पर प्रतिबंध लगाने के संबंध में जज ने कहा कि हमें सरकार की जिम्मेदारी पर पूरी तरह से भरोसा है। इस मामले में सरकार की ओर से जो भी कार्रवाई की गई है, हम उससे पूरी तरह से संतुष्ट हैं।

## चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी 'गलत', तुरंत होनी चाहिए रिहाई : शेख हसीना

नई दिल्ली। बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना ने पुजारी चिन्मय कृष्ण दास



ब्रह्मचारी की गिरफ्तारी की कड़ी निंदा करते हुए उनकी तुरंत रिहाई की मांग की है। उन्होंने कार्यवाहक सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वह लोगों को सुरक्षा देने में नाकाम रही। आवामी लीग की अध्यक्ष ने कहा, "सनातन धर्म के एक शीर्ष नेता को गलत तरीके से गिरफ्तार किया गया है, उन्हें तुरंत रिहा किया जाना चाहिए।